शुक्रवार, 10 जुलाई 2026

मौसम

तापमान 26 – 30
आर्द्रता 84%
सूर्योदय: 04:59 सूर्यास्त: 18:25

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष दशमी, वि.स. 2083, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



आस्ट्रेलिया लौटाएगा भारत से जुड़ी तीन प्राचीन कलाकृतियां पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : फूल गवाह है कि अक्सर तोड़े वही जाते हैं जो अच्छे होते हैं।

# टीएमसी के तीन पूर्व राज्यसभा सांसद भाजपा में शामिल

## शामिल होने के कुछ ही घंटों के भीतर तीनों पूर्व सांसदों को थमाया राज्यसभा का टिकट

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के बाद राजनीतिक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। हाल में तृणमूल कांग्रेस छोड़ने वाले तीनों पूर्व राज्यसभा सदस्यों– सुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बराइक ने गुरुवार को भाजपा का दामन थाम लिया। तृणमूल के तीनों पूर्व नेताओं ने कोलकाता के साल्टलेक स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में बंगाल भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बता दें कि विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की करारी हार व पार्टी में बगावत के बीच तीनों नेताओं ने पिछले महीने राज्यसभा की सदस्यता और पार्टी, दोनों से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, भट्टाचार्य ने इसे नीतिगत बदलाव नहीं, बल्कि 'असाधारण परिस्थितियों में लिया गया फैसला' बताया। उन्होंने कहा कि हमने कहा था कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के लिए हमारे दरवाजे बंद हैं और हम आज भी अपने उस रुख पर कायम हैं। लेकिन जिन लोगों ने भ्रष्टाचार नहीं किया, जनता पर अत्याचार नहीं किए, नौकरियां नहीं बेचीं और लोगों के अधिकार नहीं छीने, उनका तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ हमारी लड़ाई में शामिल होने के लिए हमेशा स्वागत है। भट्टाचार्य ने कहा कि इन तीनों पूर्व सांसदों का अनुभव राज्य में भाजपा को और मजबूत करेगा। इस अवसर पर सुष्मिता देव ने अपनी पूर्व पार्टी पर भ्रष्टाचार को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के बाद ही मुझे एहसास हुआ कि भ्रष्टाचार किस हद तक हो सकता है। मेरे आलोचक मेरी कई कमियां गिना सकते हैं, लेकिन कोई यह नहीं कह सकता कि मेरा भ्रष्टाचार से कोई संबंध रहा है। सुखेंदु शेखर राय ने भी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की।



इधर, पार्टी में शामिल होने के कुछ घंटे बाद ही भाजपा ने देर शाम तीनों को राज्यसभा की खाली हुई तीन सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। तीनों के इस्तीफे के चलते राज्यसभा की खाली हुई तीन सीटों पर 24 जुलाई को उपचुनाव होना है। उपचुनाव के लिए 14 जुलाई तक नामांकन होना है। इन तीन सीटों पर भाजपा की जीत के बाद बंगाल से राज्यसभा में भाजपा के सदस्यों की संख्या पांच हो जाएगी। फिलहाल बंगाल से राज्यसभा में भाजपा के दो सदस्य– शमिक भट्टाचार्य और राहुल सिन्हा हैं।

# भारत–ऑस्ट्रेलिया के बीच परमाणु ऊर्जा व रक्षा सहयोग को नई मजबूती

## 18 अहम समझौतों पर हस्ताक्षर



**मेलबर्न :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के बीच गुरुवार को हुई शिखर वार्ता में भारत और ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा, ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, साइबर सुरक्षा और शिक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों में 18 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं ने स्वतंत्र, शांतिपूर्ण और नियम–आधारित हिंद–प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई तथा द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाई देने पर सहमति जताई।बैठक की सबसे बड़ी उपलब्धि असैन्य परमाणु ऊर्जा समझौता रही, जिसके तहत ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम की व्यावसायिक आपूर्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे भारत की स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं को गति मिलेगी और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी। दोनों देशों ने महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु कार्रवाई में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की।रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों ने संयुक्त रक्षा एवं सुरक्षा घोषणा और समुद्री सुरक्षा सहयोग रोडमैप जारी किया। इसके तहत हिंद–प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, संयुक्त सैन्य अभ्यास, रक्षा उद्योग, जहाज निर्माण, मरम्मत एवं रखरखाव तथा सैन्य सूचनाओं के आदान–प्रदान को बढ़ावा दिया जाएगा। भारतीय तटरक्षक बल और ऑस्ट्रेलिया की समुद्री सीमा कमान के बीच भी सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर हुए।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया समान विचार वाले लोकतांत्रिक देश हैं और उनकी साझेदारी क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, साइबर सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और शिक्षा के क्षेत्रों में हुए समझौते भविष्य की रणनीतिक आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) और द्विपक्षीय निवेश संरक्षण संधि को शीघ्र अंतिम रूप देंगे। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भारत को ऑस्ट्रेलिया का प्रमुख रणनीतिक और सुरक्षा साझेदार बताते हुए कहा कि दोनों देशों के संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा समझौते से ऑस्ट्रेलिया भारत को यूरेनियम निर्यात कर सकेगा, जिससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।बैठक के दौरान साइबर सुरक्षा, आपूर्ति शृंखला, अंतरिक्ष सहयोग और शिक्षा के क्षेत्र में भी नई पहल की गई। विक्टोरिया विश्वविद्यालय को गुरुग्राम तथा फ्लिंडर्स विश्वविद्यालय को बेंगलुरु में परिसर स्थापित करने की मंजूरी दी गई। दोनों नेताओं ने आतंकवाद, उग्रवाद और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भी व्यापक चर्चा की तथा क्वाड के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने भारत के रक्षा उपकरणों की क्षमता एवं विश्वसनीयता देखी: मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान जब सीमापार आतंकवादियों के ठिकानों पर विस्फोट हो रहे थे तब दुनिया ने भारत के रक्षा उपकरणों की क्षमता और विश्वसनीयता देखी। उन्होंने यह बात यहां प्रवासी भारतीयों के कार्यक्रम 'मेलबर्न मीट्स मोदी' में कही। इस कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज भी उपस्थित थे। मोदी ने कहा, ''दुनिया हमारे रक्षा क्षेत्र की क्षमता और विश्वसनीयता देख रही है। आपने 'ऑपरेशन सिंदूर' में इसका प्रदर्शन जरूर देखा होगा।'' उन्होंने कहा, ''धमाके आतंकवादियों के ठिकानों पर हो रहे थे और उनकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही थी।'' स्टेडियम में दर्शकों की तालियों और उत्साह के बीच मोदी ने पूछा, ''क्या आपको आतंकवादी शिविरों पर की गयी गई कार्रवाई पर गर्व महसूस हुआ?''

# नाबालिग से यौन उत्पीड़न की जानकारी रखने वाले व्यक्ति को इसकी सूचना देनी होगी : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि किसी नाबालिग से यौन उत्पीड़न के बारे में प्राप्त जानकारी को विश्वसनीय माना जायेगा और ऐसी जानकारी रखने वाला व्यक्ति पॉक्सो अधिनियम के तहत पुलिस समेत संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना देने के लिए बाध्य होगा। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने इस सवाल की व्याख्या की कि किसी व्यक्ति को कब यह माना जा सकता है कि उसे यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत अपराध किये जाने की जानकारी है। पीठ ने कहा कि ''ऐसे अपराध के किए जाने की जानकारी होना'' केवल प्रत्यक्ष जानकारी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें नाबालिग से सीधे प्राप्त सूचना के आधार पर अपराध के होने की जानकारी होना भी शामिल होगा। उच्चतम न्यायालय ने कहा, ''इसलिए, इस अधिनियम के उद्देश्य से, जब कोई बाल पीड़ित किसी व्यक्ति को यह बताता है कि उसके साथ इस अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध हुआ है या उसके साथ ऐसा अपराध होने की आशंका है, तो यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि जिस व्यक्ति को बाल पीड़ित ने यह जानकारी दी है, उसे इस बात की जानकारी है कि ऐसा अपराध किया गया है या किये जाने की आशंका है।''

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# 25 महीने में पैसा दोगुना का लालच देकर करोड़ों की ठगी, 6 गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा सिटी पुलिस की डिटेक्टिव डिपार्टमेंट (डीडी) ने 25 महीने में निवेश की राशि दोगुनी करने का लालच देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक फर्जी निवेश कंपनी के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कंपनी के तीन निदेशकों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में करीब 16 करोड़ रुपये के वित्तीय घोटाले के संकेत मिले हैं। गिरफ्तार आरोपियों में कंपनी के निदेशक सुजय कांजीलाल, उनकी मां नमिता कांजीलाल, पत्नी सुद्रिशा कांजीलाल तथा कंपनी के कर्मचारी तनुश्री बंद्योपाध्याय, अनिर्बाण कुंडू और अभिषेक पाल शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बेलिलियस रोड निवासी एक शिकायतकर्ता द्वारा बाटरा थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर डीडी ने जांच शुरू की। आरोप है कि मई 2024 में शिकायतकर्ता और उसके परिवार के सदस्यों को 25 महीने में निवेश की राशि दोगुनी करने का झांसा देकर कुल 13 लाख रुपये निवेश कराए गए। शुरुआत में विश्वास जीतने के लिए कुछ राशि लौटाई गई, लेकिन बाद में भुगतान पूरी तरह बंद कर दिया गया। जांच में सामने आया कि ब्लूमवेल्थ ब्रांड इक्विटी ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी कथित तौर पर चिटफंड की तर्ज पर संचालित की जा रही थी। आरोप है कि कंपनी ने पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में अधिक मुनाफे का लालच देकर बड़ी संख्या में लोगों से निवेश कराया और बाद में धन का कथित गबन कर लिया। पुलिस के मुताबिक, कंपनी के खिलाफ हावड़ा के बाटरा, शिबपुर, चटर्जीहाट और बी–गार्डेन थानों के अलावा पूर्व वर्दवान, मगरा तथा कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। अब तक की जांच में हावड़ा, पूर्व वर्दवान और कोलकाता सहित विभिन्न क्षेत्रों से निवेशकों का पैसा जुटाए जाने के प्रमाण मिले हैं। हावड़ा सिटी पुलिस के डिटेक्टिव डिपार्टमेंट के डीसीपी राहुल मिश्रा ने गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में कई अन्य लोगों की संलिप्तता के संकेत मिले हैं। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर कंपनी के वित्तीय लेन–देन, अन्य आरोपियों की भूमिका तथा ठगी के शिकार निवेशकों की वास्तविक संख्या का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने संकेत दिया है कि जांच आगे बढ़ने के साथ इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।



# सीआईएसएफ ने बंगाल, झारखंड में विशेष अभियान में 428 मीट्रिक टन से ज्यादा अवैध कोयला जब्त किया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने झारखंड और पश्चिम बंगाल की खदानों से कोयले की चोरी और अवैध निकासी रोकने के लिए पांच दिवसीय विशेष अभियान के दौरान 428 मीट्रिक टन से अधिक कोयला बरामद किया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अर्द्धसैन्य बल के जवानों और त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) ने दोनों पड़ोसी राज्यों में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की कोयला खदानों के कई एकड़ क्षेत्र में अभियान चलाया। सीआईएसएफ को देश के प्रमुख कोयला क्षेत्रों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। केंद्र सरकार ने हाल में सीआईएसएफ को खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत तलाशी और जब्ती अभियान चलाने के लिए अधिकृत एजेंसी के रूप में नामित किया है, ताकि उसके अधिकार क्षेत्र वाली कोयला खदानों से कोयले की चोरी पर रोक लगाई जा सके। सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''केंद्र सरकार की 'जीरो कोल लीकेज' पहल के तहत चार से आठ जुलाई के बीच चलाए गए इस अभियान में अवैध रूप से खनन, भंडारित या परिवहन किए जा रहे 428.34 मीट्रिक टन कोयले को बरामद किया गया। इस दौरान चार प्राथमिकी दर्ज की गई और कोयला के अवैध खनन व परिवहन में इस्तेमाल किए जा रहे ट्रक, 13 मोटरसाइकिल तथा अन्य उपकरणों को जब्त किया गया।'' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पांच जुलाई को देश में अवैध कोयला खनन और चोरी की स्थिति की समीक्षा की थी। इस दौरान उन्होंने सीआईएसएफ को ''जीरो कोल लीकेज'' योजना लागू करने का निर्देश दिया।



राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला

# चढ़ावे का पैसा ब्याज पर बांटा और शेयर बाजार में निवेश किया गया

**चंपत राय बंसल , अनिल मिश्रा और गोपाल राव के वीआईपी दर्शन पास की आईडी ब्लॉक**

**अयोध्या :** उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी की जांच कर रही पुलिस ने पाया कि कथित तौर पर चुराए गये रुपयों का एक हिस्सा शेयर बाजार में निवेश किया गया था और ब्याज पर उधार दिया गया था। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, कई लेनदेन रिश्तेदारों और करीबी सहयोगियों के बैंक खातों के माध्यम से किए गए थे। सूत्रों ने बताया कि जांच के तहत पुलिस बृहस्पतिवार सुबह आरोपी अनुकल्प मिश्रा को उसके घर पर ले गई और करीब 20 मिनट तक तलाशी ली। इस दौरान उसके परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ की गई। इससे पहले बुधवार को पुलिस इसी तरह सह–आरोपियों लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडे को उनके घरों पर ले गई थी, जहां तलाशी ली गई थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों करुणेश पांडे, अनुकल्प मिश्रा और लवकुश मिश्रा के रिश्तेदारों के 30 बैंक खातों में लेन–देन पर रोक लगा दी है। सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में इन खातों में खाताधारकों की ज्ञात आय के स्रोतों से अधिक लेनदेन दर्ज पाए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, तीनों आरोपियों के घरों पर की गई तलाशी में नकदी के बंडल, झुमके और लॉकेट सहित सोने के आभूषण तथा एक कार बरामद की गई। पुलिस ने हालांकि बरामद नकदी की मात्रा का खुलासा नहीं किया और न ही यह बताया कि जब्त की गई वस्तुएं किस आरोपी के आवास से मिलीं।

# ईरान के 90 ठिकानों पर यूएस का हमला, भारत के बनाए चाबहार पोर्ट पर बमबारी, मैरीटाइम टॉवर उड़ाया

**अमेरिका, ईरान ने पश्चिम एशिया में एक–दूसरे पर हमले तेज किए**

**तेहरान/वॉशिंगटन:** अमेरिकी सेना ने ईरान के तटीय इलाकों में भारी पैमाने पर हमले किए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि इन हमलों में ईरान के लगभग 90 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया है, जिसमें एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल, ड्रोन भंडारण सुविधा और अन्य संपत्तियां शामिल थीं। अमेरिकी हमले में ईरान का बंदरगाह शहर चाबहार बुरी तरह चपेट में आया है। रिपोर्टों में बताया गया है कि चाबहार में भारत के बनाए बंदरगाह को निशाना बनाया है। ओपेन सोर्स इंटेल की रिपोर्ट के अनुसार, चाबहार पोर्ट के मैरीटाइम ट्रैफिक कंट्रोल टॉवर पर भी हमला किया गया है। इस चाबहार पोर्ट ईरान में नई दिल्ली का महत्वपूर्ण निवेश है, जो भारत को ईरान के रास्ते मध्य एशिया के देशों से जोड़ता है। यह बंदरगाह पाकिस्तान से गुजरे बिना भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक विस्तृत पहुंच देता है। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले दो दिन में अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम 14 लोगों की मौत हुई है और 78 लोग घायल हुए हैं। इनमें ज्यादातर सुरक्षा बलों के सदस्य बताए गए हैं। कुवैत की सेना ने कहा कि उसने तीन बैलिस्टिक मिसाइलें, एक क्रूज मिसाइल और 10 ड्रोन मार गिराए। बहरीन ने कहा कि उसने भी हमलों को रोका है। कतर में नुकसान के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली।

**भारत कर रहा नुकसान का आकलन**

सूत्रों के हवाले से बताया है कि चाबहार पोर्ट को निशाना बनाए जाने के बाद भारत इसके असल का आकलन कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि अमेरिकी हमलों में कितना नुकसान हुआ है, इसका अंदाजा मौके पर जाकर जांच करने के बाद ही लगाया जा सकेगा।

# अस्पतालों में खत्म होगा दलाल राज, स्वास्थ्य भवन में बना केंद्रीय कंट्रोल रूम : शुभेंदु अधिकारी

**मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य भवन का किया औचक दौरा, सभी सरकारी अस्पतालों पर होगी निगरानी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को सॉल्टलेक स्थित राज्य स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय स्वास्थ्य भवन का औचक दौरा किया और मरीजों की देखभाल में सुधार के उद्देश्य से शुरू की गई अस्पताल निगरानी प्रणाली की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी आधारित निगरानी प्रणाली शहर के 15–16 सरकारी अस्पतालों और कुछ जिलों में पहले से ही लागू है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस सुविधा का विस्तार 30 जुलाई तक सभी अनुमंडलीय अस्पतालों में भी किया जाए। अधिकारी ने कहा कि मैंने निर्देश दिया है कि लाइव निगरानी प्रणाली का विस्तार 30 जुलाई तक सभी अनुमंडलीय अस्पतालों में किया जाए। यह निगरानी केवल आपातकालीन वार्ड और ओपीडी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसमें रसोई, पार्किंग क्षेत्र, उचित मूल्य वाली दवा दुकानें और जनऔषधि केंद्र भी शामिल होंगे ताकि पारदर्शिता, स्वच्छता और मरीजों की बेहतर देखभाल सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि इससे सरकारी अस्पतालों में दलालों की गतिविधियों पर रोक लगेगी।



**एसएसकेएम अस्पताल में पूजा से पहले 250 बिस्तर बढ़ेंगे**

निगरानी सुविधा का निरीक्षण करने के बाद, मुख्यमंत्री ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री शारद्वत मुखर्जी और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने घोषणा की कि दक्षिण कोलकाता स्थित सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में इस साल दुर्गा पूजा से पहले 250 बिस्तर बढ़ाए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को अस्पताल की आईसीयू क्षमता को 112 बिस्तरों से बढ़ाकर 200 बिस्तर करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अस्पताल की 'बर्न यूनिट' को भी मजबूत करने की बात कही, जिसकी मौजूदा क्षमता केवल 60 बिस्तरों की है। मुख्यमंत्री ने आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की जरूरत पर भी जोर दिया और ट्रॉमा सेंटरों की क्षमता बढ़ाने को कहा ताकि वे एक साथ कम से कम 250 मरीजों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध करा सकें। उन्होंने कहा कि बड़ी दुर्घटनाओं और आपात स्थितियों को देखते हुए ऐसी सुविधा जरूरी है।

**न्यू टाउन में बनेगा 2,000 बेड का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, 1,000 बेड गरीबों के लिए आरक्षित**

उन्होंने यह भी घोषणा की कि राज्य सरकार ने न्यू टाउन में 2,000 बिस्तरों वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर के अस्पताल की स्थापना के लिए अदाणी समूह के साथ समझौता किया है। इसमें 1,000 बिस्तर गरीब मरीजों के लिए आरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर बने निजी अस्पतालों ने भी अपनी कुल बिस्तर क्षमता का 10 प्रतिशत हिस्सा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों के लिए नि:शुल्क आरक्षित करने पर सहमति जताई है।

**बच्चों, गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण योजनाओं के लिए राशि बढ़ाई गई**

मुख्यमंत्री ने मरीजों के कल्याण में सुधार के उद्देश्य से कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए तीन समय के भोजन पर प्रतिदिन होने वाले खर्च को 54 रुपये से बढ़ाकर 110 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चों, गर्भवती महिलाओं और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पोषण योजनाओं के तहत दी जाने वाली राशि भी बढ़ाई गई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अस्पतालों के पास उपलब्ध जमीन पर अतिरिक्त बुनियादी ढांचा विकसित कर मरीजों के परिजनों के ठहरने की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया।

**स्वास्थ्य कर्मियों, मरीजों और उनके परिजनों के सुरक्षा पर जोर**

अधिकारी ने कहा कि सरकार अस्पताल परिसरों से दलालों की भूमिका खत्म करने की दिशा में काम करेगी। साथ ही, सुरक्षा और जवाबदेही बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों, मरीजों और उनके परिजनों के लिए अलग–अलग रंग के पहचान पत्र भी शुरू किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को पर्याप्त प्रशासनिक सहयोग के साथ दबावमुक्त कार्य वातावरण उपलब्ध कराएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुलिस मामलों में कथित असहयोग के बारे में पूछे जाने पर अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे कानून के प्रावधानों के तहत मांगे गए सभी दस्तावेज और सूचनाएं समय पर उपलब्ध कराकर पुलिस को पूरा सहयोग दें।

# देशभर में मूसलाधार बारिश का कहर, कई राज्यों में जनजीवन अस्त–व्यस्त

**नई दिल्ली :** देश के कई हिस्सों में गुरुवार को हुई मूसलाधार मानसूनी बारिश ने व्यापक तबाही मचाई। दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, केरल तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एन–सीआर) में जलभराव, भूस्खलन, सड़क धंसने और बाढ़ जैसी घटनाओं से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए, यातायात ठप हो गया और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली में इस मानसून की सबसे तेज बारिश दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राजधानी के लिए रेड अलर्ट जारी किया। विकास मार्ग, आईटीओ, मुनिरका, द्वारका, जंगपुरा और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन सहित कई इलाकों में जलभराव से लंबा जाम लगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर अधिकारियों को जल निकासी तेज करने के निर्देश दिए।महाराष्ट्र के पिंपरी–चिंचवड़ में कचरे के ढेर के धंसने से इमारत गिरने की घटना में मलबे से एक और शव बरामद हुआ। अब तक नौ लोगों को बचाया जा चुका है, जबकि कई लोगों के फंसे होने की आशंका बनी हुई है। ठाणे जिले में भी भारी बारिश के कारण सैकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया तथा 136 मकान क्षतिग्रस्त हुए।उत्तराखंड में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं और भूस्खलन के कारण सौ से अधिक सड़कें बंद हो गईं। देहरादून समेत सात जिलों में रेड अलर्ट जारी करते हुए शुक्रवार को सभी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रखने के आदेश दिए गए।राजस्थान में चित्तौड़गढ़ और भरतपुर सहित कई जिलों में भारी वर्षा हुई। मौसम विभाग ने कुछ क्षेत्रों में अगले 24 घंटे तक तेज बारिश की चेतावनी जारी की है। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में अचानक आई बाढ़ से एक लोहे का पुल पानी में डूब गया, जिससे लिप्पा गांव का संपर्क कट गया। कई स्थानों पर भूस्खलन से सड़कें बाधित हुईं।केरल के वायनाड में भूस्खलन में दो और शव मिलने से मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई, जबकि तीन लोग अब भी लापता हैं।



नोएडा में मूसलाधार बारिश के बाद जलभराव से लबालब सड़क पर अपनी मोटरसाइकिल निकालने के लिए जूझता एक बाइक सवार

## अमेरिका के ऑपरेशन हॉर्ड बॉल के निहितार्थ

अमेरिका ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई व गोल्डी बराड़ के खिलाफ कई देशों में कार्रवाई करते हुए दो दर्जन लोगों को गिरफ्तार करने और नशीले पदार्थ व हथियार बरामद करने का दावा किया है। इतना ही नहीं कई अपराधों में वांछित गैंगस्टर गोल्डी बराड़ पर भी एफबीआई ने पचास हजार डॉलर का इनाम घोषित किया है। अमेरिकी अभियोजन पक्ष का दावा है कि इन गैंगों के गुर्गों के खिलाफ कार्रवाई में एफबीआई, लॉस एंजिल्स पुलिस, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस तथा अमेरिकी कस्टम्स एंड बॉर्डर अधिकारियों ने हिस्सा लिया। अमेरिका की यह ताबड़-तोड़ कार्रवाई कनाडा सरकार की उस घोषणा के तुरंत बाद आई है, जिसमें कहा गया था कि कनाडा के निज्जर हत्याकांड में भारत की कोई भूमिका नहीं थी। उल्लेखनीय है कि बहुचर्चित निज्जर हत्याकांड को लेकर पिछली जस्टिन ट्रूडो सरकार ने भारत सरकार के एक अधिकारी पर संलिप्तता के आरोप लगाए थे। जिसके चलते भारत व कनाडा के रिश्ते सबसे निचले स्तर तक जा पहुंचे थे। लेकिन नई सरकार ने ट्रूडो की थ्योरी को नकार दिया था। जिसके बाद ही अमेरिका की यह तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। कनाडा पुलिस के सूत्रों के अनुसार अमेरिका लारेंस बिश्नोई के प्रत्यार्पण की मांग करेगा। फिलहाल बिश्नोई गुजरात की एक जेल में 2015 से बंद है। बहरहाल, अमेरिकी एजेंसियों द्वारा चलाए गए 'हॉर्ड बॉल ऑपरेशन' में जिन 24 लोगों की गिरफ्तारियां हुई हैं, उन पर भारत से जुड़े संगठित अपराधी गुटों से संबंध होने का आरोप लगाया है। लॉरेंस और गोल्डी बराड को कई मामलों में आरोपी बनाया गया है, जिसमें साल 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की साजिश में शामिल होना भी है। बाकायदा अमेरिका ने बिश्नोई को निज्जर हत्याकांड में आरोपी बनाया है। उधर लॉस एंजिल्स के संघीय अभियोजकों का दावा है कि ये गिरफ्तारियां कई साल तक चली जांच का नतीजा हैं, जो भारतीय अपराधी गिरोहों पर केंद्रित रही हैं। अमेरिकी अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक किए गए दस्तावेजों में 37 अभियुक्तों पर आरोप लगाए गये हैं।

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि अमेरिका की नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही खत्म हो जाती हैं। ऐसे में भारतीय गैंगस्टरों पर की जा रही ताबड़-तोड़ कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। निस्संदेह, गैंगवार पर अंकुश लगना चाहिए, लेकिन सवाल इस कार्रवाई की टाइमिंग को लेकर है। इससे ठीक पहले कनाडा सरकार ने निज्जर हत्याकांड में भारत की किसी भूमिका को खारिज किया था। अमेरिका का आकलन है कि राष्ट्रवाद के नाम पर कुछ गैंगस्टरो को राजाश्रय हासिल है। आरोपपत्र में यह भी दावा किया गया है कि बिश्नोई ने खुद की छवि एक 'देशभक्त', 'राष्ट्रवादी' और 'धार्मिक' व्यक्ति के रूप में बनाई है। कयास हैं कि इसके जरिये भारत सरकार को घेरने की कोशिश जा रही है। कुछ विदेश नीति के जानकार मानते हैं कि भारत के ब्रिक्स व रूस-चीन वाले ध्रुव की ओर झुकाव के चलते दबाव बनाने हेतु इस मुद्दे को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर सहमति न बन पाने से अमेरिका क्षुब्ध है। जिसके लिये दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। सर्वविदित है कि दुनिया भर में सत्ताएं बनाने व सरकार गिराने के खेल में अमेरिका किस हद तक जाता है। उसे पूरी दुनिया में सत्ता की शतरंज खेलने में 'डीप स्टेट' के इस्तेमाल का जनक माना जाता है। सवाल है कि भारतीय संसद व मुंबई पर हुए भीषण आतंकवादी हमलों में शामिल पाक आतंकवादियों व मास्टर माइंडों पर क्या ऐसे कार्रवाई हुई है? जबकि कई मास्टरमाइंड अमेरिका में रह रहे थे? क्या ऐसी कार्रवाई पाक सरकार समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के खिलाफ हुई, जब पहलगाम की बैसरन घाटी में बेकसूर 26 भारतीय पर्यटकों की हत्या उनका धर्म पूछकर की गई थी? निस्संदेह, हत्या-फिरौती और नशे की तस्करी में लिप्त किसी भी गैंग को बख्शा नहीं जाना चाहिए। ये देश की संप्रभु सरकार का भी प्राथमिक कर्तव्य है। फिलहाल लॉरेंस बिश्नोई 2015 से भारतीय जेल में है और उसके खिलाफ देश में कई केस चल रहे हैं। वहीं गोल्डी बराड़ देश से फरार है। विसंगति देखिए कि अमेरिकी आरोप पत्र में नाबालिगों की भर्ती, गुर्गों का नेटवर्क चलाने के साथ देशभक्त इमेज के आरोप भी शामिल हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 10 जुलाई, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ कृष्णपक्ष दशमी, 08:14 तक, नक्षत्र : भरणी, 13:10 तक, योग : धृति, 07:11 तक, सूर्योदय: 04:58, सूर्यास्त: 18:25, चन्द्रोदय : 01:06, चन्द्रास्त: 14:51, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 10:39 से 12:19

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए सेवा, सद्भाव और सम्मान का सुंदर संगम लेकर आया है। विद्यार्थियों को भी मानसिक दबाव से राहत मिलेगी और पढ़ाई में मन पहले से बेहतर लगेगा।

**वृष :** आज भाग्य आपके लिए अचानक खुशियों का कोई दरवाज़ा खोल सकता है। यदि किसी से मनमुटाव चल रहा है, तो बातचीत की एक पहल रिश्तों में फिर से मिठास घोल सकती है।

**मिथुन :** आज का दिन सामान्य दिखाई दे सकता है, लेकिन इसके भीतर कई महत्वपूर्ण संकेत छिपे हुए हैं। व्यापार से जुड़े लोगों को किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मिलने का अवसर मिल सकता है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए अवसर और उपलब्धियों का मिश्रण लेकर आया है। लंबे समय से अटकी हुई कोई व्यापारिक डील आखिरकार मंजिल तक पहुंच सकती है।

**सिंह :** आज आपकी नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी और आपका प्रभाव पहले से अधिक मजबूत दिखाई देगा। संतान को करियर या नौकरी के सिलसिले में कहीं बाहर जाना पड़ सकता है।

**कन्या :** आज का दिन व्यस्त जरूर रहेगा, लेकिन सही दिशा में की गई मेहनत आपको शानदार परिणाम दे सकती है। छोटी-छोटी बातों में उलझने के बजाय अपने बड़े लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें।

**तुला :** आज सुबह भले थोड़ी धीमी शुरुआत हो, लेकिन दिन चढ़ते-चढ़ते परिस्थितियां आपके पक्ष में आती नजर आएंगी। किसी उलझन का समाधान बातचीत के जरिए निकल सकता है।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपको धैर्य और समझदारी का महत्व समझाएगा। छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने से बचें, क्योंकि संयम ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा।

**धनु :** आज आपके भीतर कुछ बड़ा और नया करने की प्रेरणा जाग सकती है। लंबी दूरी की यात्रा की योजना बन सकती है, जो आपके लिए नए अनुभव लेकर आएगी।

**मकर :** आज खर्चों पर नियंत्रण रखना आपके लिए सबसे बड़ी समझदारी साबित होगी। जल्दबाजी में लिया गया कोई फैसला बाद में परेशानी खड़ी कर सकता है।

**कुम्भ :** आज आपके मन में ऐसे नए विचार जन्म लेंगे जो भविष्य में सफलता का आधार बन सकते हैं। व्यापार या नौकरी में रचनात्मक सोच आपको दूसरों से अलग पहचान दिलाएगी।

**मीन :** आज का दिन नौकरी और करियर के क्षेत्र में नई उम्मीदें लेकर आ सकता है। जो लोग रोजगार की तलाश में हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर मिल सकता है।

# परम पूज्य महायोगी ब्रह्मर्षि देवराहा बाबा का प्राकट्य, योग विज्ञान एवं सनातन अवदान



अशोक प्रवृद्ध

भारतीय वांग्मय का मूल उद्घोष एकम सत् विप्रा बहुधा वदन्ति के शाश्वत सत्य पर आधारित है। समय-समय पर इस धरा पर ऐसी विभूतियों का अवतरण होता रहा है, जो अमूर्त ब्रह्म को मूर्त रूप में जनमानस के सम्मुख उपस्थित कर देती हैं। बीसवीं शताब्दी के आध्यात्मिक क्षितिज पर देदीप्यमान नक्षत्र, परम पूज्य योगिराज देवराहा बाबा (महासमाधि 19 जून 1990, योगिनी एकादशी) इसी सनातन परंपरा के जीवंत विग्रह थे। उनका जीवन किसी लौकिक इतिहास की परिधि में आबद्ध न होकर, प्राचीन भारतीय श्रुतियों, उपनिषदों और योगशास्त्रों के व्यावहारिक क्रियान्वयन का अनुपम वैज्ञानिक प्रलेख था। देवराहा बाबा के प्राकट्य और कालखंड को लेकर आधुनिक इतिहासकार और वैज्ञानिक सदा असमंजस में रहे। लोक मान्यता और समकालीन साक्ष्यों के अनुसार उनका जीवनकाल 150 वर्ष से लेकर 500 या 900 वर्ष तक अनुमानित किया गया। भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने स्वयं स्वीकार किया था कि उनके पूर्वजों की तीन पीढ़ियों ने बाबा के साक्षात दर्शन किए थे, जिससे बाबा की न्यूनतम आयु स्वतः ही डेढ़ सौ वर्ष से अधिक प्रमाणित होती है। मान्यता है कि यह कोई मिथक नहीं वरन एक सुदृढ़ सभ्यतागत स्मृति है, जो सल्तनत काल, मुगल साम्राज्य, ब्रिटिश राज और स्वतंत्र भारत के कालखंडों में समान रूप से अक्षुण्ण रही। प्राचीन ग्रंथों के संदर्भ में बाबा का यह स्वरूप ऋग्वेद के उस सूक्त का स्मरण कराता है, जहां ऋषियों को अमूर्त और कालजयी कहा गया है-न कस्यचिद् विश्वमसि त्वमेव सर्वं भवसि देव।बाबा स्वयं को किसी स्त्री के गर्भ से जन्मा हुआ (योनिज) नहीं मानते थे, अपितु उनका कथन था कि वे जल तत्त्व से प्रकट हुए हैं। शास्त्रानुसार, सिद्ध योगी स्वेच्छा शरीर धारण करने में सक्षम होते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता के चतुर्थ अध्याय में योगेश्वर श्रीकृष्ण कहते हैं-अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्।प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय सम्भवाम्यात्ममायया।। -4/6 अर्थात- जो अजन्मा और अविनाशी स्वरूप है, वह भी अपनी योगमाया से प्रकट होने में समर्थ है। बाबा का भौतिक शरीर वस्तुतः पंचमहाभूतों पर पूर्ण विजय का साक्षात प्रतीक था। देवराहा बाबा का संपूर्ण जीवन सरयू और यमुना के तटों पर निर्मित एक ऊंचे काष्ठ मंच (मचान) पर व्यतीत हुआ। वे न्यूनतम वस्त्र धारण करते थे और कड़कड़ाती शीत में भी उनके शरीर से ऊष्मा का उत्सर्जन होता था। इस विस्मयकारी जैविक घटना का मूल आधार पतंजलि योगसूत्र और हठयोग प्रदीपिका में अन्तर्निहित है। हठयोग के प्रामाणिक ग्रंथ हठयोगप्रदीपिका में स्वात्माराम जी स्पष्ट करते हैं-न रोगो मरणं तन्द्रा न निद्रा न क्षुधा तृषा।न च मूर्च्छा भवेत्तस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम्।।- 3/40 अर्थात- जो साधक खेचरी मुद्रा को सिद्ध कर लेता है, उसे न तो कोई रोग होता है, न मरण, न तंद्रा, न भूख और न ही प्यास। देवराहा बाबा ने रसना (जिह्वा) को कपाल-कुहर में प्रविष्ट कराकर सोमरस का पान करने की इस जटिल यौगिक क्रिया को सिद्ध किया था, जिसके कारण वे अन्न ग्रहण किए बिना केवल यमुना जल के सूक्ष्म अंश पर शताब्दियों तक जीवित रहे। महर्षि पतंजलि कृत योगसूत्र के विभूति पाद में प्रतिपादित है- कायाकाशयोः सम्बन्धसंयमाल्लघुतूलसमापत्तेश्चाकाशगमनम्।। - 3/42 बाबा के विषय में यह सर्वविदित था कि वे एक ही समय में दो भिन्न-भिन्न स्थानों पर उपस्थित (कायाकल्प व कायव्यूह सिद्धि) हो सकते थे तथा जल के भीतर बिना



श्वास लिए घंटों रह सकते थे। आधुनिक शरीर विज्ञान जहां कोशिकीय क्षरण को अपरिहार्य मानता है, वहीं प्राचीन भारतीय योग विज्ञान प्राण के स्पंदन को स्थिर कर काल की गति को अवरुद्ध कर देता है। बाबा का दीर्घायुष्य कोई चमत्कार नहीं, बल्कि ईशोपनिषद के कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः के संकल्प का अति-मानवीय विस्तार था। देवराहा बाबा जगद्गुरु रामानंदाचार्य की गौरवशाली वैष्णव आध्यात्मिक परंपरा के संवाहक थे। उनके दर्शन का मुख्य आधार विशिष्टद्वैत और अभेद भक्ति का समन्वय था। वे प्रत्येक आगंतुक को नारायण स्वरूप मानकर आशीष देते थे। बाबा अपने उपदेशों में प्रायः शास्त्रों में वर्णित पांच मुख्य साधनों पर बल देते थे, जिनका उल्लेख प्राचीन पुराणों में मिलता है- वैराग्य (जगत की नश्वरता का बोध), ज्ञान (आत्मा और परमात्मा के एकत्व की अनुभूति), योग (चित्तवृत्तियों का निरोध), प्रेम (ईश्वर के प्रति अनन्य, अहैतुकी प्रीति) और तप (इंद्रियों और अंतःकरण का शोधन)। वे निरंतर राम नाम के जप की प्रेरणा देते थे। रामचरितमानस के बालकांड में गोस्वामी तुलसीदास ने नाम की महिमा को ब्रह्म के दोनों रूपों (सगुण-निर्गुण) से बड़ा माना है-अगुन सगुन दुइ ब्रह्म सरूपा। अकथ अगाध अनादि अनूपा।।मोरें मत बड़ नामु दुहू तें। किए जेहिं जुगुति बस निज बूतें।।बाबा का भी यही दृढ मत था कि कलियुग में केवल भगवन्नाम ही भवसागर से तरने का एकमात्र वैज्ञानिक माध्यम है, क्योंकि ध्वनि तरंगें ब्रह्मांडीय चेतना को सीधे प्रभावित करती हैं। देवराहा बाबा केवल कंदराओं या मचानों में छिपकर एकांत-साधना करने वाले उदासीन संत नहीं थे, बल्कि उनके अंतःकरण में राष्ट्र और संस्कृति के प्रति अगाध निष्ठा थी। 1989 के प्रयागराज महाकुंभ में उन्होंने विश्व हिंदू परिषद के मंच से संपूर्ण राष्ट्र को संबोधित करते हुए एक युगांतरकारी संदेश दिया था। बाबा ने स्पष्ट उद्घोष किया था कि भारत की समृद्धि गोरक्षा और गोसेवा के बिना असंभव है। यह विचार ऋग्वेद के इस प्रसिद्ध मंत्र से अनुप्राणित है-गावो भगो गाव इन्द्रो म अच्छाद् गावः सोमस्य प्रथमं भक्षः।इमा या गावः स जनास इन्द्र इच्छामीद्धृदा मनसा चिदिन्द्रम्।।ऋग्वेद 6/28/5 अर्थात- गाएं ही हमारा सौभाग्य हैं, गाएं ही साक्षात ऐश्वर्य हैं। बाबा का मानना था कि जिस भूमि पर गो-रक्त गिरता है, वह भूमि अपनी आध्यात्मिक और भौतिक ऊर्जा खो देती है।बाबा राष्ट्रीय अस्मिता के पुनर्जागरण के भी मूक सूत्रधार थे। उन्होंने देश के तत्कालीन राजनेताओं और जनमानस को श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए प्रेरित व निर्देशित किया था। उनका यह कृत्य महाभारत के उद्योगपर्व के उस सिद्धांत के अनुरूप था जहाँ धर्म की पुनर्स्थापना के लिए संतों का मार्गदर्शन अनिवार्य माना गया है।19 जून 1990 को आषाढ़ मास की योगिनी एकादशी के पावन पर्व पर, इस महायोगी ने स्वेच्छा से अपने प्राणों को ब्रह्मरंध्र का भेदन करते हुए समष्टि चेतना में विलीन कर दिया। उनका यह प्रस्थान कठोपनिषद के इस श्लोक की साक्षात परिणति था-शतम चैका च हृदयस्य नाड्यस्तासां मूर्धानमभिनिःसृतैका।तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति विष्वङ्ङन्या उत्क्रमणे भवन्ति।।-कठोपनिषद 2/3/16 अर्थात- हृदय की नाड़ियों में जो मूर्धा (मस्तक) की ओर जाती है, उससे उत्क्रमण करने वाला साधक अमृतत्व को प्राप्त होता है।देवराहा बाबा का जीवन इस बात का अकाट्य प्रमाण है कि भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा कोई काल्पनिक विधा नहीं है। वे आधुनिक विज्ञान की सीमाओं से परे, सनातन अध्यात्म के ऐसे देदीप्यमान स्तंभ थे, जिन्होंने युगों-युगों की साधना को अपने एक जीवन में साकार कर दिखाया। उनकी पुण्यतिथि पर उनके चरणों में साष्टांग प्रणाम करते हुए, उनके द्वारा प्रतिपादित पवित्रता, गोसेवा और अनन्य राम-नाम जप के संकल्प को जीवन में धारण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

-लेखक, आध्यात्मिक चिंतक व साहित्यकार

# स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन - विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की प्रगति का व्यावहारिक रास्ता



श्री श्रीपाद नाइक

वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनि-श्चितता, ऊर्जा की बढ़ती मांग और जलवायु से जुड़ी गंभीर चुनौतियों के इस दौर में, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ऐसी ऊर्जा प्रणालियों का निर्माण करने की जरूरत है जो स्वच्छ व अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित, सस्ती एवं भरोसेमंद होने के साथ-साथ विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की विकास संबंधी जरूरतों तथा आर्थिक आकांक्षाओं के अनुरूप भी हों।

स्वच्छ ऊर्जा दरअसल ऊर्जा सुरक्षा, औद्योगिक विकास और दीर्घकालिक विकास की दृष्टि से तेजी से अहम होती जा रही है। यह ईंधन बाजार में आने वाले उतार-चढ़ाव से पैदा होने वाले जोखिमों को कम कर सकती है, ऊर्जा को अपेक्षाकृत अधिक सुलभ बना सकती है, रोजगार सृजित कर सकती है, घरेलू उद्योगों को मजबूत कर सकती है और देश को अपेक्षाकृत अधिक सुदृढ़ बना सकती है। फिर भी, स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने के रास्ते एक जैसे नहीं हो सकते। इन रास्तों को राष्ट्रीय परिस्थितियों, उपलब्ध संसाधनों और विकास की प्राथमिकताओं के हिसाब से निर्धारित किया जाना चाहिए।

इसी बिंदु पर विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच आपसी सहयोग महत्वपूर्ण हो जाता है। ब्रिक्स के सदस्य देशों के बीच बेहतर सहयोग से स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के साथ-साथ ऊर्जा सुरक्षा, स्थिरता और समावेशी विकास के साझा लक्ष्यों को भी आगे बढ़ाया जा सकता है। भारत का अपना अनुभव यह बताता है कि स्वच्छ ऊर्जा की शुरुआत लोगों से ही होनी चाहिए।

पिछले दशक में, प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) के तहत लगभग 28.6 मिलियन घरों को बिजली के कनेक्शन दिए गए। इससे सभी तक बिजली पहुंचाने का काम आगे बढ़ा और ग्रामीण व कम सुविधा वाले इलाकों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत महिलाओं को 105 मिलियन से अधिक एलपीजी कनेक्शन दिए गए। इससे खाना पकाने के साफ-सुथरे तरीकों को बढ़ावा मिला, घर में सेहत बेहतर हुई और कठिन श्रम का बोझ कम हुआ।

> **ब्रिक्स की भारत की अध्यक्षता दृढ़ता, नवाचार, सहयोग और स्थायित्व पर आधारित व्यावहारिक रास्तों को आगे बढ़ाने का अवसर देती है**

ये पहल एक महत्वपूर्ण सिद्धांत को रेखांकित करती हैं: स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने को केवल स्थापित मेगावाट या जोड़ी गई क्षमता के आधार पर नहीं मापा जा सकता, बल्कि इससे पैदा हुए अवसरों, सुदृढ़ हुई आजीविका और बेहतर हुए जीवन स्तर के आधार पर भी मापा जाना चाहिए।

लोगों को प्राथमिकता देने वाले इस दृष्टिकोण के साथ-साथ बड़े पैमाने पर काम और सहयोगी बुनियादी ढांचे की भी जरूरत है। भारत की स्वच्छ ऊर्जा की कहानी में नवीकरणीय ऊर्जा अहम हो गई है। लेकिन इसकी सफलता इसे समर्थन प्रदान करने वाली प्रणालियों पर निर्भर करती है। सौर और पवन ऊर्जा को तेजी से अपनाया जा सकता है, लेकिन इनकी पूरी क्षमता का लाभ तभी मिल पाएगा जब पारेषण (ट्रांसमिशन), वितरण (डिस्ट्रीब्यूशन), भंडारण (स्टोरेज) और ग्रिड प्रबंधन एकसाथ मिलकर काम करें।

भारत ने स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार में सहायता प्रदान करने वाली प्रणालियों को मजबूत करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। पारेषण संबंधी बुनियादी ढांचे (ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर) का निरंतर विस्तार हुआ है। इसके साथ-साथ ऊर्जा के भंडारण (एनर्जी स्टोरेज) और ग्रिड की सुदृढ़ता (ग्रिड फ्लेक्सिबिलिटी) के क्षेत्र में भी निवेश बढ़ा है। वितरण (डिस्ट्रीब्यूशन) संबंधी सुधारों और उन्नत ग्रिड तकनीक को अपनाने से एक ऐसी बेहतर एवं भरोसेमंद ऊर्जा प्रणाली बनाने में मदद मिली है, जो नवीकरणीय ऊर्जा की बढ़ती हिस्सेदारी को समन्वित करने में सक्षम है।

भारत की गैर-जीवाश्म ईंधन पर आधारित क्षमता अब 288 गीगावॉट से अधिक हो गई है। बड़े पैमाने की परियोजनाओं के अलावा, वितरित नवीकरणीय ऊर्जा (डीआरई) प्रणालियां - जैसे कि रूफटॉप सोलर, सोलर पंप, मिनी-ग्रिड और माइक्रो-ग्रिड - ग्रामीण और कम सुविधा वाले इलाकों में स्वच्छ ऊर्जा को और अधिक सुलभ बना रही हैं। ये प्रणालियां सिंचाई, कोल्ड स्टोरेज, स्कूलों, हेल्थकेयर सेंटरों तथा स्थानीय व्यवसायों को मदद पहुंचाने के साथ-साथ ग्रामीण आजीविका और स्थानीय आर्थिक सुदृढ़ता को भी बढ़ावा दे रही हैं।

भारत की 'पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना' बड़े पैमाने पर इस दृष्टिकोण को दर्शाती है। इस योजना से अब तक लगभग 4 मिलियन परिवारों को लाभ हुआ है, जिससे उपभोक्ता अपेक्षाकृत अधिक विकेन्द्रीकृत एवं भागीदारी वाली ऊर्जा प्रणाली में योगदान देने वाले बन पाए हैं।

हालांकि, स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार में वित्त पोषण सबसे अहम तत्वों में से एक बना रहेगा। कई विकासशील देशों में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, लेकिन इन संभावनाओं को बड़े पैमाने पर लागू करने तथा बैंक से ऋण पाने योग्य परियोजनाओं में बदलने हेतु सस्ती और दीर्घकालिक पूंजी की जरूरत होती है।

आने वाले वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा, वितरण संबंधी बुनियादी ढांचा, ग्रिड के आधुनिकीकरण, भंडारण प्रणाली और कम ऊर्जा खर्च करने वाली तकनीकों में निवेश बेहद जरूरी होगा। न्यू डेवलपमेंट बैंक जैसे संस्थान वित्त पोषण, तकनीक संबंधी साझेदारी और क्षमता विकास के जरिए विकासशील देशों की मदद करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

स्वच्छ ऊर्जा से जुड़ी तकनीकों के लिए सुदृढ़ एवं विविधतापूर्ण आपूर्ति श्रृंखला बनाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सुरक्षित, सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा प्रणालियां सुनिश्चित करने हेतु मैन्यूफैक्चरिंग, तकनीक, नवाचार और आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना जरूरी होगा।

अब जबकि ब्रिक्स की भारत की अध्यक्षता आगे बढ़ रही है, सहयोग की एक ऐसी भविष्योन्मुखी रूपरेखा को मजबूत करने का अवसर है जो सामर्थ्य, बड़े पैमाने पर काम करने की क्षमता, विश्वसनीयता, तकनीक की सुलभता, सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखला और सतत विकास का समर्थन करे।

चुनौती सिर्फ स्वच्छ ऊर्जा की क्षमता को बढ़ाने की ही नहीं, बल्कि ऐसे ऊर्जा प्रणाली के निर्माण की भी है जो सबके लिए सुलभ, किफायती एवं भरोसेमंद होने के साथ-साथ दीर्घकालिक आर्थिक विकास और मानव विकास को कायम रखने में सक्षम हों।

-लेखक विद्युत राज्यमंत्री हैं

## विदेश

### पाकिस्तान: दुर्घटनाग्रस्त मालवाहक विमान सवार चालक दल के लापता पांच सदस्यों की तलाश जारी

**कराची :** पाकिस्तान के कराची से 300 किलोमीटर पश्चिम में अरब सागर में दुर्घटनाग्रस्त हुए मालवाहक विमान में सवार चालक दल के पांच लापता सदस्यों की तलाश बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रही।

कराची की निजी विमानन कंपनी 'के2 एयरवेज' का बोइंग 737 मालवाहक विमान मंगलवार रात शारजाह से कराची की उड़ान के दौरान तेजी से नीचे उतरते और अचानक दिशा बदलते हुए देखे जाने के बाद रडार से गायब हो गया। अधिकारियों के अनुसार, बुधवार को बलूचिस्तान तट पर ओरमारा से 53 समुद्री मील दक्षिण में विमान का मलबा बरामद किया गया। हालांकि, चालक दल के लापता पांचों सदस्यों का कोई पता नहीं चल सका।

### चीन में भारत के राजदूत दुरैस्वामी ने प्रसिद्ध काइयुआन मंदिर का दौरा किया

**बीजिंग :** चीन में भारत के राजदूत विक्रम दुरैस्वामी ने बृहस्पतिवार को फुजियान के क्वानझोऊ स्थित सातवीं सदी के काइयुआन मंदिर का दौरा किया। दुरैस्वामी ने ग्वांगझू में भारत के महावाणिज्य दूत गिंस मट्टम के साथ मंदिर का दौरा किया, जहाँ मुख्य भिक्षु वेन. शी दे शेंग ने उनका स्वागत किया। भारतीय दूतावास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'यह मंदिर भारत और चीन के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक प्रमाण है। इसमें स्थानीय परंपराओं के साथ-साथ प्राचीन भारतीय कला और वास्तुकला का प्रभाव दिखाई देता है।'

### जर्मनी ने टॉमहॉक मिसाइल खरीदने के लिए अमेरिका के साथ समझौता किया

**बर्लिन :** जर्मनी ने टॉमहॉक क्रूज मिसाइल की खरीद और उन्हें देश में तैनात करने के लिए अमेरिका के साथ समझौता किया है। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की। जर्मन चांसलर ने बताया कि लंबी दूरी तक हमला करने में सक्षम अमेरिका-निर्मित इन मिसाइल को लेकर यह समझौता इसी सप्ताह तुर्किये की राजधानी अंकारा में आयोजित नाटो शिखर सम्मेलन से इतर हुआ। दो-दिवसीय शिखर सम्मेलन से लौटने के बाद संसद को संबोधित करते हुए मर्ज ने कहा, 'इससे हमारी रक्षा व्यवस्था में मौजूद एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कमी दूर होगी। हम अपनी यूरोपीय प्रणालियों को विकसित करने और उन्हें यूरोप में तैनात करने पर भी काम करेंगे।'

## वर्ग पहेली नं. 3488



*ऊपर से नीचे :-* 1) प्रभावी, 2) अपक्व, 3) गाढ़ी बासौंधी, 4) सूर्य, 5) ग़ैरक़ानूनी, 6) आश्रम, 9) भूख मिटाना, 11) ख़ून, 12) घुँघरू, 14) रखवाली, 15) अकस्मात्, 17) शराब, 19) होश-हवाश, 20) नहीं, 22) क्षण, 23) पराधीन, 24) प्रेमिका, 26) डरपोक, 28) मित्र, 30) आकाशी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें :-* 1) अचूक *(औषध)*, 5) भारत का एक घटक राज्य, 7) खरा; असली, 8) असभ्य एवं जंगली, 9) समुद्र का जमीन पर फैला हुआ पानी, 10) वर्षामेघ, 13) *बाँयाँ* का उलटा, 16) बड़ा, 18) ख़ारिज, 19) चाल-चलन, 20) मध्यम, 21) नाश्ता, 23) छरहरा; सैंकरा; कृश, 24) रोना पीटना, 25) एक हिंदी संतकवि, 27) हाँ, 29) वर्ज्य, 31) नियंत्रण; स्वामित्व, 32) छानबीन; जाँच-पड़ताल, 33) थूक.

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3454

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | | 3 | 8 |
| | | 3 | 9 | 1 | | 6 | | |
| 6 | | 7 | | 8 | | | | |
| 4 | 2 | | 1 | | | 9 | | |
| | 1 | | 3 | | 8 | | | 7 |
| 7 | | | | | | 1 | 4 | 5 |
| 1 | | | 4 | | 2 | | 7 | |
| 9 | 7 | | | | | 5 | 2 | 1 |
| 3 | | 2 | | | | | 9 | 4 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

### सूडोकू पहेली - 3453 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 1 | 8 | 9 | 7 | 6 | 3 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 8 | 4 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 9 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 6 | 9 | 5 | 4 | 3 | 1 |
| 4 | 5 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 2 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 9 | 3 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 4 | 7 | 2 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 |
| 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 | 1 | 6 |

# ममता हार के बाद भी तुष्टीकरण की राजनीति नहीं छोड़ रही : मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी



❑ पूर्व मुख्यमंत्री के प्रदर्शनकारियों के गिरफ्तार किए जाने के बायन पर मुख्यमंत्री ने किया पलटवार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बारुईपुर में 11 साल की एक बच्ची के कथित दुष्कर्म और हत्या से जुड़े मामले को लेकर हुई हिंसा पर अपनी पूर्ववर्ती ममता बनर्जी की टिप्पणियों की गुरुवार को कड़ी आलोचना की। शुभेंदु ने ममता पर हालिया संपन्न विधानसभा चुनावों में टीएमसी की करारी हार के बावजूद 'तुष्टीकरण, झूठ और उकसावे' की राजनीति जारी रखने का आरोप लगाया। बता दें कि गत बुधवार को ममता ने विरोध-प्रदर्शनों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि 'प्रदर्शनकारियों' को गिरफ्तार किया जा रहा है। इस दिन, शुभेंदु ने ममता की इस टिप्पणी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि हिंसा में शामिल लोग दंगाई थे, जो हत्या, आगजनी, पुलिस पर हमले और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार थे। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में ममता के गिरफ्तार किए गए लोगों को 'प्रदर्शनकारी' बताने पर सवाल उठाया। शुभेंदु ने पूर्व मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए कहा कि भले ही उन्हें और उनकी पार्टी को चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा हो और तृणमूल कांग्रेस अब असली और नकली गुटों के बीच अंदरूनी लड़ाई में उलझी हुई हो, लेकिन आपमें (ममता) कोई बदलाव नहीं आया है। शुभेंदु ने ममता पर बेहिसाब तुष्टीकरण, झूठ और उकसावे की राजनीति जारी रखने का आरोप लगाते हुए पूछा कि क्या ये बुरी आदतें अभी भी आपसे नहीं छूटी हैं? इंद्रजीत की भीड़ हत्या का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पीड़ित को उसके घर से बाहर बुलाया गया, सिर्फ उसके नाम के आधार पर उसे आरोपियों में से एक माना गया और भीड़ ने बेरहमी से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। ममता द्वारा प्रदर्शनकारियों शब्द के इस्तेमाल पर सवाल उठाते हुए शुभेंदु ने कहा कि ये उपद्रवी लोग -- जिन्होंने पुलिस की गाड़ियों में आग लगाई, पुलिस कर्मियों पर हमला किया, रेलवे ट्रैक उखाड़ दिए, अफरातफरी मचाई, कानून-व्यवस्था तोड़ी और इलाके में शांति भंग करने की कोशिश की -- क्या आपकी भाषा में ये 'प्रदर्शनकारी' हैं? मुख्यमंत्री ने कहा कि भीड़ की आड़ में संगठित अपराध करने के दिन अब लद चुके हैं। उन्होंने कहा कि भीड़ हत्या के लिए ज़िम्मेदार सभी लोगों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत सज़ा दिलाई जाएगी। शुभेंदु ने कहा कि जैसे बलात्कार और महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अत्याचार जैसे गंभीर अपराधों में शामिल लोगों के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी, वैसे ही बेगुनाह लोगों की पीट-पीटकर हत्या करने वालों के लिए भी कोई दया नहीं दिखाई जाएगी। इसके लिए जिम्मेदार हर व्यक्ति को सबसे कड़ी कानूनी सजा दी जाएगी।

## पहले राउंड में सीटों का भरना सरकारी संस्थानों में छात्रों का भरोसा दिखाता है : शुभेंदु अधिकारी

❑ मुख्यमंत्री ने डब्ल्यूबीजेईई काउंसिलिंग में सभी सीटें भरने पर जताई खुशी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को राज्य के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में सीटें भरने की प्रक्रिया में हुई प्रगति पर संतोष जताया और कहा कि यह रुझान इस बात का संकेत है कि छात्र अपने ही राज्य में उच्च तकनीकी शिक्षा के प्रति फिर से भरोसा करने लगे हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि यह बहुत गर्व और उम्मीद की बात है कि कई सालों में पहली बार पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा काउंसलिंग के पहले ही दौर में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों की सभी सीटें भर गई हैं। यह ट्रेंड साफ दिखाता है कि हमारे होनहार छात्र अब अपने ही राज्य में हायर टेक्निकल एजुकेशन लेने का विकल्प ज्यादा चुन रहे हैं। अपने संदेश में, मुख्यमंत्री ने राज्य से 'ब्रेन ड्रेन' को रोकने के अपने संकल्प को भी दोहराया। मुख्यमंत्री के अनुसार, जहां यह देखना सुखद है कि राज्य के युवा राज्य के एकेडमिक माहौल में फिर से भरोसा करने लगे हैं, वहीं उनकी सरकार का संकल्प पूरे राज्य में हायर एजुकेशन की क्वालिटी को बेहतर बनाना है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि हम अपने संस्थानों को आधुनिक बनाने और इनोवेशन व उत्कृष्टता का माहौल बनाने के लिए सक्रिय कदम उठा रहे हैं। हमारा अंतिम लक्ष्य 'ब्रेन ड्रेन' को 'ब्रेन गेन' में बदलना है। इसके लिए हम यहीं अपने राज्य में वर्ल्ड-क्लास मौके पैदा करेंगे, ताकि हमारे प्रतिभाशाली युवा अपना भविष्य बना सकें और राज्य की तरक्की में योगदान दे सकें।

## अभिनेता प्रसनजीत चटर्जी ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से की मुलाकात

❑ सांसद यूसुफ पठान तथा शताब्दी रॉय ने भी मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्ला फिल्मों के सुपरस्टार प्रसनजीत चटर्जी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से राज्य सचिवालय 'नवान्न' में लगभग दो घंटे तक मुलाकात की और कहा कि इस दौरान राजनीति पर कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उनकी बातचीत में राजनीति का कोई विषय नहीं था। उन्होंने कहा कि हमने साथ में कॉफी पी और कुछ देर बातचीत की। राजनीति पर कोई चर्चा नहीं हुई। बाहर कई तरह की अटकलें हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर सही नहीं हैं। चटर्जी ने कहा कि महान अभिनेता उत्तम कुमार की 100वीं जयंती के समारोह की तैयारियों और बांग्ला फिल्म उद्योग से जुड़े मुद्दों को लेकर बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि हमारे फिल्म उद्योग को कई चीजों की जरूरत है। हमने बांग्ला फिल्म उद्योग के विकास और उत्तम कुमार को उचित सम्मान देने की योजनाओं पर चर्चा की। मैं पहले भी कह चुका हूं कि यदि मैं कभी राजनीति में आने का फैसला करूंगा, तो इसकी जानकारी सबसे पहले मीडिया को ही दूंगा। उन्होंने कहा कि सब जानते हैं कि वह सिर्फ 10-15 मिनट के लिए आए थे। मैं पिछले 40 वर्षों से काम कर रहा हूं। मुझसे और मेरी टीम से जुड़े कुछ मुद्दे हैं। तय प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मैं उन मामलों से मुख्यमंत्री को अवगत कराने और उनके समक्ष कुछ अनुरोध रखने आया था। इस बीच, पूर्व भारतीय क्रिकेटर व बहरामपुर से सांसद यूसुफ पठान तथा बीरभूम से सांसद शताब्दी रॉय ने भी मुख्यमंत्री से अलग-अलग मुलाकात की।

## आज रात से चिंगड़ीघाटा फ्लाईओवर तीन दिन रहेगा बंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने यात्रियों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए चिंगड़ीघाटा फ्लाईओवर पर अस्थायी यातायात प्रतिबंध लागू करने की अधिसूचना जारी की है। यह प्रतिबंध ऑरेंज लाइन मेट्रो परियोजना के तहत विश्व बांग्ला सरणी स्थित सुकांत नगर के पास पीपी-326 से पीपी-327 के बीच सेगमेंट लॉन्चिंग कार्य के कारण लगाया जा रहा है। कोलकाता पुलिस की अधिसूचना के अनुसार, आज रात 8 बजे से 13 जुलाई की सुबह 8 बजे तक चिंगड़ीघाटा फ्लाईओवर पर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। इस दौरान वैकल्पिक मार्गों से यातायात संचालित किया जाएगा। प्रतिबंध अवधि के दौरान चिंगड़ीघाटा फ्लाईओवर का उपयोग करने वाले उत्तर दिशा की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों को बेलियाघाटा मेन रोड और ईएम बाइपास क्रॉसिंग से ब्रॉडवे की ओर मोड़ दिया जाएगा।

## वरुण विश्वास हत्याकांड की पुनर्जांच प्रारंभ, सीआईडी की टीम पहुंची घर

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के आश्वासन के बाद 'सुटिया फाइल्स' फिर से खुल गई है। वरुण विश्वास हत्याकांड की जांच नए सिरे से प्रारंभ हो गई है। बदमाशों की गोली से मारे गए विरोधी तेवर के शिक्षक वरुण विश्वास के घर गुरुवार को सीआईडी का दल पहुंचा। अधिकारियों ने उनकी बहन, भाई तथा अन्य परिजनों से बातचीत की। इस दौरान वरुण की बहन प्रमीला राय ने एक बार फिर राज्य के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को हत्या का मास्टरमाइंड बताते हुए आरोप लगाया कि उनके भाई की योजनाबद्ध तरीके से हत्या कराई गई थी। उल्लेखनीय है कि पांच जुलाई 2012 को उत्तर 24 परगना के गोबरडांगा स्टेशन परिसर में वरुण विश्वास की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह कोलकाता के मित्र इंस्टीट्यूशन में शिक्षक थे। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद वरुण विश्वास के परिजनों ने न्याय की मांग को लेकर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात की थी। वरुण विश्वास की बहन प्रमीला राय ने कहा कि सीआईडी ने हमसे बात की है। हमने फिर से जांच की मांग की है।


### आद्रा मंडल के तहत पार्किंग अनुबंधों के लिए ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा आद्रा मंडल के तहत ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटलॉग पहले ही आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर प्रकाशित किया गया है। **कैटेगरी: पार्किंग, ऑक्शन कैटलॉग संख्या: पार्क-120, लॉट संख्या/कैटेगरी:** (i) पार्किंग-एडीआरए-केएसएक्स-टीडब्ल्यू-20-22-1 (पार्किंग-टू व्हीलर)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 22.07.2026, 12.00 बजे। **नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय:** 22.07.2026, 12.30 बजे। **(ii)** पार्किंग-एडीआरए-सीजेएन-एमएक्स-46-26-1 (पार्किंग-मिक्स्ड)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 22.07.2026, 12.30 बजे। **नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय:** 22.07.2026, 12.40 बजे। **टिप्पणी:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल देखें। किसी प्रकार की पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-452) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा



### पूर्वोत्तर रेलवे के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

पूर्वोत्तर रेलवे के तहत गोरखपुर कैंट.-पनियहवा अनुभाग में गोरखपुर कैंट एवं उनौला के बीच डबलिंग पैच चालू करने के लिए, **दिनांक 16.07.2026 से 20.07.2026 तक बिफोर प्री नॉन-इंटरलॉकिंग/प्री नॉन-इंटरलॉकिंग/नॉन-इंटरलॉकिंग** कार्यों के संपादन के साथ **दिनांक 21.07.2026** को **सीआरएस निरीक्षण** किया जाएगा। फलस्वरूप, नीचे उल्लेखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी: • **मार्ग परिवर्तन: 13019 हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 20.07.2026) छपरा-गोरखपुर-बाराबंकी स्टेशनों के स्थान पर परिवर्तित मार्ग **छपरा-वाराणसी-अयोध्या कैंट.-बाराबंकी** स्टेशनों होकर चलेगी तथा कोपासम्होता, दाउदपुर, एकमा, चैनवा, दुरौंधा, सीवान, जीरादेई, मैरवा, बनकटा, भाटपर रानी, भटनी, देवरिया सदर, चौरी चौरा, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर, गोंडा और जरवल रोड स्टेशनों में नहीं ठहरेगी। • **पुनर्निर्धारण : 15048 गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 20.07.2026) गोरखपुर स्टेशन से 02 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी तथा **15027 सम्बलपुर-गोरखपुर मौर्या एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 20.07.2026) सम्बलपुर स्टेशन से 05 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**


## नगर निकाय भर्ती घोटाला : ईडी ने सुजीत बोस और उनके बेटे के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

❑ **पूर्व मंत्री पर पर 340 नौकरियों की सिफारिश, 20 करोड़ की कमाई का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नगर निकाय भर्ती घोटाला मामले में ईडी ने राज्य के पूर्व मंत्री सुजीत बसु के खिलाफ विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी। एजेंसी ने आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के जरिए करीब 250 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ, जबकि सुजीत बसु ने अकेले 20 करोड़ रुपये का गबन किया। इस मामले में उनके बेटे समुद्र बसु, दो निजी कंपनियों और तत्कालीन डायरेक्टरेट ऑफ लोकल बॉडीज के निदेशक ज्योतिष्मान चट्टोपाध्याय को भी आरोपित बनाया गया है। ईडी के अनुसार, सुजीत बसु ने पैसे लेकर 340 अभ्यर्थियों के नाम भर्ती के लिए आगे बढ़ाए थे। इनमें से 284 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिला। जांच एजेंसी का दावा है कि प्रत्येक अभ्यर्थी से औसतन छह लाख रुपये वसूले गए। ईडी को इस कथित घोटाले का सुराग शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच के दौरान मिला था। एजेंसियों को सुजीत बसु की ओर से की गई सिफारिशों से जुड़े दस्तावेज भी मिले। उनके करीबी निताई दत्त के बयान में भी कथित सिफारिशों का जिक्र किया गया। जांच के दौरान सुजीत बसु और उनके परिवार से भी पूछताछ की गई। ईडी का आरोप है कि तलाशी में कई निर्माण कंपनियों तथा उनके बेटे के ढाबे और रेस्तरां से जुड़े संदिग्ध वित्तीय लेनदेन का पता चला।

## नवान्न में लोक निर्माण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

❑ **विकास परियोजनाओं एवं मानसून तैयारियों पर विशेष जोर**



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार के लोक निर्माण (पीडब्ल्यूडी) विभाग के मंत्री डॉ. अजय कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में गुरुवार को नवान्न स्थित लोक निर्माण विभाग के मुख्य सभागार में विभागीय अधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के बजट व्यय, विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति, नई परियोजनाओं की योजना एवं उनके समावेशन तथा विभाग के समग्र कार्य निष्पादन की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके साथ ही सरकार के संकल्प पत्र में घोषित विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने पर विशेष बल दिया गया। मंत्री डॉ. अजय कुमार पोद्दार ने विभाग में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए, ताकि विभागीय कार्यों के निष्पादन में और अधिक गति एवं दक्षता लाई जा सके। बैठक में आगामी मानसून के मद्देनजर राज्य के विभिन्न पुलों एवं सड़कों के रखरखाव, त्वरित मरम्मत, आपदा प्रबंधन की तैयारियों तथा आम नागरिकों के लिए सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने हेतु व्यापक कार्ययोजना पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा जनसुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में विभागीय सचिव अंतरा आचार्य, मुख्य अभियंता विनय मजूमदार सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे।


**NAME CHANGE**

I, AMARJEET SINGH/AMARJIT SINGH(OLD NAME),SON OF JOGHINDER SINGH, RESIDENT OF H NO-18/203, GALI PUNJAB SINGH CHOWK BABA SAHIB, MPL CORP, AMRITSAR, WARD NO-46, AMRITSAR,PO-AMRITSAR, TEH-AMRITSAR-1, AMRITSAR-143001, AMRITSAR DO HEREBY DECLARE THAT I HAVE CHANGED MY NAME FROM AMARJEET SINGH/AMARJIT SINGH(OLD NAME) TO AMARJIT SINGH ARORA(NEW NAME) AND HENCEFORTH I SHALL BE KNOWN AS AMARJIT SINGH ARORA(NEW NAME ) IN ALL PURPOSE,VIDE AFFIDAVIT NO 12 SWORN BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 07/07/2026. AMARJIT SINGH ARORA(NEW NAME) AND AMARJEET SINGH/AMARJIT SINGH (OLD NAME) BOTH ARE SAME AND ONE IDENTICAL PERSON.

**CHANGE OF NAME**

I, Army No.14839572P, Rank-Hav MT, Name- Ramadhar Prasad of 502 ASC BN C/O- 99 APO. hereby declare that have changed my son's name from Ujawal Yadav to Ujjwal Yadav Vide affidavit before the Ld. Notary Public Govt. of India Vijay Kumar, at Barh Dist.- Patna. State- Bihar. dated 30/06/2026.

**CHANGE OF NAME**

I, Army No. 8037646A, Rank-Hav CLK(SD), Name- Sharma Ramashish Rammagan presently residing at 1803 Pioneer Unit, Red Road Camp, Vijay Durg, Kolkata 700021 hereby declare that have changed my son's name from Sharma Advik to Sharma Advik Ramashish Vide affidavit (Sl No-19) before the Notary Public Govt. of India at Police Court at Kolkata dated 08/07/2026.

**PWD (GOVT OF WB) TENDER NOTICE**

**eNIT No.: 44/City(M) of 2026-27** of The E.E.-I, City Dvn., P.W.D. for the work i.c.w. closing ceremony of Aranya Saptaha 2026 on 20th July 2026 are invited from bonafied decorators having credential for similar urgent nature of works. Bid submission closing date (online) will be **on 15.07.2026 at 12.00 hrs. Tender ID: 2026_WBPWD_5016625_1.** Other details may be seen from the web site: **http://tender.wb.gov.in** & **http://wbpwd.in.**

**Sd/-**
**Executive Engineer-I**
**City Division, P.W.D**



**पूर्व रेलवे**

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं. सीओएम-पीयूबी-ई-ऑक्शन-एसडीएएच** **दिनांक :08.07.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा सियालदह मंडल की विभिन्न परिसंपत्तियों के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शन का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है जिसके लिए **www.ireps.gov.in** पर ई-ऑक्शन कैटलॉग सं. **(क) एडीवीटी-एसडीएएच-07-07, (ख) एडीवीटी-एसडीएएच-07-08, (ग) एडीवीटी-एसडीएएच -07-09, (घ) एडीवीटी-एसडीएएच-07-10** और **(ङ) एडीवीटी-एसडीएएच -07-11** प्रकाशित किए गए हैं। नीलामी कैटलॉग का विवरण निम्नानुसार है:

**(क) ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-07-07, नीलामी शुरू : दिनांक 14.07.2026 को 12.00 बजे। क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी:** एडीवीटी-एसडीएएच-एसडीएएच-ओएसडी-86-26-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)], **विवरण:** सियालदह स्टेशन (कॉनकोर्स एरिया) में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर वाणिज्यिक विज्ञापनों (डिजिटल) और रेलवे संदेशों के दायरे के साथ मोबाइल चार्जिंग कियोस्क की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव, **अनुबंध की अवधि:** 05 वर्ष।

**(ख ) ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-07-08, नीलामी शुरू : दिनांक 15.07.2026 को 12.00 बजे। क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी:** एडीवीटी-एसडीएएच-बीएलएन-ओएसडी-73-26-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)], **विवरण:** क्लस्टर XV स्टेशनों पर 43-इंच डिजिटल टीवी स्क्रीन की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन और रखरखाव के ज़रिए 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे से जुड़ी जानकारी के साथ वाणिज्यिक विज्ञापनों का डिजिटल डिस्प्ले (अधिकार क्षेत्र: पार्क सर्कस से कैनिंग, लेक गार्डन्स से कोमागाता मारू बजबज, सुभाषग्राम से डायमंड हार्बर (बारुईपुर जंक्शन को छोड़कर), शासन रोड से नामखाना), **अनुबंध की अवधि:** 05 वर्ष।

**(ग ) ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-07-09, नीलामी शुरू : दिनांक 16.07.2026 को 12.00 बजे। क्रम सं., अनुक्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी और विवरण,** निम्नानुसार हैं: **(1) एए/1,** एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-12सी072204-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर और एक्सटीरियर) और सियालदह मंडल के तहत चलने वाले प्रत्येक 12 कोचों के 05 थ्री फेज ईएमयू रेकों के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर एवं बाहरी सतह में संपूर्ण बॉडी पर विनाइल स्टिकर (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) का उपयोग करते हुए विज्ञापन प्रदर्शित करना, **(2) एबी/1** एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-12सी072206-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर और एक्सटीरियर) और सियालदह मंडल के तहत चलने वाले प्रत्येक 12 कोचों के 01 थ्री फेज ईएमयू रेकों के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर एवं बाहरी सतह में संपूर्ण बॉडी पर विनाइल स्टिकर (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) का उपयोग करते हुए विज्ञापन प्रदर्शित करना (फेज-3), **(3) एबी/2,** एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-12सी072205-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर और एक्सटीरियर) और सियालदह मंडल के तहत चलने वाले प्रत्येक 12 कोचों के 02 थ्री फेज ईएमयू रेकों के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर एवं बाहरी सतह में संपूर्ण बॉडी पर विनाइल स्टिकर (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) का उपयोग करते हुए विज्ञापन प्रदर्शित करना (फेज-2)। **अनुबंध की अवधि :** 03 वर्ष (प्रत्येक हेतु)।

**(घ ) ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-07-10, नीलामी शुरू : दिनांक 20.07.2026 को 12.00 बजे। क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी:** एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-243463-1-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर और एक्सटीरियर) और **विवरण:** 13173-74/13175-76 (सियालदह-सबरूम/सिलचर कंचनजंघा एक्सप्रेस) की 01 रेक (04 रेकों में से) के कोचों के बाहरी हिस्से (पूरी बॉडी) और अंदर निर्दिष्ट जगहों पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के ज़रिए विज्ञापन का प्रदर्शन, **अनुबंध की अवधि:** 03 वर्ष।

**(ङ ) ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-07-11, नीलामी शुरू : दिनांक 21.07.2026 को 12.00 बजे। क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी:** एडीवीटी-एसडीएएच-एसडीएएच -ओएसएन-78-26-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन डिजिटल)], **विवरण:** प्रफुल्या द्वार, सियालदह रेलवे स्टेशन के पिलरों और कैंटिलिवर बीमों पर निर्दिष्ट स्थानों पर स्टैटिक (स्थिर) बैकलिट विज्ञापन बोर्ड के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापनों का प्रदर्शन, **अनुबंध की अवधि:** 03 वर्ष।

संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे विस्तृत नियम और शर्तों के लिए **www.ireps.gov.in** का ई-ऑक्शन मॉड्यूल देखें।

SDAH-125/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter


## जनता के समक्ष कार्य विवरण रखने हेतु श्वेतपत्र प्रकाशित करेगी राज्य सरकार

❑ **वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता को बनाया गया श्वेतपत्र समिति का चेयरमैन**

❑ **राज्य में नए निवेश आकर्षित करने के लिए समिति गठित, तापस राय बने अध्यक्ष**



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य मंत्रिमंडल ने सरकार के कार्यों का विवरण जनता के समक्ष रखने के लिए श्वेतपत्र प्रकाशित करने का निर्णय लिया है। गुरुवार को नवान्न में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। श्वेतपत्र समिति के अध्यक्ष के रूप में वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता को नियुक्त किया गया है। इस दिन, मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मंत्री अग्निमित्रा पाल ने बताया कि समिति में कुल पांच सदस्य होंगे तथा इसकी अध्यक्षता स्वपन दासगुप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य में नए निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से एक अलग समिति का भी गठन किया गया है। इस समिति के अध्यक्ष उद्योग मंत्री तापस राय होंगे। अग्निमित्रा पाल ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार से विभिन्न क्षेत्रों में हुए निवेश, निवेश की मात्रा तथा उससे प्राप्त रोजगार संबंधी जानकारी सार्वजनिक करने की मांग बार-बार की गई थी, लेकिन उस समय यह जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार जनता को यह बताना चाहती है कि राज्य में कितना निवेश आया, किन-किन क्षेत्रों में निवेश हो रहा है तथा उससे कितने युवाओं को रोज-गार मिल रहा है। इसी उद्देश्य से श्वेतपत्र प्रकाशित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्ववर्ती तृणमूल सरकार के कार्यकाल में विभिन्न विभागों में हुई कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की भी जांच की जाएगी। किस विभाग में क्या अनियमितता हुई तथा उसमें कौन-कौन लोग शामिल थे, इसकी समीक्षा कर राज्य सरकार बाद में श्वेतपत्र जारी करेगी। मंत्रिमंडल की बैठक में समान नागरिक संहिता पर भी चर्चा हुई। अग्निमित्रा पाल ने बताया कि मंत्रियों को इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई है तथा चार सप्ताह के भीतर इसका प्रारूप तैयार कर लिया जाएगा।

## पूर्व बीडीओ प्रशांत बर्मन के खिलाफ जांच तेज सोना व्यापारी हत्याकांड में एसआईटी, एसटीएफ और फोरेंसिक ने फिर से शुरू की जांच

**कोलकाता, समाज्ञा :** दत्तबाद के रहने वाले सोने के व्यापारी स्वपन कामिलिया की हत्या की जांच में नई तेजी आई है, क्योंकि एक फोरेंसिक टीम ने कोलकाता के पास न्यू टाउन में एक घर का निरीक्षण किया है, जिसके बारे में पुलिस को संदेह है कि वह अपराध स्थल हो सकता है। बिधाननगर पुलिस ने हत्या की जांच के लिए पहले ही एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर लिया है। गुरुवार को बिधाननगर पुलिस, राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), साइबर क्राइम और फोरेंसिक टीमें न्यू टाउन स्थित उस घर में गईं और नए नमूने एकत्र किए। पुलिस को संदेह है कि सोने के व्यापारी की हत्या इसी घर में हुई थी। उल्लेखनीय है कि स्वपन कामिलिया का शव पिछले साल 29 अक्टूबर को न्यू टाउन के जत्रागाछी खालपार इलाके से बरामद किया गया था। दो दिन बाद, उनके परिवार ने हत्या, अपहरण और चोरी का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, 28 अक्टूबर को पांच से छह लोग दो वाहनों में दत्तबाद की एक सोने की दुकान पर पहुंचे और कथित तौर पर कामिलिया को न्यू टाउन स्थित एक घर में ले गए। दत्तबाद के गोविंद बाग स्थित मकान के मालिक ने मीडिया को बताया था कि सोने के व्यापारी स्वपन कामिलिया को न्यू टाउन स्थित उस मकान में ले जाया गया था। वहां काम करने वाले अशोक कर ने भी दावा किया कि उन्होंने स्वपन को उस मकान में जाते हुए देखा था। शिकायत में राजगंज के पूर्व ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) प्रशांत बर्मन को इस मामले में मुख्य आरोपी बताया गया है।

## ममता को हाई कोर्ट से राहत, टीएमसी के बैंक खातों से लेन-देन को दी मंजूरी

### रोजमर्रा के खर्चों के लेन-देन की इजाजत, खर्च चलाने के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस के उन तीन बैंक खातों से ममता बनर्जी नीत गुट के रोजमर्रा के खर्चों का प्रबंधन करने के लिए गुरुवार को एक विशेष अधिकारी नियुक्त किया, जिनसे वित्तीय लेन-देन पर रोक लगा दी गई थी। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश सुब्रत तालुकदार को ममता खेमे के रोजमर्रा के खर्चों के प्रबंधन के लिए 30 सितंबर 2026 तक विशेष अधिकारी नियुक्त किया। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने तीनों बैंक खातों के किन्हीं दो अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं को विशेष अधिकारी के समक्ष चेक पेश करने की अनुमति दी, जिसे पैसे निकालने के लिए बैंक अधिकारियों के पास भेजा जाएगा। अदालत ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता को सिर्फ पार्टी के संचालन से जुड़े रोजमर्रा के खर्चों के लिए बैंक खाते से राशि निकालने की इजाजत होगी। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने ममता खेमे के कानूनी खर्चों और विशेष अधिकारी के 1.25 लाख रुपये प्रति महीने के मानदेय के भुगतान के लिए 30 सितंबर तक इन तीन बैंक खातों से लेन-देन की अनुमति प्रदान की। अदालत ने विशेष अधिकारी को निर्देश दिया कि वह 21 सितंबर को सुनवाई की अगली तारीख पर संबंधित अवधि के दौरान खर्च हुई राशि का ब्योरा देने वाली रिपोर्ट पेश करें। उच्च न्यायालय ने बैंक अधिकारियों से तीनों खाते के इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड और बैंकिंग डेटा को सहेजकर रखने तथा मामले की जांच में पुलिस का सहयोग करने को कहा। पुलिस अधिकारियों को सुनवाई की अगली तारीख पर जांच की प्रगति के बारे में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया गया। उच्च न्यायालय ने इस बात पर गौर किया कि तृणमूल कांग्रेस के एक गुट को मान्यता देने का मामला निर्वाचन आयोग के पास लंबित है। उसने कहा कि अगर निर्वाचन आयोग इस अंतरिम आदेश को रद्द करने का फैसला करता है, तो इसकी जानकारी अदालत को दी जाए।

याचिकाकर्ता (ममता नीत तृणमूल गुट) की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि शिकायतकर्ता पार्टी के उस गुट का हिस्सा हैं, जो चार मई 2026 को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद अस्तित्व में आया था और उनका 'गुप्त मकसद' एक राजनीतिक दल को कमजोर करना है। सिंघवी ने दलील दी कि शिकायतकर्ता भी तृणमूल के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए इन बैंक खातों से मिली राशि के लाभार्थी थे। पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि शिकायत मिलने पर जांच एजेंसी को तेजी से कदम उठाने पड़े, ताकि याचिकाकर्ता (ममता खेमे) को उन तीन बैंक खातों से गैरकानूनी लेन-देन करने से रोका जा सके। मेहता ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस का दूसरा गुट भी पार्टी के आधिकारिक समूह के तौर पर मान्यता चाहता है और इस मामले पर फैसला निर्वाचन आयोग को लेना है। शिकायतकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज किशन कौल ने चिंता जताई कि अगर याचिकाकर्ता को खातों के इस्तेमाल की इजाजत दे दी जाती है, तो इससे चुनाव नतीजों के बाद बने गुट का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। उन्होंने पुलिस को मामले की जांच जारी रखने की अनुमति देने का आग्रह किया। वहीं, पुलिस ने गुरुवार को उच्च न्यायालय के समक्ष एक हलफनामा दाखिल किया, जिसमें उन हालातों और सबूतों का जिक्र शामिल है, जिनके आधार पर बैंक अधिकारियों को तीन खातों से वित्तीय लेन-देन पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया था।


www.samagya.in
विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

# राज्यपाल ने 20 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ की बैठक, उच्च शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा

**सिलीगुड़ी :** राज्यपाल आर. एन. रवि ने गुरुवार को उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में राज्य के 20 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और रजिस्ट्रारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था और विश्वविद्यालयों के बुनियादी ढांचे की स्थिति का जायजा लेना था। बैठक में आलिया विश्वविद्यालय, अलीपुरद्वार, बांकुड़ा, विश्व बंगला, कूचबिहार पंचानन वर्मा, दक्षिण दिनाजपुर, दार्जिलिंग हिल, डायमंड हार्बर महिला, गौड़बंग, हरिचांद-गुरुचांद, हिंदी, कन्याश्री, महात्मा गांधी, मुर्शिदाबाद



महाराजा कृष्णनाथ, रायगंज, रानी रासमणि ग्रीन, साधु रामचंद्र मुर्मू, संस्कृत कॉलेज, सिधु-कानू-बिरसा और नेताजी सुभाष मुक्त विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय में आयोजित होने के बावजूद, उस विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि इसमें शामिल नहीं हुए।

बैठक के दौरान कुलपतियों ने अपने-अपने विश्वविद्यालयों की मौजूदा स्थिति, प्रमुख समस्याएं और प्रशासनिक चुनौतियों को विस्तार से रखा। उन्होंने बुनियादी ढांचे की कमी, रजिस्ट्रार और वित्त अधिकारी जैसे अहम पदों पर रिक्तियां, प्रोफेसरों की नियुक्ति में देरी और अन्य शैक्षणिक व प्रशासनिक समस्याओं की ओर राज्यपाल का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में हर वर्ष नियमित रूप से दीक्षांत समारोह आयोजित करने, संस्थानों की स्व-आय बढ़ाने, स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों को बढ़ावा देने और विभिन्न सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वे स्वयं विश्वविद्यालयों का दौरा कर समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। हालांकि, बैठक के बाद राज्यपाल ने पत्रकारों से इस विषय पर कोई औपचारिक टिप्पणी नहीं की।

# शंकरपुर के गहरे समुद्र में 15 मछुआरों समेत ट्रॉलर लापता, तटरक्षक बल ने शुरू की तलाश

## मंत्री औंर एसपी ने परिजनों से मिलकर सहायता का दिया आश्वासन

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के शंकरपुर से गहरे समुद्र में मछली पकड़ने गया 'मां काली' नामक ट्रॉलर 15 मछुआरों समेत लापता हो गया है। निर्धारित समय पर ट्रॉलर के बंदरगाह नहीं लौटने और उसमें सवार किसी भी मछुआरे से संपर्क नहीं होने के बाद प्रशासन ने खोज अभियान शुरू कर दिया है। घटना से ट्रॉलर मालिक और लापता मछुआरों के स्वजन में भारी चिंता है। जिला मत्स्य अधिकारी सुमन साहा ने बताया कि ट्रॉलर के लापता होने की सूचना मिलते ही भारतीय तटरक्षक बल और तटीय थाना पुलिस को अवगत करा दिया गया। सभी संभावित क्षेत्रों में तलाश शुरू कर दी गई है। समुद्र में मौजूद अन्य ट्रॉलर को भी सतर्क कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, लापता ट्रॉलर 'मा काली' का मालिक रामनगर थाना क्षेत्र के देउलीबांग्ला निवासी अभिजीत बेड़ा है। ट्रॉलर इस महीने की शुरुआत में गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए रवाना हुआ था। तय समय पर लौटना था, लेकिन अब तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। अन्य संचार माध्यमों से भी संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की जानकारी शंकरपुर फिशरमैन एंड फिश ट्रेडर्स एसोसिएशन और प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई है।

एसोसिएशन के सचिव स्वदेशरंजन नायक ने बताया कि पूरे मामले से प्रशासन, स्थानीय विधायक और भारतीय तटरक्षक बल को अवगत करा दिया गया है। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से भी मामले में हस्तक्षेप की अपील की है।

बुधवार की रात राज्य के मंत्री राजेश महतो और पुलिस अधीक्षक अंशुमान साहा शंकरपुर मत्स्य बंदरगाह पहुंचे। उन्होंने लापता मछुआरों के स्वजन से मुलाकात कर हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। जिला मत्स्य अधिकारी ने उम्मीद जताई कि जारी खोज अभियान के जरिए जल्द ही लापता ट्रॉलर का पता लगा लिया जाएगा।

## भारथक्लाउड ने अपने पहले ब्रांड मैस्कॉट 'बादल' का किया अनावरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के सॉवरेन एआई क्लाउड सेवा प्रदाता भारथक्लाउड ने अपने पहले ब्रांड मैस्कॉट 'बादल' का अनावरण किया। 'बादल' को क्लाउड तकनीक और उपयोगकर्ताओं के बीच बेहतर जुड़ाव स्थापित करने के उद्देश्य से पेश किया गया है। यह भारत की संप्रभुता, विश्वास, सुरक्षा और मेड इन इंडिया तकनीकी दृष्टिकोण का प्रतीक होगा। भारथक्लाउड के सह-संस्थापक राहुल तक्कल्लापल्ली ने कहा कि तकनीक को सरल और उपयोगकर्ता-केंद्रित बनाना कंपनी की प्राथमिकता है। वहीं, सह-संस्थापक एवं मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी पद्मा रेड्डी सामा ने कहा कि 'बादल' के माध्यम से कंपनी ग्राहकों के साथ भावनात्मक जुड़ाव मजबूत करने और सॉवरेन एआई क्लाउड क्षेत्र में अपनी पहचान को विस्तार देने का प्रयास कर रही है।

## मंत्री तापस राय ने भागवत कथा में लिया पं. मालीराम शास्त्री से आशीर्वाद

- **बच्चों में बचपन से डालें आदर व परपकार के संस्कार : मालीराम जी शास्त्री**

**कोलकाता :** गिरीश पार्क स्थित हरियाणा भवन में अमर सिंह अजय लूणिया परिवार की ओर से श्रद्धेय भागवत मर्मज्ञ मालीराम जी शास्त्री के श्रीमुख से आयोजित सप्त दिवसिय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के समापन अवसर पर राज्य के उद्योग मंत्री श्री तापस राय ने व्यास पीठ को नमन करते हुए श्रद्धेय मालीराम जी शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रद्धेय शास्त्री ने शुभाशीष देते हुए कहा कि बंगाल के सर्वांगीण विकास में ईश्वर की अपार कृपा बनी रहे, यही कामना और प्रार्थना है।

पं. शास्त्री ने कथा के विश्राम दिवस पर अपने व्याख्यान में कहा कि यह मतलब का संसार है, जब तक जिसका स्वार्थ तब तक का



साथ उसके बाद सब कुछ ताक पर! और इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण तो आज प्रत्यक्ष दिख रहा है। जिन बच्चों को काबिल इंसान बनाने में अपने जीवन को झोंक देने वाले माता-पिता अपने बच्चों के हाथों उपेक्षित, तिरस्कृत और वहिष्कृत होकर अपने जीवन के संध्याकाल में दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रहे हैं।

इसलिए जन्म से ही बच्चों को अपने माता-पिता-गुरुजनों व बड़े बुजुर्गों के प्रति आदर और परोपकार की भावना से संस्कारित करना चाहिए। कृष्ण-सुदामा चरित के नृत्य-संगीत के साथ मार्मिक वर्णन से सभी भाव-विभोर हो गये। श्रद्धेय शास्त्री ने श्रद्धालुओं का आह्वान किया कि कथा श्रवण को मनन करें, तो इसका भरपूर लाभ होगा। आरती व प्रसाद वितरण के साथ आयोजन का समापन हुआ।

# चिट फंड मामले की जांच में ईडी ने राज्य के कई स्थानों पर की छापेमारी

## दुर्गापुर, हावड़ा, नदिया में केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में ईडी ने गुरुवार की सुबह बड़े पैमाने पर छापेमारी अभियान चलाया। दुर्गापुर, हावड़ा और नदिया समेत कई स्थानों पर केंद्रीय एजेंसी ने एक साथ कार्रवाई की। जांच के दायरे में क्रिप्टो निवेश के नाम पर कथित ठगी, चिटफंड और फर्जी शेयर बाजार निवेश से जुड़े मामले हैं। सभी ठिकानों पर केंद्रीय बलों की तैनाती के बीच तलाशी ली गई।

दुर्गापुर के अंडाल स्थित श्रीपल्ली सुभाषनगर रिक्शाडांगा इलाके में ईसीएल के पूर्व कर्मचारी दिलीप



मल्लिक के घर ईडी की टीम पहुंची। आरोप है कि दिलीप मल्लिक और उनके पुत्र दिगंत मल्लिक ने कोलकाता के फेयरली प्लेस में कार्यालय खोलकर लोगों को क्रिप्टो में निवेश का झांसा देकर करोड़ों रुपये जुटाए। जांच एजेंसी को संदेह है कि इस धन का विदेश में भी लेनदेन हुआ। सूत्रों के अनुसार, दिगंत मल्लिक का दुबई के एक कारोबारी से भी संपर्क रहा है। दिगंत पहले भी गिरफ्तार हो चुके थे और बाद में जमानत पर रिहा हुए थे। हाल में, उनके बैंक खातों में बड़े पैमाने पर वित्तीय लेनदेन मिलने के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की।

उधर, हावड़ा के बैटरा थाना क्षेत्र के कुचिल सरकार लेन निवासी सौरभ चट्टोपाध्याय के घर भी ईडी ने छापा मारा। आरोप है कि उनका संबंध कई चिटफंड कंपनियों से रहा है और वह शेयर बाजार का कारोबार भी करते हैं। वहीं, नदिया के कालीनारायणपुर में कारोबारी सुभ्रकांति नाग उर्फ बाबाई नाग के आवास पर भी ईडी ने तलाशी ली। आरोप है कि उन्होंने 'स्टॉक गुरुकुल' नाम से संस्था बनाकर शेयर बाजार प्रशिक्षण और निवेश के नाम पर लोगों से धन जुटाया तथा ठगी की। एजेंसी इस मामले में धन के लेनदेन और निवेशकों से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, छापेमारी के समय कारोबारी और उनके परिवार के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे।

# सरकारी अस्पताल में मरीज को एक्सपायरी 'सलाइन' चढ़ाने का आरोप, सरकार ने दिए जांच के आदेश

**पूर्व मेदिनीपुर :** राज्य में एक मरीज के परिजनों द्वारा उसे (मरीज को) एक सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में उपयोग की अवधि समाप्ति वाली सलाइन चढ़ाए जाने का आरोप लगाने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को मामले की जांच के आदेश दिए। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी व्यवस्था को और कड़ा करने की घोषणा की। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. शरद्वत मुखर्जी ने कहा कि इस संबंध में मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से रिपोर्ट तलब की गई है और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। मुखर्जी ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारियों से मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन किए जाने की अपेक्षा की जाती है और विभाग इसका अनुपालन सुनिश्चित करेगा। ऐसी चूक दोबारा न हो, इसके लिए साप्ताहिक जांच की जाएगी। मरीज की पहचान मेदिनीपुर शहर के विद्यासागरपल्ली निवासी मानसी डे के रूप में हुई है। उन्हें स्ट्रोक आने के बाद पांच जुलाई को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार, गत 8 जुलाई को अंतःशिरा लवणीय घोल (आईवी सलाइन) चढ़ाए जाने के दौरान उन्होंने सीने में जलन की शिकायत की। उनके बेटे का आरोप है कि बोतल की जांच करने पर उस पर समाप्ति तिथि इस वर्ष मार्च अंकित थी। उन्होंने कहा कि मेरी मां को स्ट्रोक के अलावा कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हैं। मैं जानना चाहता हूं कि उन्हें ऐसी सलाइन कैसे चढ़ा दी गई। इसके बाद, मरीज को गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में स्थानांतरित कर दिया गया और अस्पताल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी। चिकित्सा अधीक्षक एवं उप-प्राचार्य इंद्रनील सेन ने कहा कि मरीज की हालत स्थिर है और उस पर लगातार नजर रखी जा रही है। सेन ने कहा कि 'अस्पताल में दवाओं का भंडारण किया जाता है और संभवतः किसी तरह 'एक्सपायरी' सलाइन मरीज को चढ़ा दी गई। इस चूक का तुरंत पता चल गया और उसे सुधार लिया गया। मरीज को क्रिटिकल केयर यूनिट में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# व्हाट्सएप ने भारत में तीसरे वार्षिक बिजनेस समिट का आयोजन किया

- **मेटा बिजनेस एजेंट की घोषणा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** व्हाट्सएप ने मुंबई में आयोजित अपने तीसरे वार्षिक बिजनेस समिट में मेटा बिजनेस एजेंट लॉन्च करने की घोषणा की। यह एआई आधारित समाधान व्यवसायों को ग्राहकों के साथ तेज, व्यक्तिगत और 24 घंटे बेहतर संवाद स्थापित करने में मदद करेगा। मेटा बिजनेस एजेंट को इस तरह तैयार किया गया है कि यह ग्राहकों के सवालों के जवाब देने, उत्पादों की जानकारी साझा करने, अपॉइंटमेंट बुक करने, लीड्स को मैनेज करने और बिक्री प्रक्रिया को आसान बनाने में सहायता कर सके। इसके साथ ही कंपनी ने मेटा बिजनेस एजेंट प्लेटफॉर्म की शुरुआत की, जो बड़े उद्यमों को अपने अनुसार एआई एजेंट बनाने, कस्टमाइज करने और बड़े स्तर पर उपयोग करने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराएगा। यह प्लेटफॉर्म शॉपिफाई, जेनडेस्क और अन्य बिजनेस सिस्टम्स के साथ जुड़ने की सुविधा भी देगा। मेटा इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं कंट्री हेड अरुण श्रीनिवास ने कहा कि भारत बातचीत के माध्यम से व्यापार करने वाले सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में शामिल है। उन्होंने कहा कि एआई के जरिए व्यवसाय ग्राहकों से बेहतर संबंध बना सकेंगे और अपने संचालन को अधिक प्रभावी बना पाएंगे।

# आशा-आंगनवाड़ी कर्मियों के मानदेय में हुई बढ़ोतरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने आशा और आंगनवाड़ी कर्मियों के मासिक मानदेय में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। राज्य सरकार ने आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी सहायिकाओं के लिए बढ़ा हुआ मानदेय तय किया है। राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से जारी आदेश के अनुसार, आशा कार्यकर्ताओं के मासिक निश्चित मानदेय को बढ़ाया गया है। आशा कार्यकर्ताओं को अब हर महीने 11,250 रुपये मिलेंगे। यह बढ़ोतरी 1 अगस्त से लागू होगी। इसके अलावा, उन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कोष से मिलने वाला मासिक प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन भी मिलता रहेगा। सरकार ने बताया कि आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय में बढ़ोतरी के लिए राज्यपाल ने मंजूरी और स्वीकृति दे दी है। महिला एवं बाल विकास तथा सामाजिक कल्याण विभाग की ओर से जारी आदेश में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं (एडब्ल्यूडब्ल्यू) और आंगनवाड़ी सहायिकाओं (एडब्ल्यूएच) के अतिरिक्त मानदेय में बढ़ोतरी की जानकारी दी गई है। सरकार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त मानदेय में 5,000 रुपये प्रति माह की बढ़ोतरी की है। यह बढ़ोतरी 1 अगस्त से लागू होगी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कुल 14,000 रुपये प्रति माह मानदेय मिलेगा। वहीं, आंगनवाड़ी सहायिकाओं के अतिरिक्त मानदेय में भी 5,000 रुपये प्रति माह की बढ़ोतरी की गई है। अब उन्हें कुल 11,800 रुपये प्रति माह मानदेय मिलेगा। सरकार के आदेश के अनुसार, यह खर्च चालू वित्त वर्ष के राज्य बजट में महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्धारित मद से किया जाएगा। यह आदेश राजय सरकार के वित्त विभाग की सहमति के बाद जारी किया गया है। सरकार ने कहा कि बढ़ा हुआ मानदेय सरकारी और गैर-सरकारी दोनों तरह से संचालित समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) परियोजनाओं के तहत काम करने वाले आंगनवाड़ी कर्मियों को दिया जाएगा। सरकार ने कहा है कि इसके लिए जरूरी धनराशि उचित समय पर जारी कर दी जाएगी।

## बेटी की सहेली से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के तिलजला इलाके में एक व्यक्ति को अपनी बेटी की दोस्त के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कोलकाता पुलिस ने गुरुवार को बताया कि पीड़िता के परिवार की शिकायत के बाद बुधवार की रात को यह गिरफ्तारी की गई। पीड़िता का मेडिकल टेस्ट किया जा रहा है और उसका बयान दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता और आरोपित की बेटी लंबे समय से दोस्त थीं। बताया जा रहा है कि वह अपने घर पर कुछ दिक्कतों के कारण कुछ दिनों से अपनी दोस्त के घर रह रही थी। इस दौरान, आरोपित ने परिवार के अन्य सदस्यों की गैर-मौजूदगी का फायदा उठाकर कई बार घर के अंदर उसके साथ यौन शोषण किया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने डर और शर्म के कारण शुरुआत में इस घटना के बारे में अपने परिवार को नहीं बताया। यह भी आरोप है कि आरोपित ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी और उसके बाद कई बार उसका यौन शोषण किया। तबीयत बिगड़ने पर उसने अपने परिवार के सदस्यों और अपनी दोस्त को इन घटनाओं के बारे में बताया।

इसके बाद, युवती ने तिलजला थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ दुष्कर्म समेत कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

## सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने रथ यात्रा के अवसर पर पेश किया स्पेशल ज्वेलरी कलेक्शन



**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने रथ यात्रा के शुभ अवसर पर नया ज्वेलरी कलेक्शन और विशेष फेस्टिव ऑफर्स लॉन्च किए हैं। रथ यात्रा की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से प्रेरणा लेते हुए कंपनी ने एक खास कलेक्शन तैयार किया है, जिसमें देवी-देवताओं, रथ और शुभ प्रतीकों से जुड़े आकर्षक डिजाइन शामिल हैं। कंपनी के मास्टर कारीगरों द्वारा तैयार किए गए ये आभूषण पारंपरिक कला और आधुनिक शैली का बेहतर मिश्रण पेश करते हैं। उत्सव के दौरान ग्राहकों के लिए कई विशेष ऑफर्स की घोषणा की गई है। सोने के आभूषणों की खरीद पर मेकिंग चार्ज में 40 प्रतिशत तक की छूट, डायमंड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज में 100 प्रतिशत तक की छूट और डायमंड वैल्यू पर 20 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। वहीं, रत्न जड़ित आभूषणों पर 10 प्रतिशत और चांदी के आभूषणों पर मेकिंग चार्ज में 15 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। पुराने सोने के एक्सचेंज पर ग्राहकों को 0 प्रतिशत कटौती के साथ 650 रुपये प्रति ग्राम अतिरिक्त छूट का लाभ भी दिया जाएगा। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की डायरेक्टर एवं हेड ऑफ मार्केटिंग एंड डिजाइन जोइता सेन ने कहा कि रथ यात्रा देशभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था और परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने बताया कि इस अवसर के लिए तैयार किए गए कलेक्शन में पारंपरिक शिल्पकला और आधुनिक डिजाइन का सुंदर मेल देखने को मिलेगा। कंपनी के एमडी एवं सीईओ सुवंकर सेन ने कहा कि सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स हर वर्ष इस शुभ अवसर पर ग्राहकों को विशेष खरीदारी का अवसर उपलब्ध कराता है।

# माथे पर तिलक और गले में तुलसीमाला पहनकर आने पर छात्रा को मिला टीसी

## शिक्षा विभाग के 'दबाव' में स्कूल ने 'निष्कासन' के बावजूद छात्रा को लिया वापस

**पुरुलिया :** जिले के एक विद्यालय में कुलगुरु से दीक्षा लेने के बाद माथे पर तिलक और गले में तुलसीमाला पहनकर विद्यालय आने वाली कक्षा 11 की एक छात्रा को स्थानांतरण प्रमाणपत्र (टीसी) दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर भाजपा और बजरंग दल ने विरोध जताया है। सूत्रों के अनुसार, राज्य के विद्यालय शिक्षा विभाग ने भी इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा है। जानकारी के अनुसार, कुछ महीने पहले शोभना मांझी उक्त छात्रा माथे पर चंदन का तिलक और गले में तुलसीमाला पहनकर विद्यालय पहुंची थी। आरोप है कि प्रधान शिक्षिका सुष्मिता घोष तथा सहायक शिक्षिका धीमा मंडल सहित कुछ अन्य शिक्षिकाओं ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि




इस वेश में कक्षा में प्रवेश नहीं किया जा सकता। छात्रा का कहना है कि उसके परिवार ने दीक्षा ली है और धार्मिक परंपरा के अनुसार उसे इस प्रकार विद्यालय आना पड़ता है। उसका आरोप है कि एक दिन प्रार्थना के समय उससे जबरन माथे का तिलक धुलवाया गया और भविष्य में तिलक तथा तुलसीमाला पहनकर विद्यालय नहीं आने की चेतावनी दी गई। छात्रा के अनुसार, वह इसके बाद भी नियमित रूप से विद्यालय जाती रही, लेकिन लगातार मानसिक दबाव बनाए जाने के कारण उसे विद्यालय जाना बंद करना पड़ा। उसका कहना है कि इस कारण उसकी पढ़ाई भी प्रभावित हुई। उधर, विद्यालय की प्रधान शिक्षिका सुष्मिता घोष ने कहा कि इस मामले को लेकर गलत प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के कुछ नियम हैं, जिनके संबंध में छात्राओं को समय-समय पर अवगत कराया जाता है, लेकिन सामाजिक माध्यमों पर पूरे मामले को अलग ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रा को विद्यालय से निष्कासित किए जाने की बात सही नहीं है। स्थानीय विधायक तथा राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य नदियारचांद बाउड़ी ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है और पूरे मामले की जांच कराई जाएगी।

## चित्रकूट में प्रतिभा सिंह को सृजन शक्ति सम्मान



**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा की ओर से चित्रकूट धाम में आयोजित चित्रकूट राष्ट्रीय सम्मेलन एवं नारी शक्ति सम्मान समारोह 2026 में विख्यात पार्श्वगायिका और भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री को सृजन शक्ति सम्मान 2026 से अलंकृत किया गया। वे महासभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। समारोह में उद्घाटनकर्ता और राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह, मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री और विधायक एवं नागौद राजवंश के वर्तमान पुरोधा राजा नागेंद्र सिंह जूदेव, महासभा के संस्थापक डॉ एम एस सिंह मानस, कार्यक्रम की अध्यक्ष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वंदना सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री प्रो डॉ रश्मि सिंह बैस और चित्रकूट राजपरिवार की राजवधू अर्चना शर्मा चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से सृजन शक्ति सम्मान प्रदान किया। समारोह आरएसएस द्वारा संचालित चित्रकूट के डॉ. लोहिया सभागार में सम्पन्न हुआश्र पश्चिम बंगाल इकाई को महासभा की सर्वश्रेष्ठ इकाई का सम्मान मिला।

# टीएमसी के फ्रीज खातों को राहत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे ऋतब्रत बनर्जी

- **नेता प्रतिपक्ष ने कहा... 'पार्टी के पैसे से खरीदी संपत्ति, फिर किराया दिया'**
- **ईडी को पत्र लिखने की बात कही**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस के तीन बैंक खातों पर लगी रोक को अस्थायी रूप से हटाकर उन्हें चलाने की अनुमति दी है। इस पर, नेता प्रतिपक्ष ऋतब्रत बनर्जी ने कहा कि वह इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि हम एसएलपी दाखिल करने जा रहे हैं। हमने वकीलों से सलाह ले ली है और अब सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं। जब यह मामला पहली बार कलकत्ता हाई कोर्ट में दायर किया गया था, तब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इसमें शामिल नहीं था। लेकिन अब जब हम सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल करेंगे, तो ईडी भी इस मामले की कार्यवाही में एक पक्ष बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि इस नए नटवरलाल को बधाई। असली नटवरलाल ने ताजमहल बेच दिया था। यहां एक कंपनी ने पार्टी के पैसों से संपत्ति खरीदी। पार्टी के खजाने से 160 करोड़ रुपये दिए गए। फिर, पार्टी ने उसी कंपनी को किराया देना शुरू कर दिया। यह काले धन को सफेद करने का तरीका लगता है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी सूचना मिल रही है कि कोलकाता से पैसा केमन द्वीप भेजा गया है। इसलिए हम केंद्रीय एजेंसियों से इसमें दखल देने का आग्रह करेंगे। यह बहुत गंभीर मामला है। उन्होंने आगे कहा कि जमीनी स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं के पास कानूनी मामलों की लड़ाई लड़ने के लिए पैसे नहीं हैं। लेकिन यह नया नटवरलाल विमान खरीदने के लिए 160 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। फिर, उसी संस्था को किराया भी दे रहा है, जिसने खरीदारी की थी। उन्होंने आरोप लगाया, खरीदारी के लिए पैसा पार्टी के खाते से आया और किराये का भुगतान भी पार्टी के खाते से किया जा रहा है। यह साफ तौर पर धनशोधन का मामला है। ऋतब्रत बनर्जी ने कहा कि मैं दिल्ली जाऊंगा। यह केवल इसी मुद्दे तक सीमित नहीं है, बल्कि दो-तीन अन्य मामले भी हैं। मैं ईडी को पत्र लिखूंगा और कहूंगा कि इस मामले की जांच की जानी चाहिए।

- **ऋतब्रत ने कुणाल घोष पर साधा निशाना**

इस दौरान, ऋतब्रत बनर्जी ने सारदा चिटफंड घोटाले का मुद्दा उठाते हुए ममता बनर्जी के करीबी माने जाने वाले कुणाल घोष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुणाल घोष ने कभी पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा किया कि सारदा मामले में जेल में रहने के दौरान राज्यसभा के पूर्व सदस्य घोष ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, सीबीआई और ईडी को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने टीएमसी नेतृत्व, जिसमें ममता बनर्जी भी शामिल थीं, पर भ्रष्टाचार और चिटफंड के पैसे के दुरुपयोग के आरोप लगाए थे। ऋतब्रत बनर्जी ने कहा कि जो व्यक्ति आज मुझे 'गद्दार' कहता है, उसी ने तृणमूल सांसद रहते हुए 91 पृष्ठों का सनसनीखेज पत्र लिखा था। मैंने वह पत्र पढ़ा है। उसमें आरोप है कि ममता अपनी राजनीतिक गतिविधियां चिटफंड के पैसों से चलाती हैं और उसमें यह भी लिखा है कि अतिरिक्त 30 करोड़ रुपये का क्या किया जाना था। अगर यह सच है, तो पार्टी के साथ विश्वासघात किसने किया? उन्होंने कहा कि यह पत्र जल्द सार्वजनिक किया जाएगा और पूर्व मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे इसकी प्रति कुणाल घोष से मांगें।

- **गांधी प्रतिमा के पास कार्यक्रम के लिए केएमसी को लिखा पत्र**

उन्होंने 21 जुलाई की रैली को लेकर कहा कि हमने कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा जताते हुए कोलकाता नगर निगम के अधिकारियों को पत्र लिखा है। हम गांधी प्रतिमा के पास कार्यक्रम करना चाहते हैं। लेकिन अभी तक हमें कोई जवाब नहीं मिला है। अगर हमें अनुमति मिलती है, तो हम अपनी योजना को अंतिम रूप देंगे और आपको इसकी जानकारी देंगे।

## टीएमसी जिला परिषद सभाधिपति के बेटे पर युवती से दुर्व्यवहार का आरोप

**पश्चिम बर्दवान :** जिले के रानीगंज थाना अंतर्गत चापुई इलाके में बुधवार को उस समय तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई, जब तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के जिला परिषद सभाधिपति विश्वनाथ बाउरी के पुत्र पवित्र बाउरी पर एक युवती ने कथित रूप से दुर्व्यवहार, मारपीट, अनुचित संबंध बनाने का दबाव डालने और धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए। आरोप सामने आने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण विश्वनाथ बाउरी के आवास के बाहर एकत्र हो गए और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवती का आरोप है कि पवित्र बाउरी लंबे समय से उसे प्रताड़ित कर रहा था, उस पर गलत संबंध बनाने का दबाव डाल रहा था और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट तथा धमकी दी गयी। घटना की जानकारी गांव में फैलते ही लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, प्रदर्शन के दौरान स्थिति तब और बिगड़ गई जब कुछ लोग कथित तौर पर विश्वनाथ बाउरी के आवास में घुस गए और वहां तोड़फोड़ की। घटना की सूचना मिलते ही निमचा पुलिस चौकी प्रभारी नजरीन सुलताना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने आरोपों की जांच शुरू कर दी गई है।

# चांपदानी नगरपालिका का पूरा बोर्ड भंग, चेयरमैन समेत 19 पार्षदों का इस्तीफा



**हुगली :** जिले की चांपदानी नगरपालिका में बड़ा प्रशासनिक घटनाक्रम सामने आया है। गुरुवार को चेयरमैन सुरेश मिश्रा सहित तृणमूल कांग्रेस के 19 पार्षदों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। लगातार हो रहे इस्तीफों के बाद नगरपालिका का पूरा बोर्ड प्रभावी रूप से भंग हो गया है, जिससे नगर प्रशासन पर संकट गहरा गया है।

राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद विभिन्न नगर निकायों में तृणमूल कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों के इस्तीफों का सिलसिला लगातार जारी है। कई नगरपालिकाओं में निर्वाचित बोर्ड के अभाव में प्रशासक नियुक्त करने की स्थिति बन चुकी है। हुगली जिले में इससे पहले चंदननगर नगर निगम, चुंचुड़ा, बांसबेड़िया, भद्रेश्वर, डानकुनी और तारकेश्वर नगरपालिका के बोर्ड भी अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही भंग हो चुके हैं।

बुधवार को चांपदानी नगरपालिका के दो तृणमूल पार्षदों ने अपने पद से इस्तीफा दिया था। इसके बाद गुरुवार को चेयरमैन सुरेश मिश्रा सहित शेष 17 पार्षदों ने भी अपना इस्तीफा कार्यपालक अधिकारी (ईओ) को सौंप दिया। अब ईओ इन इस्तीफों को चंदननगर महकमा शासक के पास भेजेंगे, जिसके बाद आगे की प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

हालांकि वार्ड संख्या-12 के पार्षद तारक सिंह और वार्ड संख्या-10 के पार्षद सलीम कुरैशी क्षेत्र से बाहर होने के कारण गुरुवार को इस्तीफा नहीं दे सके। वहीं, वार्ड संख्या-7 के कांग्रेस पार्षद दारोगा राजभर ने कहा कि वह पार्टी नेतृत्व से चर्चा के बाद अपना निर्णय लेंगे।

गौरतलब है कि चांपदानी नगरपालिका में कुल 22 वार्ड हैं, जिनमें 21 पार्षद तृणमूल कांग्रेस और एक पार्षद कांग्रेस का है।

इस्तीफे के बाद चेयरमैन सुरेश मिश्रा ने कहा कि नगरपालिका की आर्थिक स्थिति लंबे समय से बेहद खराब थी। उन्होंने बताया कि पूर्व सरकार के साथ-साथ वर्तमान सरकार को भी वित्तीय संकट से अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। उनका कहना था कि सीमित संसाधनों के कारण नागरिकों को बेहतर सेवाएं देना संभव नहीं रह गया था, इसलिए उन्होंने इस्तीफा देने का निर्णय लिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई सरकार नगरपालिका की वित्तीय स्थिति को सुधारते हुए बेहतर ढंग से नगर प्रशासन का संचालन करेगी।

## भंग हुई डानकुनी नगरपालिका, चेयरमैन ने दिया इस्तीफा



**हुगली : डानकुनी नगर पालिका की चेयरमैन, वाइस-चेयरमैन और दो अन्य पार्षदों ने पद त्याग कर दिया। बुधवार दोपहर से ही भ्रष्टाचार समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर बीजेपी ने नगर पालिका के चेयरमैन और वाइस-चेयरमैन के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया था। इसके बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया। डानकुनी नगर पालिका की चेयरमैन हसीना शबनम ने दावा किया कि बीजेपी के दबाव में उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि, वाइस-चेयरमैन प्रकाश राहा ने कहा कि उन्होंने स्वेच्छा से इस्तीफा दिया है। बीजेपी ने भी किसी प्रकार के दबाव के आरोप को खारिज कर दिया है। विभिन्न जन मुद्दों को लेकर वाम मोर्चा के प्रतिनिधि चेयरमैन को ज्ञापन देने पहुंचे थे। उसी समय बीजेपी ने नगर पालिका में प्रदर्शन शुरू कर दिया। नागरिक सेवाएं नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया और चेयरमैन के इस्तीफे की मांग की गई। चेयरमैन और वाइस-चेयरमैन को चार घंटे से अधिक समय तक घेराव में रखा गया। इसके बाद चेयरमैन सहित चार लोगों ने इस्तीफा दे दिया। चेयरमैन का कहना है कि राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद से सही तरीके से काम नहीं हो पा रहा था। साथ ही बीजेपी कार्यकर्ता नगर पालिका में आकर हंगामा करते थे और इस्तीफे के लिए दबाव बनाते थे। इसी कारण उन्होंने वाइस-चेयरमैन और दो अन्य पार्षदों के साथ इस्तीफा दिया। वहीं वाइस-चेयरमैन का कहना है, हम नागरिकों को सही सेवा नहीं दे पा रहे थे, इसलिए हमने स्वेच्छा से इस्तीफा दिया। इस घटना के बाद कुल सात तृणमूल कांग्रेस पार्षद इस्तीफा दे चुके हैं। गौरतलब है कि 21 सीटों वाली डानकुनी नगर पालिका के 18 वार्डों में तृणमूल कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। बीजेपी नेता कृष्णेंदु मित्र ने कहा कि चेयरमैन या किसी पर भी कोई दबाव नहीं बनाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका के कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है और उनकी पार्टी ने केवल इन मुद्दों को उठाया है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिका के कार्यों का ऑडिट कराया जाएगा और कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। किसी भी तरह की अनियमितता सामने आने पर उचित कदम उठाया जाएगा।**

## मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मिले डॉ. संजीव गोयनका, बंगाल के औद्योगिक विकास और निवेश पर हुई चर्चा



**कोलकाता, समाज्ञा :** आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप के चेयरमैन डॉ. संजीव गोयनका ने गुरुवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से नवान्न में मुलाकात की। इस दौरान राज्य के विकास, औद्योगिक विस्तार, निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों के सृजन को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। मुख्यमंत्री और डॉ. गोयनका ने राज्य में नए निवेश आकर्षित करने, उद्योगों के विकास और बंगाल की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार और उद्योग जगत के बीच मजबूत साझेदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. संजीव गोयनका ने कहा कि पश्चिम बंगाल के पास प्रतिभाशाली मानव संसाधन, समृद्ध विरासत, बेहतर बुनियादी ढांचा और मजबूत उद्यमशीलता की परंपरा है। इन क्षमताओं के बल पर बंगाल देश के प्रमुख विकास केंद्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और डॉ. संजीव गोयनका ने विकसित बंगाल के साझा विजन पर भी चर्चा की। डॉ. गोयनका ने बताया कि गोयनका परिवार पिछले 220 वर्षों से अधिक समय से बंगाल से गहराई से जुड़ा हुआ है और बदलते आर्थिक दौर में भी राज्य में निवेश, उद्योग निर्माण और रोजगार के अवसर पैदा करने की दिशा में लगातार योगदान देता रहा है। मुलाकात के बाद डॉ. संजीव गोयनका ने मुख्यमंत्री के विकास योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि राज्य के औद्योगिक विकास, निवेश विस्तार और रोजगार सृजन को लेकर चर्चा बेहद सकारात्मक रही। उन्होंने विकसित बंगाल की इस यात्रा में सक्रिय योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई।

## सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज

### प्रशासन ने तीन दिन का अल्टीमेटम दिया

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा के बी गार्डेन स्थित एजेसी बोस थाना क्षेत्र में शिबपुर आईआईएसटी फर्स्ट गेट से बी गार्डेन मेन गेट तक सड़क किनारे सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर दुकानें और व्यवसाय संचालित करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। संबंधित लोगों को तीन दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाकर स्थान खाली करने का नोटिस जारी किया गया है। प्रशासन की ओर से नोटिस देने के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में माइकिंग कर लोगों से निर्धारित समयसीमा के भीतर स्वयं अपने दुकान, अस्थायी ढांचे और अन्य अवैध निर्माण हटाने की अपील की जा रही है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि तय अवधि के बाद भी यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण ध्वस्त किए जाएंगे। प्रशासन की चेतावनी के बाद कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपनी दुकानें और अस्थायी ढांचे हटाने शुरू कर दिए। इलाके से ऐसे कई दृश्य भी सामने आए हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सरकारी जमीन और सड़कों के किनारे किए गए सभी अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ चरणबद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत बी गार्डेन क्षेत्र में यह कार्रवाई की जा रही है।

### केकेआर की को-ऑनर जूही चावला 'क्रिकइक्सेक विमेंस पावर 50' की पहली लिस्ट में टॉप पांच में शामिल

**कोलकाता :** ग्लोबल क्रिकेट इंडस्ट्रीज के समर्पित ट्रेड पब्लिकेशन के लिए क्रिकएक्सईसी ने आज 'विमेंस पावर 50' का अनावरण किया। यह उन 50 सबसे प्रभावशाली महिलाओं की पहली सूची है जो मैदान के बाहर क्रिकेट को बड़ा आकार दे रही हैं। इस लिस्ट में जूही राइसा का नाम भी शामिल है, कोलकाता नाइट राइडर्स की को-ऑनर के तौर पर अहम भूमिका निभाते हुए उन्होंने क्रिकेट में खुद को सबसे शानदार महिलाओं में से एक के तौर पर स्थापित किया है। क्रिकसेक के संस्थापक और प्रकाशक ज़ैदी ने कहा, क्रिकेट की बड़ी तेजी से बदलाव हो रहा है और महिलाएं प्रतिभावान, प्रदर्शन, ब्रॉडकास्टिंग, फ्रेंचाइजी ओनरशिप और ज़ायकेदार नागालैंड की संपत्ति में अपने भविष्य को आकार देने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

## पुरानी दीवार गिरने से बड़ा हादसा, मलबे में दबकर गृहिणी गंभीर रूप से घायल



**हावड़ा, समाज्ञा :** बेलूर के गिरीश रोड स्थित ठाकुरन पोखर इलाके में गुरुवार सुबह एक पुरानी दीवार गिरने से बड़ा हादसा हो गया। दीवार के मलबे में दबकर चक्रवर्ती परिवार की एक गृहिणी गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, चक्रवर्ती परिवार लंबे समय से उक्त दीवार के पास रह रहा है। गुरुवार सुबह गृहिणी घर के बाथरूम में स्नान कर रही थीं, तभी वर्षों पुरानी विशाल दीवार अचानक भरभराकर गिर पड़ी। दीवार गिरने से बाथरूम की छत टूट गई और कंक्रीट का भारी मलबा सीधे उनके ऊपर आ गिरा।

धमाके की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर क्षेत्र के भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर राहत कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर घायल महिला को बाहर निकाला गया।

उन्हें तत्काल स्थानीय जायसवाल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सिर और शरीर पर गंभीर चोटें होने के कारण बेहतर इलाज के लिए कोलकाता के एक अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल, उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और उनका उपचार जारी है।

## बेलिलियस वेलफेयर सोसाइटी ने मनाया अपना 10वां वार्षिक रक्तदान महोत्सव





**हावड़ा, समाज्ञा :** बेलिलियस वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 5 जुलाई को अपने बीडब्ल्यूएस बैंक्वेट हॉल में प्रोजेक्ट लाइफ फोर्स के सहयोग से 10वां वार्षिक रक्तदान महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति राजेंद्र साव, बैजनाथ जायसवाल, हरीश चंद जायसवाल, समाज के अधिपति अनिल राय, प्रोजेक्ट लाइफ फोर्स के संस्थापक सदस्य प्रणब वेदी, धनीश शेट, मनीष मेहता, हावड़ा भारतीय साहू समाज के सचिव शिव शंकर साव, बेलिलियस रोड महिला कल्याण संघ की अध्यक्ष लीला जायसवाल सहित समाजसेवी केशव गुप्ता, राधेश्याम जायसवाल, रमेश जायसवाल, राजेश जायसवाल, रमेश विश्वकर्मा, धर्मेंद्र साव, अजय गुप्ता, ताड़क जायसवाल, सोमनाथ गुप्ता, रमा शंकर जायसवाल, पवन जायसवाल, अमरनाथ जायसवाल, अमर साव एवं विजय जायसवाल उपस्थित रहे।

बेलिलियस वेलफेयर सोसाइटी के सचिव अनिल जायसवाल, राकेश गुप्ता, हेमंत विश्वकर्मा तथा कार्यकारिणी सदस्य सुभाष जायसवाल, सज्जन जायसवाल, वकील गिरी, अमरनाथ जायसवाल, तुषार जायसवाल एवं सप्तऋषि जायसवाल ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य मनोज सिंह, जयप्रकाश जायसवाल, शंभू जायसवाल, विनोद विश्वकर्मा, रितेश जायसवाल, रविशंकर जायसवाल, चंद्रप्रकाश गुप्ता, बीरेन्द्र जायसवाल, शैलेन्द्र विश्वकर्मा एवं राम सजीवन जायसवाल भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में बेलिलियस वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष भोला जायसवाल ने सभी रक्तदाताओं को रक्तदान प्रमाणपत्र एवं स्मृति-उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, रक्तदाताओं एवं संस्था के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से यह रक्तदान महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### कोलकाता में किफायती आवास की मांग बढ़ी, आधार हाउसिंग फाइनेंस लगाएगा पीएमएवाई स्पॉट सेंक्शन कैंप

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के आवासीय रियल एस्टेट बाजार में किफायती घरों की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। 2026 की पहली तिमाही में शहर में आवास बिक्री में सालाना आधार पर 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि 4,043 आवासीय इकाइयों की बिक्री हुई। पहली बार घर खरीदने वालों और मध्यम आय वर्ग के परिवारों को ध्यान में रखते हुए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 10 और 11 जुलाई को कोलकाता, बैरकपुर, हावड़ा और गड़िया सहित कई क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) स्पॉट सेंक्शन कैंप आयोजित करेगा। इन कैंपों में इच्छुक लाभार्थियों को गृह ऋण पात्रता जांच, दस्तावेजी प्रक्रिया, पीएमएवाई योजना की जानकारी और आवेदन में व्यक्तिगत सहायता दी जाएगी। आधार हाउसिंग फाइनेंस के एमडी एवं सीईओ ऋषि आनंद ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य आवास वित्त को लोगों तक पहुंचाना और पहली बार घर खरीदने वालों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाना है। कंपनी के सीओओ अनिल नायर ने कहा कि इन कैंपों के माध्यम से अधिक परिवारों को घर के मालिकाना हक के सपने के करीब लाने का प्रयास किया जा रहा है।

### कोलकाता-मऊ स्पेशल ट्रेन सेवा का विस्तार, सितंबर तक चलेगी ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे ने मऊ-कोलकाता-मऊ स्पेशल ट्रेन सेवा को जारी रखने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग और मौजूदा ठहराव के साथ जुलाई से सितंबर 2026 तक संचालित होगी। ट्रेन संख्या 05096 मऊ-कोलकाता स्पेशल प्रत्येक बुधवार को 22 जुलाई से 23 सितंबर 2026 तक कुल 10 फेरों के लिए चलेगी। यह मऊ से दोपहर 1:20 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 8:50 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 05095 कोलकाता-मऊ स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को 23 जुलाई से 24 सितंबर 2026 तक चलेगी और कोलकाता से दोपहर 1:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 8:40 बजे मऊ पहुंचेगी। दोनों दिशाओं में ट्रेन का ठहराव नैहाटी, बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रहेगा। ट्रेन में सामान्य, स्लीपर और वातानुकूलित श्रेणी के कोच उपलब्ध होंगे।

### श्रावणी मेला के दौरान भागलपुर-कटिहार स्पेशल ट्रेन सेवा बढ़ी, 28 अगस्त तक चलेगी ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने भागलपुर-कटिहार-भागलपुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन (03407/03408) के परिचालन को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। यह स्पेशल ट्रेन अब 28 अगस्त 2026 तक अपने निर्धारित समय और मौजूदा ठहराव के साथ संचालित होगी। इस विशेष सेवा के विस्तार का उद्देश्य यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करना और कांवड़ यात्रियों को सुगम एवं सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना है। यह ट्रेन पवित्र स्थल सुल्तानगंज सहित अन्य धार्मिक स्थानों की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण संपर्क सुविधा प्रदान करती है। ट्रेन संख्या 03407 भागलपुर-कटिहार अनारक्षित स्पेशल प्रतिदिन सुबह 7:00 बजे भागलपुर से रवाना होकर दोपहर 1:00 बजे कटिहार जंक्शन पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 03408 कटिहार-भागलपुर अनारक्षित स्पेशल प्रतिदिन दोपहर 2:10 बजे कटिहार से प्रस्थान कर रात 8:20 बजे भागलपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में अकबरनगर, सुल्तानगंज, कल्याणपुर रोड, बरियारपुर, रतनपुर और मुंगेर स्टेशनों पर निर्धारित ठहराव के साथ चलेगी।

### शेवड़ाफुली में तालाब से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के बैद्यबाटी नगरपालिका के वार्ड 20 स्थित शेवड़ाफुली के चारा बागान (गोलाप बाग) इलाके में गुरुवार को एक तालाब में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने तालाब में शव तैरता हुआ देखा, इसकी सूचना शेवड़ाफुली पुलिस चौकी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए श्रीरामपुर वाल्स अस्पताल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। उसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी भी जांच शुरू कर दी गई है। प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की मौत पानी में डूबने से हुई है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हो सकेगा।

### जुलाई में हावड़ा में अमूल समेत कई बड़ी परियोजनाओं की होगी शुरुआत

**हावड़ा, समाज्ञा :** राज्य में कई बड़े औद्योगिक परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है। जुलाई महीने में हुगली, हावड़ा और बांकुड़ा में हजारों करोड़ रुपये के निवेश वाली परियोजनाओं का शिलान्यास प्रस्तावित है। इनमें सबसे प्रमुख हावड़ा के सांकराइल में अमूल की प्रस्तावित मेगा डेयरी परियोजना है, जिसका शिलान्यास 18 जुलाई को होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और उद्योग मंत्री तापस राय के शामिल होने की संभावना है। करीब 600 से 700 करोड़ रुपये के निवेश से सांकराइल फूड पार्क में अमूल का डेयरी प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया जाएगा। कंपनी का दावा है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा दही उत्पादन संयंत्र होगा। यहां प्रतिदिन लगभग 15 लाख लीटर दूध का प्रसंस्करण किया जाएगा।

## अदालत ने हावड़ा के मंगलहाट के रेहड़ी-पटरीवालों को अंतरिम राहत देने से किया इनकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हावड़ा शहर के एक सदी पुराने मंगलहाट में रेहड़ी-पटरीवालों को पुलिस की उस कार्रवाई से कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया, जिसका मकसद सड़क और फुटपाथ की जगह को खाली रखना है। 'हावड़ा हॉकर्स समिति' ने अपनी याचिका में पुलिस पर जरूरत से अधिक कार्रवाई करने का आरोप लगाया है तथा उच्च न्यायालय से अनुरोध किया है कि वह पुलिस को उन्हें हटाने और उनके कारोबार में दखल देने से रोकने का आदेश दे। समिति के अनुरोध के बावजूद पुलिस कार्रवाई पर रोक का कोई भी अंतरिम आदेश देने से इनकार करते हुए न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने बुधवार को कहा कि रेहड़ी -पटरी वालों की यह समिति सड़क और फुटपाथ रोककर सामान बेचकर अपनी आजीविका कमाने के अधिकार के बारे में अदालत को शुरुआती तौर पर संतुष्ट नहीं कर सकी। उच्च न्यायालय ने कहा कि हलफनामों के आदान-प्रदान के बाद इस मामले पर विचार करने की जरूरत है। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने प्रतिवादी प्रशासन को निर्देश दिया कि वह याचिकाकर्ता के तर्क के विरोध में अगले दो हफ़्तों के भीतर अपने हलफनामे दाखिल करें। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को उससे अगले हफ्ते में उसके जवाब में अपना हलफनामा दाखिल करने की छूट होगी। याचिकाकर्ता के वकील विकास रंजन भट्टाचार्य ने कहा कि हालांकि बाजार में कुछ पाबंदियां लगाई जा सकती हैं, लेकिन 'रेहड़ी-पटरी बिक्री अधिनियम' को देखते हुए रेहड़ी-पटरी वालों को पूरी तरह से हटाया नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि हावड़ा शहर के मध्य जिले में सदी पुराना बाजार हफ्ते में दो बार सड़कों पर लगता है। उन्होंने कहा कि फेरी लगाकर रोज़ी-रोटी कमाना एक बुनियादी अधिकार है। उन्होंने बताया कि हावड़ा नगर निगम के अधिकारियों ने फेरीवालों को हटाने के लिए कोई नोटिस नहीं दिया था। राज्य की ओर से पेश वकील सूर्यनील दास ने कहा कि सड़कों को खुला रखना पुलिस की ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इन रेहड़ी पटरीवालों के बाजार से रास्ते बाधित होते हैं और जाम लगता है।

## पूर्वांचल सेवा संघ का रक्तदान संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्वांचल सेवा संघ के द्वारा विगत 5 जुलाई को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 100 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम मे विधायक विजय ओझा, उद्योग मंत्री तापस राय के संग बहुत सम्मानित अभिभावकों के उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसमें संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार साव, मंत्री विकास जायसवाल, कोषाध्यक्ष शिव शंकर सेठ के संग अनूप गुप्ता, रोहित, शैलेश कुमार जायसवाल, राकेश जायसवाल, सुमित्रा जायसवाल, संरक्षक रमेश जायसवाल, संरक्षक दीपक जायसवाल, संरक्षक मेवालाल जायसवाल, प्रमोद, अनगिनत कार्यकर्ताओं के उपस्थित में सम्पन्न हुआ।

## सम्मेलन प्रतिनिधिमंडल ने विश्वनाथ अग्रवाल से की भेंट, न्यायोचित कार्रवाई एवं व्यापारियों की सुरक्षा की मांग



**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार गोयनका के नेतृत्व में सम्मेलन के एक प्रतिनिधिमंडल ने पोस्ता (बड़ाबाजार), कोलकाता में हाल ही में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के संदर्भ में प्रतिष्ठित व्यापारी एवं व्यापारिक संगठन के पदाधिकारी विश्वनाथ अग्रवाल से उनके कार्यालय पर भेंट कर उनके प्रति अपनी संवेदना एवं एकजुटता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय महामंत्री केदारनाथ गुप्ता, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री पवन बंसल तथा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिल मलावत भी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने अग्रवाल को सम्मेलन की ओर से एक ज्ञापन सौंपते हुए इस घटना की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य प्रशासन एवं जांच एजेंसियों से व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों की सुरक्षा के लिए प्रभावी एवं स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। सम्मेलन ने स्पष्ट किया कि न्याय की मूल भावना यही है कि दोषियों को कठोर दंड मिले तथा किसी भी निर्दोष व्यक्ति को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित न किया जाए। इस अवसर पर सम्मेलन के पदाधिकारियों ने श्री विश्वनाथ अग्रवाल को विश्वास दिलाया कि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन इस कठिन समय में उनके साथ पूर्ण नैतिक एवं सामाजिक एकजुटता के साथ खड़ा है तथा सत्य, न्याय और विधि के शासन में अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त करता है।

## बारुईपुर एनकाउंटर की जांच करेगी सीआईडी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर में नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या मामले के मुख्य आरोपित प्रभास मंडल की पुलिस एनकाउंटर में मौत के मामले की जांच अब सीआइडी करेगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, न्यायिक जांच पहले ही शुरू हो चुकी है। अब नियमों के तहत एनकाउंटर की जांच का जिम्मा राज्य की जांच एजेंसी सीआइडी को सौंपा गया है, क्योंकि इस घटना में बारुईपुर जिला पुलिस शामिल थी और वह स्वयं इसकी जांच नहीं कर सकती। सीआइडी अब यह पता लगाएगी कि मंगलवार की देर रात घटनास्थल के सीन रीक्रिएशन के दौरान वास्तव में क्या हुआ था। जांच में इस बात की भी पड़ताल होगी कि पुलिस को गोली चलाने की नौबत क्यों आई और क्या पूरी कार्रवाई निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एनकाउंटर के मामलों में विभागीय जांच भी अनिवार्य होती है। इसलिए सीआइडी जांच के साथ-साथ विभागीय जांच भी जारी रहेगी।

**❑ बारुईपुर हिंसा में 22 और गिरफ्तार**

बारुईपुर हिंसा मामले में पुलिस ने रातभर अभियान चलाकर 22 और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पर हमला, आगजनी और पीट-पीटकर हत्या के आरोप में की गई इन गिरफ्तारियों के बाद मामले में कुल गिरफ्तार आरोपितों की संख्या 40 हो गई है। इससे पहले बुधवार को 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पहले गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के दौरान कई अन्य लोगों के नाम सामने आए थे। पुलिस का कहना है कि हिंसा में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश भी जारी है।

**❑ परिवार ने नहीं लिया शव, मुख्य आरोपी का किया गया अंतिम संस्कार**

राज्य पुलिस ने गुरुवार को कहा कि बारुईपुर दुष्कर्म एवं हत्या मामले के आरोपी प्रभास मंडल का अंतिम संस्कार कर दिया गया है क्योंकि उसके परिवार का कोई भी सदस्य शव लेने नहीं आया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अंतिम संस्कार सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद किया गया। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद स्थानीय प्रशासन की निगरानी में अंतिम संस्कार किया गया।

## रामायण परंपरा के विद्वानों और कलाकारों को दिया जाएगा 'रामायणी सम्मान'

**वाराणसी:** रामायण रिसर्च काउंसिल भारतीय संस्कृति, अध्यात्म, साहित्य एवं प्रभु श्रीराम के आदर्श-पथ पर चलने वाली विभूतियों को 'रामायणी सम्मान' प्रदान करेगी। एक बयान में यह जानकारी दी गयी। काउंसिल के न्यासी और सेवानिवृत्त आईएएस अफसर डॉक्टर देवदत्त शर्मा ने बृहस्पतिवार को एक बयान में बताया कि यह सम्मान श्रीराम चरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अवसर पर आगामी 18 अगस्त को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय आयोजन के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों में रामायण परंपरा के संरक्षण, संवर्धन, अनुसंधान, साहित्य-सृजन, कथा-वाचन, संगीत, सांस्कृतिक जागरण तथा सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को चिह्नित कर प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाएगा। शर्मा ने बताया कि सम्मान की प्रमुख श्रेणियों में रामायण शोध सम्मान, रामकथा वाचन सम्मान, रामायण साहित्य सम्मान, रामायण संगीत सम्मान, बाल रामायणी सम्मान, राष्ट्रसेवक रामायणी सम्मान तथा श्रीरामपथिक सम्मान सहित रामायण परंपरा के विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान से संबंधित अन्य श्रेणियां सम्मिलित की जाएंगी।

## राजस्थान के झालावाड़ में महिला ने चार बच्चों को जन्म दिया

**जयपुर:** राजस्थान के झालावाड़ में एक महिला ने चार बच्चों को जन्म दिया है जिनमें तीन लड़कियां व एक लड़का है। चिकित्सकों ने बताया कि नवजात फिलहाल चिकित्सकीय निगरानी में हैं। झालावाड़ के सरकारी जनाना अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय बाथोलिया ने संवाददाताओं को बताया कि गर्भवती ज्योति को सांस लेने में दिक्कत होने पर बुधवार को अस्पताल में भर्ती किया गया था। महिला ने ऑपरेशन के जरिये चार बच्चों को जन्म दिया जिनमें तीन लड़कियां व एक लड़का है। उन्होंने बताया कि शिशुओं को नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में रखा गया है। उनकी कुछ जांच करवाई गई हैं और स्वास्थ्य पर निगरानी रखी जा रही है। बाथोलिया ने बताया कि तीन बच्चों को ऑक्सीजन की जरूरत होने पर मशीन पर रखा गया है। प्रसूता के पति अरूण इसी जनाना अस्पताल में कंप्यूटर ऑपरेटर हैं। दंपति के पहले पांच साल का एक बेटा है।

## झारखंड: घरेलू झगड़े के बाद महिला ने दो बेटियों को कुएं में फेंका, दोनों की डूबने से मौत

मेदिनीनगर (झारखंड): झारखंड के पलामू जिले में घरेलू झगड़े के बाद एक महिला ने कथित तौर पर अपनी दो बेटियों को कुएं में फेंक दिया और फिर खुद भी उसमें कूद गई। इस घटना में दोनों बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। घटना बुधवार रात नवाबाजा थाना क्षेत्र के कांडा गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि मरने वाली बच्चियों की उम्र दो और तीन साल थी। विश्रामपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) चिरंजीवी मंडल ने बताया कि शवों को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मंडल ने कहा, 'शुरुआती जांच के मुताबिक, महिला का अपने पति और सास के साथ कुछ मुद्दों को लेकर झगड़ा हुआ था। आपा खोकर उसने घर के पास बने कुएं में अपनी दोनों बेटियों को फेंक दिया और फिर खुद भी उसमें कूद गई।' उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बचाव अभियान शुरू किया। महिला को तो बचा लिया गया लेकिन कुएं से बाहर निकाले जाने तक बच्चियों की मौत हो चुकी थी। अधिकारी ने बताया कि महिला को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## लापता बच्चा मृत मिला, पूछताछ के लिए दादी को हिरासत में लिया गया

**गाजीपुर (उप्र):** गाजीपुर जिले के भांवरकोल क्षेत्र में चार साल के एक लापता बच्चे का क्षत-विक्षत शव बृहस्पतिवार को गांव में ही सड़क के किनारे पाया गया। पुलिस ने इस मामले में बच्चे की दादी को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार सोनकर ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि बच्चे की दादी जयंता का अपने बेटे जामवंत कुशवाहा से विवाद था और बच्चे के लापता होने के दिन से ही वह भी गायब थी। सोनकर ने बताया कि पुलिस ने गांव छोड़कर जाने की कोशिश कर रही जयंता को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू की है। उन्होंने बताया कि भांवरकोल थाना क्षेत्र के गोदी खास गांव के रहने वाले जामवंत कुशवाहा के बेटे सिद्धार्थ का क्षत-विक्षत शव गांव में सड़क किनारे पाया गया।

# सपा और कांग्रेस ने बुंदेलखंड के युवाओं को पकड़ाये 'तमंचे', हमने बदली तस्वीर : आदित्यनाथ

**बांदा (उप्र):** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उनकी सरकारों ने बुंदेलखंड को डकैत और स्थानीय युवाओं को 'तमंचे' पकड़ा दिये थे मगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने मूलभूत ढांचे, रोजगार और डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के जरिये इस पिछड़े इलाके की तस्वीर ही बदल दी है। योगी ने बांदा और बबेरू विधानसभा क्षेत्रों में 710 करोड़ रुपये की लागत वाली 229 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन/शिलान्यास और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र/स्वीकृति पत्र/चेक/आयुष्मान और मुख्यमंत्री कैशलेस मेडिकल कार्ड/चाबियां और टूल किट बांटने के बाद एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने



कहा कि जो बुंदेलखंड कभी पलायन, सूखे और कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति के लिए जाना जाता था, वह भाजपा की 'डबल-इंजन सरकार' के राज में यातायात सम्पर्क, निवेश और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग का केंद्र बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'आज बुंदेलखंड के पास अपना एक्सप्रेस वे है और यहां डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर बन रहा है... लेकिन याद करिये, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोगों ने यहां डकैत दिए थे। नौजवानों को नौकरी तो नहीं दी लेकिन उनके हाथ में तमंचे पकड़ा दिये थे और हमारी सरकार अब बुंदेलखंड को डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर का एक हब बन रही है।'' उन्होंने कहा कि इस कॉरिडोर के माध्यम से सरकार ब्रह्मोस जैसी मिसाइल बनाती है और वह मिसाइल जब दुश्मन पर दागी जाती है तो पाकिस्तान भी 'बाप-बाप' करके चिल्लाता दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि यह भारत का शौर्य है यह भारत का प्रक्रम है भारत के बहादुर जवानों के लिए भारत की विजय का शंखनाद है और बुंदेलखंड उसका केंद्र बिंदु बन रहा है उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर बुंदेलखंड की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस क्षेत्र का पिछड़ापन यहां के युवाओं के पलायन का कारण बना था और पलायन तथा प्यास बुंदेलखंड की पहचान बन गयी थी।

## झारखंड: एक व्यक्ति की हत्या कर शव के टुकड़े-टुकड़े करने वाले दो दोस्त गिरफ्तार

**लोहरदगा:** झारखंड के लोहरदगा जिले में पुलिस ने 22 साल के एक दोस्त की हत्या करने और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को पुलिस को सदर थानाक्षेत्र के ओयना टोंगड़ी में पत्थर की एक बंद खदान में बोरी के अंदर शरीर के कुछ अंग मिले। अधिकारियों के अनुसार वैज्ञानिक और फोरेंसिक सबूतों के आधार पर, पुलिस ने मृतक की पहचान उसी थानाक्षेत्र की न्यू आज़ाद बस्ती के हुसैन अंसारी के रूप में की। लोहरदगा के पुलिस अधीक्षक अनवर रिजवी ने कहा, 'हमने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ़्तार किया है...आरोपियों की पहचान नूर नगर के अरमान खान (22) और मोहम्मद शाहनवाज़ अहमद उर्फ़ राज (25) के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों ने हत्या की बात कबूल कर ली है।'

## न्यूज अपडेट

### कानून के तहत होगा उप्र वक्फ बोर्ड का गठन, शामिल किये जाएंगे दो गैर-मुस्लिम सदस्य : मंत्री अंसारी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू 'वक्फ संशोधन अधिनियम' को लागू करना हर राज्य के लिये अनिवार्य है और उत्तर प्रदेश में भी निर्धारित नियम-कायदों के तहत ही बोर्ड का पुनर्गठन होगा। अंसारी ने संवाददाताओं से बातचीत में मध्य प्रदेश में वक्फ बोर्ड में दो गैर-मुस्लिमों को शामिल किये जाने से जुड़े एक सवाल पर कहा, 'केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार जब वक्फ संशोधन अधिनियम लेकर आयी तो वह पूरे देश में लागू होगा। उस अधिनियम को लागू करना हर राज्य के लिये अनिवार्य है। यकीनी तौर पर आने वाले समय में जब उत्तर प्रदेश में भी ऐसे गठन की प्रक्रिया चलेगी तो वक्फ संशोधन अधिनियम के नियम और कायदों के अनुरूप ही गठन किया जाएगा।' मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने रविवार को राज्य वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन करते हुए इसमें दो हिंदू सदस्यों को शामिल किया। वक्फ (संशोधन) अधिनियम के तहत गठित यह नया बोर्ड देश का पहला राज्य-स्तरीय वक्फ बोर्ड है जिसमें हिंदू सदस्यों को नियुक्त किया गया है।

### गांव में खेल के दौरान क्रिकेट बैट लगने से 12 साल के बच्चे की मौत

भदोही (उप्र): भदोही जिले में एक गांव में खेल के दौरान दूसरे लड़के के हाथ से फिसले क्रिकेट बैट के सिर पर लगने से 12 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पीड़ित के पिता की शिकायत के आधार पर लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि 14 वर्षीय एक लड़के को हिरासत में लिया गया है और अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने बताया कि घटना बुधवार शाम को दुर्गागंज थाना क्षेत्र के भानीपुर गांव में हुई, जहां 10 से 14 साल की उम्र के बच्चे क्रिकेट मैच खेल रहे थे। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा कि पीड़ित उसी गांव का रहने वाला है और वह बल्लेबाज के करीब क्षेत्ररक्षण कर रहा था, तभी 14 वर्षीय एक लड़के ने गेंद को मारने का प्रयास किया, लेकिन बल्ला उसके हाथ से छूट गया और 12 वर्षीय लड़के के सिर पर जा लगा। पुलिस के मुताबिक, घायल लड़के को अन्य बच्चों ने सांत्वना दी, जिसके बाद खेल फिर से शुरू हुआ। थाना प्रभारी ने कहा कि बाद में जब उनकी टीम की बारी आई तो घायल लड़के ने भी बल्लेबाजी की। उन्होंने बताया कि घर लौटने के बाद लड़के ने रात में सिर में तेज दर्द की शिकायत की और बाद में चक्कर आने के बाद गिर गया। कुमार ने कहा कि परिवार लड़के को पड़ोसी प्रयागराज जिले के एक अस्पताल में ले गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। लड़के का परिवार पुणे में रहता है और 10 जुलाई को वहां लौटने वाला था। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## गया-पटना रेलखंड पर चोरों ने 25 हजार वोल्ट की ओएचई तार काटी, रेल परिचालन करीब तीन घंटे बाधित



**पटना:** गया-पटना रेलखंड पर तेहटा और जहानाबाद स्टेशनों के बीच चोरों द्वारा ओवरहेड विद्युतीकरण (ओएचई) की तांबे की तार काटकर चोरी किए जाने की एक घटना में रेल परिचालन करीब तीन घंटे तक प्रभावित रहा। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हालांकि, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है और आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए जांच की जा रही है। पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा, 'बृहस्पतिवार तड़के करीब 3.05 बजे गया-पटना रेलखंड पर तेहटा और जहानाबाद स्टेशनों के बीच चोरों ने 25,000 वोल्ट की ओएचई तार (करीब 100 मीटर) काट ली, जिससे रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। प्रभावित डाउन दिशा की ट्रेनों का परिचालन सिंगल लाइन वर्किंग के तहत कराया गया।' उन्होंने बताया कि रेलवे कर्मचारियों ने क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत की और सुबह 6.26 बजे इसे परिचालन के लिए उपयुक्त घोषित कर दिया। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने कहा, 'आरपीएफ ने चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है और आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के लिए जांच जारी है।'

## अयोध्या राम मंदिर परिसर में काम करने वाले सभी लोगों के 'कॉल रिकॉर्ड' की जांच हो: अखिलेश

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या में राम मंदिर परिसर में काम करने वाले सभी लोगों के 'कॉल डिटेल रिकॉर्ड' (सीडीआर) की जांच किए जाने की मांग करते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि इनमें से '99.9 प्रतिशत' लोगों के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से संबंध पाए जाएंगे। यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा पर चुनावी फायदे को धार्मिक मूल्यों से ऊपर रखने का आरोप लगाया और यह भी दावा किया कि अगर यह जांच हो जाए तो भाजपा में 'भगदड़' मच जाएगी। सपा प्रमुख ने बाद में 'एक्स' पर एक पोस्ट में राम मंदिर ट्रस्ट को भंग करने और इस्तीफा देने वाले इसके पूर्व पदाधिकारियों चंपत राय और अनिल मिश्रा के हस्ताक्षर से पूर्व में किये गये कार्यों की न्यायिक जांच की भी मांग



की। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी की विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) द्वारा जांच किए जाने का मुद्दा 'हर घर में' चर्चा का विषय बन गया है। यादव ने कहा, 'मंदिर परिसर में काम करने वाले सभी लोगों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच होनी चाहिए। जैसे ही सीडीआर की जांच होगी, उनमें से 99.9 प्रतिशत लोग भाजपा के ही निकलेंगे। आप कल्पना भी नहीं कर सकते कि तब भाजपा के भीतर कैसी भगदड़ मचेगी। पार्टी छोड़ने का सिलसिला पहले ही शुरू हो चुका है और कई लोग हमसे संपर्क भी करने लगे हैं।' उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर चुनावी सुविधा के लिए अपनी विचारधारा तक बदल डालने का आरोप लगाते हुए कहा, ''भाजपा वोटों के लिए अपने विचार बदल लेती है। उनके लिए धर्म से ज्यादा पैसा जरूरी है। हमने देखा है कि (अयोध्या में) क्या हुआ है। जिन लोगों ने जिम्मेदारी सौंपी थी, वे कहीं नजर नहीं आ रहे हैं, जबकि जिन्हें जिम्मेदारी दी गई थी, वे सवालों का सामना कर रहे हैं। वे लोग कहां हैं जिन्होंने (राम मंदिर में) जिम्मेदारियां दी थीं?' राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी से जुड़े विवाद का जिक्र करते हुए यादव ने कहा कि इस घटना से दुनियाभर में सनातन धर्म के अनुयायी चिंतित हैं।

## बिहार के पात्र लाभुकों को एक करोड़ नए राशन कार्ड जारी करने में तेजी लाएं : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को अधिकारियों को राज्य के पात्र लाभुकों के लिए एक करोड़ नए राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी और मुख्यमंत्री ने पटना में विभागीय योजनाओं तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के कामकाज की समीक्षा के लिए आयोजित एक व्यापक बैठक की संयुक्त रूप से अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों का 'व्यापक और अद्यतन डेटाबेस' तैयार किया जाए, ताकि पात्र लोगों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से मिल सके। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एक करोड़ नए राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया।' बिहार में वर्तमान में 1.78 करोड़ से अधिक राशन कार्डधारक हैं। बैठक में खाद्य सुरक्षा प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी आधारित बनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई और खाद्यान्न भंडारण प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिए 'स्मार्ट वेयरहाउस' विकसित करने पर बल दिया गया। सीएमओ के बयान के अनुसार, 'सार्थक पीडीएस' मॉडल, उसके विभिन्न मॉड्यूल, तकनीकी ढांचे तथा लागत साझेदारी व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा हुई। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'गरिमा के साथ गरीब कल्याण' के दृष्टिकोण को पूरी प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर उतारना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## राजस्थान के कई इलाकों में अति भारी बारिश की चेतावनी

**जयपुर:** दक्षिण पश्चिम मानसून की सक्रियता से बृहस्पतिवार को राजस्थान में कई जगह अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई। मौसम विभाग के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। राज्य के कुछ भागों में आगामी कुछ दिन मानसून सक्रिय रहने व 11 जुलाई से बारिश की गतिविधियों में गिरावट होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, बृहस्पतिवार को राज्य के कोटा, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मध्यम से भारी व कहीं-कहीं अति भारी बारिश हो सकती है। शेष अधिकतर भागों में भी मध्यम से कहीं-कहीं तेज बारिश होने की संभावना है। वहीं, 10 जुलाई को केवल भरतपुर संभाग व आसपास के जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश जारी रहने तथा बाकी हिस्सों में भारी बारिश की गतिविधियों में कमी होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 11 जुलाई से आगामी एक सप्ताह राज्य के ज्यादातर भागों में बारिश की गतिविधियों में कमी होगी। केवल उत्तरी व पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने व शेष अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः



शुष्क रहने का अनुमान है। इस बीच, बृहस्पतिवार सुबह तक, बीते चौबीस घंटे में राज्य में बारिश का दौर जारी रहा और कई जगह भारी बारिश हुई। चित्तौड़गढ़ के बड़ेसर व निंबाहेड़ा तथा भरतपुर के बयाना में नौ-नौ सेंटीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा दौसा, बारां, भीलवाड़ा व अजमेर जिले में अनेक जगह तीन से छह सेंटीमीटर बारिश हुई। बृहस्पतिवार सुबह से शाम तक झुंझुनूं के पिलानी में 10 मिलीमीटर और जालोर में 0.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। वहीं, इस दौरान श्रीगंगानगर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद जैसलमेर में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

## उप्र: इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उम्रकैद की सजा में छूट देने पर गंभीर चिंता व्यक्त की

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे दोषी को सजा में छूट दिए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उम्रकैद की सजा काट रहे दोषी को केवल पांच वर्ष, 10 माह और 18 दिन बाद रिहा कर दिया गया था। न्यायमूर्ति अजय भनोट और न्यायमूर्ति दिवेश चंद्र सामंत की पीठ ने तीन जुलाई को दिये आदेश में उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव (गृह) को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर यह बताने का निर्देश दिया कि किन मानकों और आधारों पर इस तरह की सजा में छूट दी गई। कानपुर नगर निवासी शैलेंद्र सिंह की ओर से दायर आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश जारी किया। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि मुख्य आरोपी जयदेव सिंह को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के तहत दोषी ठहराया गया था और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। हालांकि, वकील ने कहा कि इस गंभीर अपराध के बावजूद उसे केवल पांच वर्ष, 10 माह और 18 दिन बाद रिहा कर दिया गया। अदालत ने इस दलील पर गंभीरता से विचार करते हुए कहा, प्रथम दृष्टया यह स्थिति काफी चिंताजनक प्रतीत होती है कि गंभीर अपराध में दोषी ठहराए गए और आजीवन कारावास की सजा पाए व्यक्ति को केवल साढ़े पांच साल की सजा काटने के बाद सजा में छूट दे दी गई। अदालत ने गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वह दोषी जयदेव सिंह को इस याचिका में सह-प्रतिवादी बनाए। अदालत ने दोषी को नोटिस जारी करने का भी निर्देश दिया।

## दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में गैंडों की संख्या बढ़कर 53 हुई

लखीमपुर खीरी: दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में इस वर्ष गैंडों की नवीनतम गणना से पता चला है कि उनकी संख्या बढ़कर 53 हो गई है, जिसमें पांच गैंडों की वृद्धि दर्ज की गई है। दुधवा बाघ अभयारण्य (डीटीआर) के अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल दुधवा में गैंडों की संख्या 51 पाई गई थी, जिनमें से तीन गैंडों की अलग-अलग कारणों से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वार्षिक अभ्यास के लिए गैंडों की गिनती के लिए 'टोटल हेड काउंट' पद्धति अपनाई जाती है। डीटीआर के उप निदेशक जगदीश आर के अनुसार, 2025 की जनगणना में 51 गैंडे दर्ज किए गए थे। हालांकि, नयी गिनती



शुरू होने से पहले तीन गैंडे मर गए, जिससे शुरुआती संख्या घटकर 48 रह गई। उप निदेशक ने कहा, 'पांच गैंडों की वृद्धि बेहद उत्साहजनक है।' उप निदेशक जगदीश ने कहा कि वर्तमान जनसंख्या में 17 नर और 25 मादा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दुधवा में गैंडा पुनर्वास कार्यक्रम एक प्रमुख संरक्षण मील का पत्थर है। उन्होंने बताया कि एक सदी से भी अधिक समय तक इस क्षेत्र में विलुप्त होने के बाद गैंडों को यहां फिर से लाया गया था। डीटीआर अधिकारियों ने कहा कि यह परियोजना 1984 में असम और नेपाल से लाए गए केवल सात गैंडों के साथ शुरू हुई थी और समय के साथ उनकी आबादी में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई।

## पश्चिम चंपारण में अतिक्रमण हटाने के अभियान के दौरान वन विभाग की टीम का घेराव, जेसीबी में लगाई आग

बेतिया: बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में बृहस्पतिवार को अतिक्रमण हटाने के अभियान के दौरान ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम का घेराव किया तथा एक जेसीबी मशीन में आग लगा दी और दूसरी जेसीबी को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना जिले के वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले थरही गांव में हुई। वाल्मीकिनगर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''सुबह करीब 7:45 बजे स्थानीय रेंजर से सूचना मिली कि ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम का घेराव कर लिया है। इसके बाद डायल-112 की टीम, स्थानीय गश्त दल और पुलिस उपाधीक्षक समेत वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान भी वहां पहुंचे।'' उन्होंने कहा, ''हंगामे के दौरान कुछ अज्ञात लोगों ने गन्ने के खेत में खड़ी एक जेसीबी मशीन में कथित तौर पर आग लगा दी, जबकि दूसरी जेसीबी के शीशे तोड़ दिए।'' थाना प्रभारी ने बताया कि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और अब तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है।

## बिहार के गया में ट्रक से टकराकर कार में लगी आग, दो लोगों की जलकर मौत



**पटना:** बिहार के गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार के तड़के एक कार के ट्रक से टकराने के बाद उसमें आग लग गई, जिससे दो अज्ञात लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हादसा रात करीब एक बजे पटना-डोभी राजमार्ग पर अमर बिगहा गांव के पास हुआ। बोधगया थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'ट्रक सड़क पर मुड़ रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही कार ट्रक के ईंधन टैंक से टकरा गई, जिसके बाद उसमें आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कार में सवार दो लोगों के शव पूरी तरह जल गए और उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया।' उन्होंने बताया कि शव इतने बुरी तरह झुलस गए हैं कि पुलिस अभी मृतकों के लिंग की भी पुष्टि नहीं कर पाई है। सिंह ने बताया कि कार में सवार तीसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर इलाज के लिए पटना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा, 'घायल व्यक्ति वैशाली जिले का रहने वाला है। उसके परिजन अस्पताल पहुंच चुके हैं। हालांकि मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। कार पर झारखंड का पंजीकरण नंबर था।' थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

**मिर्जापुर (उप्र):** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने राम मंदिर कथित चढ़ावा चोरी मामले में भाजपा पर निशाना साध रहे विपक्ष पर पलटवार करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि जनता अयोध्या में राम भक्तों पर गोलियां चलवाने वालों की असलियत जानती है। चौधरी ने राम मंदिर में दान की कथित चोरी की घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने मिर्जापुर के अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान संवाददाताओं से कहा कि केंद्र और राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही हैं कि मामले की गहन जांच हो। चौधरी ने कहा, 'हम इसे बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना मानते हैं और इससे बहुत दुखी हैं। जो भी इसमें शामिल पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।'



उन्होंने चढ़ावा चोरी मामले को लेकर भाजपा की लगातार आलोचना कर रहे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा, 'राहुल गांधी या अखिलेश यादव क्या कहते हैं, यह उनकी बात है। जिन्होंने कभी भगवान राम की परवाह नहीं की और जिनके शासनकाल में राम भक्तों पर गोलियां चलाई गईं, वे अब भगवान राम की बात कर रहे हैं। देश की जनता उन्हें अच्छी तरह समझती है।' इस मामले में राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) की जांच पर सवाल उठाए जाने के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'वे तो चुनाव आयोग और अदालतों पर भी सवाल उठाते हैं। एसआईटी की जांच चल रही है और इसमें (चढ़ावा चोरी मामले में) शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।' इससे पहले, चौधरी ने विंध्याचल में विंध्यवासिनी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस सवाल पर कि भाजपा ने राम मंदिर के निर्माण का श्रेय लिया था तो क्या उसे मंदिर में हुई चोरी की जिम्मेदारी भी नहीं लेनी चाहिए, चौधरी ने कहा कि मंदिर के निर्माण के बाद एक ट्रस्ट का गठन किया गया था और वही इसके कामकाज की देखरेख के लिए जिम्मेदार है।

# उप्र के कुछ हिस्सों में भारी से बेहद भारी बारिश की संभावना, पांच लोगों की मौत

**लखनऊ:** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया, जिसमें राज्य भर में मानसून की गतिविधि तेज होने के कारण अगले 24 घंटों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया गया। वहीं, बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि संत कबीर नगर जिले के अलग-अलग गांवों में बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि कुशीनगर में बिजली गिरने से 14 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बुलंदशहर में भारी बारिश के बाद खुर्जा के मुंडाखेड़ा गांव में अस्थायी तंबू पर दीवार गिर जाने से दो लोगों की मौत



हो गई और चार अन्य घायल हो गए। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र-लखनऊ के अनुसार, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल और बदायूं समेत जिलों में बहुत भारी से अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है, जबकि पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश के कई अन्य जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा का अनुमान लगाया गया है। मौसम कार्यालय ने कहा कि 11 जुलाई तक राज्य भर में व्यापक वर्षा होने की उम्मीद है, अगले दो से तीन दिनों में तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। राज्य की राजधानी लखनऊ में बृहस्पतिवार सुबह 8:30 बजे से शाम 5:30 बजे के बीच 27.2 मिलीमीटर बारिश हुई जबकि अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.9 डिग्री कम है और न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक है। सापेक्ष आर्द्रता 94 प्रतिशत तक पहुंच गई और शहर में अगले 24 घंटों में रुक-रुक कर बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। आईएमडी ने लखनऊ और आसपास के इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी दी है।

## वायनाड में भूस्खलन में मृतक संख्या बढ़कर छह हुई

**वायनाड (केरल):** केरल के वायनाड में भूस्खलन में बृहस्पतिवार को आपदा स्थल से तीन और शव मिलने के साथ ही मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। जिले के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जो तीन शव बरामद किए गए हैं उनकी पहचान प्रवासी श्रमिकों के तौर पर हुई है जिनमें उत्तर प्रदेश से सर्वेक्षणकर्ता अजहरुद्दीन अंसारी, हिमाचल प्रदेश के रहने वाले इंजीनियर राहुल शर्मा और बिहार निवासी खुदाई करने वाली मशीन (एक्सकेवेटर) के ऑपरेटर मोहम्मद इमरान शामिल हैं। इससे पूर्व, केरल के मंत्री ए.पी. अनिल कुमार और टी. सिद्दिक ने पत्रकारों को बताया था कि वायनाड भूस्खलन में आपदा स्थल से एक शव सुबह जोन एक से बरामद किया गया जहां तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, जबकि अन्य शव नदी से बरामद किए गए। अनिल कुमार ने कहा, 'इलाके के जोन एक और दो में तलाशी अभियान चलाया जाएगा। नदी के पास भी तलाशी अभियान पर ध्यान दिया जाएगा।'

## पर्यावरण मंत्री ने केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की 46वीं बैठक की अध्यक्षता की

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बृहस्पतिवार को तमिलनाडु के कोयंबटूर में केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) की 46वीं बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने इस दौरान प्राधिकरण का 'न्यूजलेटर' जारी किया, जिसमें भारत के चिड़ियाघरों में संरक्षण प्रजनन, वन्यजीव स्वास्थ्य, वैज्ञानिक प्रबंधन और क्षमता विकास के क्षेत्र में हुई प्रमुख उपलब्धियों के बारे में बताया गया। बैठक में चिड़ियाघरों के आधुनिकीकरण, नए चिड़ियाघर की स्थापना, आगंतुकों को बेहतर जानकारी देने, वैज्ञानिक योजना और बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े प्रस्तावों की भी समीक्षा की गई। एक अधिकारी ने बताया, भारत के चिड़ियाघरों में संरक्षण, शिक्षा और शोध के प्रमुख केंद्र बनाए रखने के उद्देश्य से यह बैठक की गई।

## आगरा में साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़; 100 जगहों पर छापेमारी के बाद 60 लोग हिरासत में

**आगरा (उप्र):** देश के 13 राज्यों से प्राप्त शिकायतों के संबंध में पुलिस ने बृहस्पतिवार को आगरा में लगभग 100 स्थानों पर एक साथ छापेमारी करने के बाद एक बड़े साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का खुलासा करने का दावा किया। छापेमारी के दौरान 60 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) आदित्य ने कहा कि विभिन्न राज्यों से प्राप्त साइबर धोखाधड़ी से संबंधित 178 शिकायतों के बाद यह अभियान शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि शहर के 13 पुलिस थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की गई और 60 लोगों को हिरासत में लिया गया। अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि नेटवर्क ने कथित तौर पर ऑनलाइन गेमिंग धोखाधड़ी और एटीएम कार्ड स्वैपिंग के माध्यम से पीड़ितों से लगभग 50 करोड़ रुपये की ठगी की है। पुलिस ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है और विस्तृत जांच जारी है।

## हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में भूस्खलन और बाढ़, 100 फुट लंबा लोहे का पुल पानी में डूबा

**शिमला/रामपुर:** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में बृहस्पतिवार को भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से तीन मकान, एक गौशाला और कुछ बाग क्षतिग्रस्त हो गए। जबकि नदी का जलस्तर बढ़ने से 100 फुट लंबा लोहे का पुल पानी में डूब गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, कुप्पा क्षेत्र में पुराने हिंदुस्तान-तिब्बत मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग-5) पर मालिंग नाला के पास भूस्खलन हुआ, जिससे तीन मकान, एक गौशाला और कुछ बाग क्षतिग्रस्त हो गए। बड़े-बड़े पत्थर सड़क पर गिरने से कुछ घंटों तक मार्ग भी बाधित रहा। सांगला के तहसीलदार हरदयाल सिंह ने बताया कि एहतियात के तौर पर प्रभावित 13 लोगों को जीरा फार्म में सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल कुप्पा क्षेत्र में स्थिति सामान्य है। अधिकारियों ने बताया कि 100 फुट लंबे लोहे के पुल के पानी में डूब जाने से लिप्पा गांव का किन्नौर जिले के अन्य क्षेत्रों से संपर्क कट गया है। उन्होंने बताया कि लिप्पा पंचायत क्षेत्र में पेजर नाला का अचानक जलस्तर बढ़ने से टेटी खड्ड का प्रवाह बाधित हो गया। इसके चलते लोहे का पुल पूरी तरह पानी में डूब गया और अब उस पर आवागमन सुरक्षित नहीं है।

# सीमा सुरक्षा को अभेद्य बनाने की दिशा में बढ़ रहा भारत, स्मार्ट बॉर्डर बनेगा दुनिया का सबसे आधुनिक मॉडल : अमित शाह

**नई दिल्ली में भूमि सीमा जिलों के पुलिस अधीक्षकों के सम्मेलन-2026 को किया संबोधित, घुसपैठ, नशा तस्करी और ड्रोन खतरों पर सख्ती का ऐलान**




**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित भूमि सीमा जिलों के पुलिस अधीक्षकों के सम्मेलन-2026 को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार सीमा सुरक्षा को आधुनिक और अभेद्य बनाने के लिए व्यापक रणनीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में 'स्मार्ट बॉर्डर' की परिकल्पना पर आधारित भारत की सीमा सुरक्षा प्रणाली दुनिया की सबसे आधुनिक व्यवस्था बनेगी। सम्मेलन में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, बंदी संजय कुमार, गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो के निदेशक, सीमा राज्यों के पुलिस महानिदेशक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार सीमा सुरक्षा बलों, राज्य व जिला प्रशासन, केंद्र सरकार के संबंधित विभागों और सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों को जोड़कर चतुर्भुज सुरक्षा ग्रिड तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित सीमा, समृद्ध सीमावर्ती क्षेत्र और सतर्क समाज मिलकर ही देश को सुरक्षित बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आतंकवाद व उग्रवाद पर प्रभावी नियंत्रण हासिल किया है। अगले तीन वर्षों में मादक पदार्थों के कारोबार पर भी निर्णायक प्रहार किया जाएगा तथा देश को घुसपैठ मुक्त बनाने के लिए मजबूत व्यवस्था विकसित की जा रही है।गृह मंत्री ने बताया कि भारत-म्यांमार सीमा पर 1,610 किलोमीटर लंबी बाड़ लगाने का कार्य 31,000 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है।

# भारत व अफगानिस्तान ने महत्वपूर्ण बैठक में आपसी संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की



**नयी दिल्ली:** भारत और अफगानिस्तान ने बृहस्पतिवार को यहां हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में मानवीय सहायता, विकास साझेदारी, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, व्यापार, वीजा और संपर्क व्यवस्था जैसे क्षेत्रों में सहयोग सहित आपसी संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। भारत-अफगानिस्तान संयुक्त समिति के चौथे दौर की बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (पीएआई) एम. आनंद प्रकाश और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रथम राजनीतिक विभाग के महानिदेशक शुएब बरयालई ने की। विदेश मंत्रालय में पीएआई विभाग का अर्थ पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान संबंधी विभाग है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया, दोनों पक्षों ने आपसी संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की, जिसमें मानवीय सहायता, विकास साझेदारी, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, क्षमता निर्माण, शिक्षा, खेल, व्यापार, वीजा और संपर्क व्यवस्था जैसे क्षेत्रों में सहयोग शामिल है। भारतीय पक्ष ने अफगान लोगों के कल्याण और विकास से जुड़ी जरूरतों का समर्थन जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बयान में बताया गया कि अफगान पक्ष ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत से लगातार मिल रहे समर्थन और सहयोग की सराहना की।

# सभी स्कूल 'गुड टच और बैड टच' सत्र आयोजित करेंगे: रेखा गुप्ता



**नयी दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि पॉक्सो जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को शिक्षित करने के लिए सभी स्कूलों में 'गुड टच और बैड टच' (अच्छी मंशा से छूना और खराब मंशा से छूना ) सत्र आयोजित किए जाएंगे। गुप्ता ने कहा, दिल्ली का पॉक्सो जागरूकता माह सिर्फ एक जागरूकता अभियान से कहीं बढ़कर है। इस जुलाई, दिल्ली का हर स्कूल 'गुड टच और बैड टच' जागरूकता सत्र आयोजित करेगा, अनिवार्य बाल सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करेगा और 15 दिनों के भीतर अनुपालन रिपोर्ट सौंपेगा। गुप्ता ने एक बयान में कहा कि माता-पिता, शिक्षकों, दिल्ली पुलिस, जिलाधिकारियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से यह बाल संरक्षण के लिए पूरे शहर में चलाया जाने वाला एक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि महीने भर चलने वाले अभियान का उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों में बाल सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना और यह सुनिश्चित करना है कि सुरक्षा उपाय स्कूली प्रणालियों का एक स्थायी हिस्सा बनें। इस पहल के तहत जुलाई के अंत तक दिल्ली के सभी 5,633 स्कूलों में बाल संरक्षण समितियां गठित की जाएंगी। शिक्षकों और स्कूल के कर्मचारियों को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

# ब्रिक्स देशों ने महिला मंत्रियों की बैठक में पहला संयुक्त बयान अपनाया: केंद्रीय मंत्री



**कोच्चि:** महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बृहस्पतिवार को कहा कि ब्रिक्स देशों ने पहली बार महिला मंत्रियों की बैठक में सर्वसम्मति से एक संयुक्त बयान अपनाया है। इस बयान में महिलाओं के लिए डिजिटल समावेशन और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने तथा सर्वोत्तम तौर-तरीकों को साझा करने के मामले में सहयोग करने पर सहमति व्यक्ति की गयी है। यहां ब्रिक्स के सदस्य देशों के महिला विभागों के मंत्रियों की बैठक के समापन के बाद देवी ने पत्रकारों से कहा कि भारत की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में ब्रिक्स के सभी सदस्य देशों के मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा,' भारत में आयोजित यह चौथी बैठक थी। यह पहली बार था जब पूरी सहमति के साथ एक संयुक्त बयान जारी और स्वीकार किया गया। इसके साथ ही, सभी ब्रिक्स देशों ने 'महिलाओं के नेतृत्व में विकास' के दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सर्वसम्मति से दोहराया।' मंत्री ने कहा कि सदस्य देश दो अहम लक्ष्यों पर भी सहमत हुए महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए बेहतरीन तौर-तरीके साझा करना तथा कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं के डिजिटल समावेशन और क्षमता निर्माण पर मिलकर काम करना। उन्होंने कहा, 'संयुक्त बयान को बहुत ही सकारात्मक माहौल में अंतिम रूप दिया गया। कोच्चि में हुई बैठकों के दौरान सभी ने भारत की अध्यक्षता की बहुत तारीफ की।' उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग के लिए केरल सरकार का धन्यवाद किया। ब्रिक्स के 11 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों की दो दिवसीय बैठक बृहस्पतिवार को संपन्न हुई। ब्रिक्स में आरंभ में ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे लेकिन 2024 में इसका विस्तार हुआ और इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब एवं संयुक्त अरब भी शामिल हो गए। वर्ष 2025 में इंडोनेशिया भी इस समूह में शामिल हो गया।

# हिमाचल सरकार सांसद निधि जारी नहीं कर रही: कंगना रनौत



**शिमला:** मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस के नेतृत्व वाली हिमाचल प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि उसने कुल्लू और मंडी जिलों के विकास के लिए आवंटित सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना(एमपीएलएडीएस) की राशि जारी नहीं की है। कंगना ने यह बात कुल्लू जिले के चंसारी गांव के दौरे के दौरान कही। यहां उन्होंने 'मैट्रिक्स सोसाइटी फॉर सोशल सर्विसेज और एनएचपीसी लिमिटेड' के सहयोग से संचालित मोबाइल मेडिकल वैन आधारित प्राथमिक एवं निवारक स्वास्थ्य सेवा का उद्घाटन किया। लोगों को संबोधित करते हुए कंगना ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए लगातार धन उपलब्ध करा रही है, लेकिन राज्य की कांग्रेस सरकार इस तथ्य को खुले तौर पर नकार रही है। उन्होंने कहा, 'जिस तरह पश्चिम बंगाल से भ्रष्ट सरकार को सत्ता से बाहर किया गया, उसी तरह कांग्रेस पार्टी भी जल्द ही हिमाचल प्रदेश से समाप्त हो जाएगी। इसके बाद केंद्र और राज्य, दोनों जगह भाजपा की सरकार होने पर बड़े विकास कार्यों को मंजूरी मिलेगी और जनकल्याणकारी योजनाएं फिर से शुरू की जा सकेंगी।'

## एसआईआर का तीसरा चरण: चार प्रदेशों में मसौदा मतदाता सूची से 22 लाख नाम बाहर

**नयी दिल्ली:** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण के तहत चार प्रदेशों की मसौदा मतदाता सूची से करीब 22 लाख मतदाताओं के नाम बाहर हो गए हैं। पिछले कुछ दिनों में मिजोरम, ओडिशा, मणिपुर और सिक्किम के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक किए गए आंकड़ों के अनुसार, इन चारों राज्यों के कुल मतदाताओं की संख्या में लगभग 22 लाख की कमी आई है। इन राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने से पहले कुल 3.68 करोड़ मतदाता थे, जो अब घटकर 3.46 करोड़ रह गए हैं। सबसे अधिक 20.11 लाख नाम ओडिशा में मतदाता सूची से हटाए गए हैं। हालांकि, जिन लोगों के नाम मसौदा मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, उन्हें इस वर्ष बाद में प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने का अवसर मिलेगा। मिजोरम, ओडिशा, मणिपुर और सिक्किम उन 16 राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों में शामिल हैं, जहां चरणबद्ध कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण किया जा रहा है। बीते 14 मई को एसआईआर के तीसरे चरण की शुरुआत के समय इन 16 राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों में कुल मतदाताओं की संख्या 36.73 करोड़ थी। बिहार में एसआईआर प्रक्रिया की तैयारी के दौरान निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने दावा किया था कि आयोग के जमीनी स्तर के कर्मियों को राज्य में बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार के कई नागरिक मिले हैं।

## सीबीआई ने महादेव सट्टेबाजी एप मामले में छह आरोपपत्र दाखिल किए

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 6,000 करोड़ रुपये के महादेव सट्टेबाजी एप और इससे जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में छह आरोपपत्र दाखिल किए हैं जिसमें कथित मास्टरमाइंड और एप के संस्थापक सौरभ चंद्राकर, सह-संस्थापक रवि उप्पल समेत कई अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार के यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, ये आरोपपत्र ऐसे समय में दाखिल किए गए हैं जब भारत ओमान से चंद्राकर के प्रत्यर्पण के प्रयास कर रहा है। चंद्राकर को पिछले महीने की शुरुआत में ओमान में हिरासत में लिया गया था। अधिकारियों ने कहा कि बुधवार को सीबीआई ने 66 आरोपियों के खिलाफ पांच आरोपपत्र दाखिल किए जिनमें चंद्राकर, उप्पल और सेट्टबाजी सिंडिकेट के वे सदस्य शामिल हैं, जिनके जरिए अपराध से अर्जित धन को कथित रूप से आगे पहुंचाया गया।

# अमरनाथ यात्रा के लिए 8,150 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना

**जम्मू:** जम्मू कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए बृहस्पतिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच 8,150 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था जम्मू में भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही दो जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से कुल 52,816 तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना हो चुके हैं। बृहस्पतिवार को रवाना हुए श्रद्धालुओं के जत्थे में 6,095 पुरुष, 2,037 महिलाएं, 15 बच्चे और तीन ट्रांसजेंडर व्यक्ति शामिल हैं। श्रद्धालु दो समूहों में रवाना हुए। 3,445 श्रद्धालु 168 वाहनों में बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुए जबकि 4,705 श्रद्धालु 166 वाहनों में पारंपरिक पहलगाम मार्ग की दिशा में आगे बढ़े। जम्मू कश्मीर पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के कर्मियों ने उन्हें सुरक्षा प्रदान की। इस अब तक 1.45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में भगवान शिव के हिमलिंगम के दर्शन किए हैं। अमरनाथ की 57 दिनों की यह यात्रा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के त्योहार पर संपन्न होगी।

### अमरनाथ तीर्थयात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी जम्मू-कश्मीर में पर्यटन के लिए अच्छा संकेत: सिन्हा

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस वर्ष अब तक अमरनाथ यात्रा में पिछले साल की तुलना में अधिक श्रद्धालु पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या केंद्रशासित प्रदेश में पर्यटन के लिए भी सकारात्मक संकेत है। उपराज्यपाल ने अधिकारियों को फर्जी पंजीकरण में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। सिन्हा ने श्रीनगर के पंथा चौक स्थित यात्रा 'ट्रांजिट कैंप' और यात्री निवास का दौरा कर वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और श्रद्धालुओं से बातचीत कर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि भगवान शिव के प्रत्येक श्रद्धालु को चौबीसों घंटे आवश्यक सहायता और देखभाल उपलब्ध हो।

# उत्तराखंड के सात जिलों में बहुत भारी बारिश का 'रेड अलर्ट' जारी, चार जिलों में स्कूल बंद रहे



**देहरादून:** उत्तराखंड के अधिकतर क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों से लगातार हो रही बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया और पर्वतीय इलाकों में भूस्खलन के कारण सौ से अधिक मार्ग अवरूद्ध हो गए। वहीं, मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को देहरादून सहित सात जिलों में बहुत भारी वर्षा का 'रेड अलर्ट' तथा शेष जिलों में 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए प्रशासन को सतर्क रहने और एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि बारिश के कारण देहरादून समेत चार जिलों में कक्षा एक से 12वीं तक के स्कूल बंद रहे। उत्तराखंड में गढ़वाल और कुमांउ दोनों क्षेत्रों में कई स्थानों पर पिछले 24 घंटों के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश दर्ज की गयी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान काशीपुर में 206 मिलीमीटर, जसपुर में 190 मिलीमीटर, लक्सर में 180 मिलीमीटर, कोटद्वार में 160 मिलीमीटर, हरिद्वार में 132.9 मिलीमीटर, रुड़की में 126.2

## राम मंदिर चढ़ावा 'चोरी' मामले के बाद शिवकुमार का मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश

**बेलगावी (कर्नाटक):** कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने पूरे राज्य में हिंदू धार्मिक संस्थान एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग से जुड़े सभी प्रमुख मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का बृहस्पतिवार को अधिकारियों को निर्देश दिया। यह निर्देश अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे में कथित गड़बड़ी के आरोपों के मद्देनजर जारी किया गया है। शिवकुमार ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे चौबीसों घंटे चालू रहने चाहिए और मंदिर परिसर के सभी हिस्सों को कवर करें, जिनमें चढ़ावे की राशि एकत्र करने और उसकी गिनती किए जाने वाले स्थान भी शामिल हों। शिवकुमार ने कहा, ''राम मंदिर में हाल में जो घटनाक्रम सामने आया है, वह हम सभी के लिए अपमानजनक है। आप सभी ने श्रद्धा से मंदिर के लिए ईंटें, धन, सोना और चांदी दान किए हैं। लेकिन वहां हुई बड़ी चोरी मानसिक रूप से आहत करने वाली है। धर्म के नाम पर वहां जो कुछ हुआ, उसकी सभी को जानकारी है।'' उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि एहतियात के तौर पर राज्य के हिंदू धार्मिक संस्थान एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग से जुड़े सभी मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला किया गया है।

# सूरत में बारिश के कारण अब तक 17 लोगों की मौत, बाढ़ से निपटने के लिए 500 करोड़ रुपये मंजूर



**सूरत:** गुजरात के सूरत जिले में पिछले कुछ दिन में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 17 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान 3,600 से ज्यादा लोगों को बचाया गया और 4,300 से अधिक लोगों को शहर के निचले इलाकों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने हालात की समीक्षा के लिए बैठक की और सूरत में बार-बार आने वाली बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए 500 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। निचले इलाकों में संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाला पानी अब धीरे-धीरे कम हो रहा है और स्थिति सामान्य हो रही है। सूरत के आपदा विभाग के उप मामलतदार साजिद मेरुजे ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, अब तक 11 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इनमें तीन की मौत ग्रामीण क्षेत्रों में और आठ की शहर में हुई है। इसके अलावा, आज शहर में छह और शव मिले हैं। उनकी पहचान और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह समाप्त हुए 24 घंटे में सूरत में 358 मिलीमीटर बारिश हुई थी। उन्होंने कहा कि इससे शहर में बाढ़ जैसे हालात बन गए थे। अधिकारियों ने कहा कि हालांकि इसके बाद बारिश से राहत मिली और बृहस्पतिवार सुबह तक शहर में केवल एक मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने भारी बारिश से पैदा हुई बाढ़ की स्थिति की समीक्षा के लिए सूरत के अलथान स्थित एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र में उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी और केंद्रीय मंत्री सी. आर. पाटिल के साथ बैठक की।

# ऑस्ट्रेलिया लौटाएगा भारत से जुड़ी तीन प्राचीन कलाकृतियां



**मेलबर्न:** ऑस्ट्रेलिया, तमिलनाडु से जुड़ी तीन प्राचीन कलाकृतियां भारत को लौटाएगा। इनमें नंदी की पत्थर की मूर्ति भी शामिल है। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के उनके समकक्ष एंथनी अल्बनीज ने इन सांस्कृतिक धरोहरों को स्वेच्छा से भारत को लौटाए जाने का स्वागत किया। तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में एक दिन पहले मेलबर्न पहुंचे मोदी ने बृहस्पतिवार को यहां प्रधानमंत्री अल्बनीज की मेजबानी में आयोजित तीसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया सालाना शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। दोनों नेताओं ने आमने-सामने बातचीत की और उसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। उन्होंने भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के छह साल सफलतापूर्वक पूरे होने का स्वागत किया। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि ''ऑस्ट्रेलिया की सरकार भारत के साथ सांस्कृतिक सहयोग को और गहरा कर रही है, ताकि हमारे मजबूत रिश्तों और लोगों के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत किया जा सके।' एक बयान में कहा गया कि ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीज ने ऑस्ट्रेलिया की नेशनल गैलरी और न्यू साउथ वेल्स की आर्ट गैलरी के संग्रह में रखी भारत की सांस्कृतिक महत्व की कई धरोहरों को स्वेच्छा से लौटाने की घोषणा की। 'ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत बनाना' शीर्षक वाले बयान में कहा गया, 'इन सांस्कृतिक धरोहरों की स्वैच्छिक वापसी सांस्कृतिक विरासत के नैतिक संग्रहण और संग्रहों के सर्वोत्तम प्रबंधन के प्रति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी भूमिका निभाने की ऑस्ट्रेलिया की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।' भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्षिक शिखर सम्मेलन के बाद जारी विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया कि मोदी और अल्बनीज ने दोनों देशों के बीच बढ़ते सांस्कृतिक आदान-प्रदान का उल्लेख किया, जो आपसी समझ को और गहरा बना रहा है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के विभिन्न संस्थानों में संरक्षित भारत की कई सांस्कृतिक धरोहरों को स्वेच्छा से भारत लौटाए जाने का भी स्वागत किया।

# तेजी से बदलती दुनिया में विज्ञान को नीति का मार्गदर्शन करना चाहिए: उपराष्ट्रपति




**भुवनेश्वर:** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने बृहस्पतिवार को कहा कि विज्ञान को न केवल ज्ञान पैदा करना चाहिए, बल्कि नीति-निर्माण में मार्गदर्शन भी करना चाहिए और निरंतरता सुनिश्चित करनी चाहिए, क्योंकि आज की दुनिया अभूतपूर्व अवसरों एवं जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है। भुवनेश्वर स्थित राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईएसईआर) के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज दुनिया के सामने अभूतपूर्व अवसर और जटिल चुनौतियां हैं, जिनमें जलवायु परिवर्तन, नयी बीमारियां और कृत्रिम मेधा (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग और उन्नत सामग्री के क्षेत्र में तेज़ी से हो रही प्रगति शामिल है। उन्होंने कहा, 'ऐसी स्थिति में, विज्ञान को न केवल ज्ञान पैदा करना चाहिए बल्कि नीति का मार्गदर्शन भी करना चाहिए और निरंतरता सुनिश्चित करनी चाहिए।' राधाकृष्णन ने कहा, 'भारत जैसे देश के लिए, जिसके पास जनसांख्यिकीय शक्ति और विकास की बड़ी आकांक्षाएं हैं, वैज्ञानिक क्षमता कोई विकल्प नहीं बल्कि 'विकसित भारत 2047' के विजन को हासिल करने की बुनियाद है।' उन्होंने स्नातक होने वाले छात्रों से आग्रह किया कि वे जिज्ञासा की भावना को बनाए रखें, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा का पालन करें, चुनौतियों को स्वीकार करें तथा अपने ज्ञान का उपयोग समाज की भलाई के लिए करें।

### विश्व कप फाइनल के हाफटाइम शो में मैडोना, शकीरा, बीटीएस समेत जस्टिन बीबर शामिल होंगे

**न्यूयॉर्क :** जस्टिन बीबर, मैडोना, शकीरा और बीटीएस जैसे स्टार विश्व कप के हाफटाइम शो में प्रस्तुति देंगे। फीफा ने इसकी घोषणा की है। कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन द्वारा तैयार किया गया 11 मिनट का हाफटाइम कार्यक्रम 19 जुलाई को फाइनल मुकाबले के दौरान न्यूयार्क में आयोजित किया जाएगा। यह शो 'फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड' को समर्थन देगा, जो बच्चों को शिक्षा और फुटबॉल तक पहुंच दिलाने के लिए 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटा रहा है। बीबर ने एक बयान में कहा, फीफा विश्व कप जिस तरह पूरी दुनिया को एक साथ जोड़ता है, वैसा कोई और आयोजन नहीं कर सकता। मैं इस हाफटाइम शो का हिस्सा बनकर आभारी हूं और यह जानकर और भी ज्यादा खुशी हो रही है कि इससे पहले से ही दुनिया भर के बच्चों को शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिल रही है।

### मैक्सिको इंग्लैंड मैच ने दर्शक संख्या में अमेरिका में बनाया रिकॉर्ड

**न्यूयॉर्क :** फॉक्स नेटवर्क के अनुसार विश्व कप के राउंड 16 में इंग्लैंड और मैक्सिको के बीच मुकाबला अमेरिकी टीम के बिना खेला गया ऐसा विश्व कप मैच बन गया है, जिसे अमेरिका में अंग्रेजी प्रसारण के माध्यम से सबसे अधिक दर्शकों ने देखा। नेटवर्क ने बुधवार को बताया कि रविवार रात मैक्सिको सिटी में औसतन 2.17 करोड़ (21.7 मिलियन) से अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। इससे 2022 में अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच खेले गए फाइनल का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया जिसे 1.67 करोड़ (16.7 मिलियन) दर्शकों ने देखा था। फॉक्स ने बताया कि रात सवा दस बजे से साढ़े दस बजे के बीच दर्शकों की संख्या 2.57 करोड़ (25.7 मिलियन) से अधिक पहुंच गई। इसके बावजूद अगले दिन खेला गया अमेरिका–बेल्जियम मुकाबला अब भी तीन करोड़ (30 मिलियन) दर्शकों के साथ सबसे अधिक देखा गया विश्व कप मैच बना हुआ है।

# विश्व कप क्वार्टर फाइनल: पहली बार ब्राजील और जर्मनी में से कोई नहीं, यूरोप की छह टीम



**नयी दिल्ली :** 48 टीमों वाले फीफा विश्व कप के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि क्वार्टर फाइनल में न तो ब्राजील पहुंचा और न ही जर्मनी। अंतिम–16 में नॉर्वे से हारकर ब्राजील बाहर हो गया, जबकि जर्मनी को अंतिम–32 में पराग्वे ने उलटफेर का शिकार बनाया। अब आठ टीमें 19 जुलाई को होने वाले फाइनल में जगह बनाने के लिए क्वार्टर फाइनल में मुकाबला करेंगी।अंतिम आठ में पहुंची टीमों में अर्जेंटीना, फ्रांस, इंग्लैंड और स्पेन पूर्व विश्व चैंपियन हैं, जबकि बेल्जियम, मोरक्को, स्विट्जरलैंड और नॉर्वे पहली बार या लंबे अंतराल के बाद इतिहास रचने की कोशिश में हैं। स्विट्जरलैंड 1954 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है, जबकि नॉर्वे पहली बार अंतिम–16 से आगे निकला है। ऐसे में 2010 में स्पेन के बाद पहली बार नया विश्व चैंपियन मिलने की संभावना भी बनी हुई है।इस बार क्वार्टर फाइनल में यूरोप का दबदबा देखने को मिल रहा है। आठ में से छह टीमें यूरोप की हैं, जबकि दक्षिण अमेरिका से केवल अर्जेंटीना और अफ्रीका से मोरक्को ने जगह बनाई है। मोरक्को लगातार दो विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम बन गया है।खिताब की प्रबल दावेदार फ्रांस ने अब तक अपने सभी पांचों मैच निर्धारित 90 मिनट में जीते हैं। वहीं अर्जेंटीना ने भी सभी मुकाबले जीते, हालांकि अंतिम–32 में उसे अतिरिक्त समय तक खेलना पड़ा। स्पेन का प्रदर्शन सबसे प्रभावशाली रहा है। टीम ने अब तक एक भी गोल नहीं खाया है और गोलकीपर उनाई सिमोन ने लगातार 600 मिनट से अधिक समय तक क्लीन शीट रखकर नया रिकॉर्ड बनाया है।

### विश्व कप फाइनल के हाफटाइम शो में मैडोना, शकीरा, बीटीएस समेत जस्टिन बीबर शामिल होंगे

**न्यूयॉर्क :** जस्टिन बीबर, मैडोना, शकीरा और बीटीएस जैसे स्टार विश्व कप के हाफटाइम शो में प्रस्तुति देंगे। फीफा ने इसकी घोषणा की है। कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन द्वारा तैयार किया गया 11 मिनट का हाफटाइम कार्यक्रम 19 जुलाई को फाइनल मुकाबले के दौरान न्यूयार्क में आयोजित किया जाएगा। यह शो 'फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड' को समर्थन देगा, जो बच्चों को शिक्षा और फुटबॉल तक पहुंच दिलाने के लिए 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटा रहा है। बीबर ने एक बयान में कहा, फीफा विश्व कप जिस तरह पूरी दुनिया को एक साथ जोड़ता है, वैसा कोई और आयोजन नहीं कर सकता।

## कैरोलिना मुचोवा ने कोको गॉफ को हराकर विंबलडन फाइनल में जगह बनाई



**लंदन :** कैरोलिना मुचोवा ने बृहस्पतिवार को यहां सेमीफाइनल में रोमांचक टाईब्रेकर में कोको गॉफ का विंबलडन का सफर खत्म करते हुए महिला एकल फाइनल में जगह बनाई। मुचोवा ने 6–2, 1–6, 7–6 से जीत हासिल की और पिछले छह वर्षों में ग्रासकोर्ट ग्रैंडस्लैम के खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली चेक गणराज्य की चौथी महिला खिलाड़ी बनीं। मुचोवा ने कहा, ''यह एक बहुत बड़ी लड़ाई थी। यह उतार–चढ़ाव भरा सफर था।'' गॉफ ने टाईब्रेकर में एक मैच प्वाइंट गंवा दिया जब उन्होंने जबरदस्त पहली सर्विस के बाद फोरहैंड शॉट नेट में मार दिया। इसके बाद मुचोवा ने पहला मैच प्वाइंट बनाया लेकिन वह इसे गंवा बैठीं क्योंकि वह घास पर फिसल गईं और गॉफ का शॉट उनके पास से निकल गया। लेकिन मुचोवा ने जल्द ही एक और मैच प्वाइंट बनाया और कोर्ट के कोनों में कई शॉट खेले। गॉफ ने कई शॉट बचाए लेकिन फिर उनका फोरहैंड शॉट नेट में उलझ गया और मुचोवा ने हैरानी में अपने हाथों से चेहरा ढक लिया।

## श्रीलंका अंडर-19 ने भारत अंडर-19 को एक विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से जीती

**हम्बनटोटा :** वीके विनीत की शानदार 131 रनों की पारी के बावजूद श्रीलंका अंडर–19 टीम ने बृहस्पतिवार को यहां तीसरे और अंतिम युवा एकदिवसीय मैच में भारत अंडर–19 का आखिरी गेंद पर एक विकेट से हराकर श्रृंखला 3–1 से अपने नाम कर ली। भारत ने पहला मैच चार विकेट से जीता था जबकि घरेलू टीम ने दूसरे मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज की थी। दोनों टीमें अब 13 से 16 जुलाई तक गॉल में पहला युवा टेस्ट खेलेंगी। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर भारत ने आठ विकेट पर 290 रन बनाए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए विनीत ने 136 गेंद में 131 रन की शानदार पारी खेली जबकि लक्ष्य रायचंदानी ने 63 गेंद में 61 रन का योगदान दिया। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 19.3 ओवर में 108 रन जोड़े और टीम को 300 रन के स्कोर के करीब पहुंचाया। विनीत ने अपनी पारी के दौरान 13 चौके और तीन छक्के लगाए जबकि रायचंदानी ने सात चौके जड़े। श्रीलंका के लिए सेथमिका सेनेविरत्ने ने 10 ओवर में 41 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि गिम्हान मेंडिस ने दो विकेट लिए। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका का स्कोर 12वें ओवर में तीन विकेट पर 52 रन हो गया था लेकिन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सेनूजा वेकुनागोडा ने एक छोर संभाले रखा और 59 गेंद में 10 चौके और एक छक्के से 67 रन की पारी खेली। शाविन विनोद (41 रन पर तीन विकेट) ने 27वें ओवर में वेकुनागोडा को आउट किया जिसके बाद चमिका हीनातिगाला (68 गेंद में नाबाद 84 रन) ने श्रीलंका को 291 रन के लक्ष्य तक पहुंचाया।

## ब्रूक और सॉल्ट के तूफानी अर्धशतक से इंग्लैंड ने भारत को हराकर श्रृंखला में विजयी बढ़त बनाई




**ब्रिस्टल :** कप्तान हैरी ब्रूक और फिल सॉल्ट की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर इंग्लैंड ने चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारत को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3–0 की अजेय बढ़त बना ली। इसके साथ ही इंग्लैंड ने पहली बार भारत के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला जीतने का इतिहास रच दिया।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने कप्तान श्रेयस अय्यर की नाबाद 80 रन की शानदार पारी की बदौलत सात विकेट पर 158 रन बनाए। अय्यर ने 49 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के लगाए तथा शिवम दुबे (22) के साथ चौथे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। हालांकि उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर और जोश टंग ने दो–दो विकेट लिए।159 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और जोस बटलर आठ रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद हैरी ब्रूक और फिल सॉल्ट ने भारतीय गेंदबाजों पर पूरी तरह दबदबा बना लिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 146 रन की नाबाद साझेदारी कर टीम को केवल 13.5 ओवर में जीत दिला दी।ब्रूक ने महज 35 गेंदों में आठ चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 79 रन बनाए, जबकि सॉल्ट ने 42 गेंदों में नौ चौकों और एक छक्के के साथ नाबाद 59 रन की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया।भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने एकमात्र विकेट हासिल किया। इस हार के साथ भारत की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही विभागों की कमजोरियां एक बार फिर उजागर हुईं। कप्तान श्रेयस अय्यर की जुझारू पारी भी टीम को हार से नहीं बचा सकी, जबकि इंग्लैंड ने हर विभाग में शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रृंखला अपने नाम कर ली।

### विश्व कप की नाकामी को भुलाकर लॉर्ड्स टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**लंदन :** टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय महिला टीम शुक्रवार से यहां पहले टेस्ट में लॉर्ड्स पर इंग्लैंड का सामना करेगी तो उसका इरादा इस नाकामी से उबरने का होगा। टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद भारत को टेस्ट मैच के लिये तैयारी का अधिक समय मिल गया। यह मैच 'क्रिकेट का घर' कहे जाने वाले लॉर्ड्स पर पहले पुरूष टेस्ट के 142 साल बाद होगा। भारतीय टीम ने इससे पहले मार्च में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट खेला था। भारतीय टीम वोर्मस्ले क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास कर रही है। मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि लॉर्ड्स पर पहली बार खेलने को लेकर टीम काफी उत्साहित है। उन्होंने कहा, ''यह लॉर्ड्स पर हमारा पहला टेस्ट है और मैं खुशकिस्मत हूं कि यह मौका मिला। मैं इस टेस्ट से जुड़े सभी लोगों को शुभकामना देता हूं। यह बड़ा मौका है और हम इसे लेकर उत्सुक हैं।''

## 2028 ओलंपिक के लिए चयन और क्वालीफिकेशन नीति 15 जुलाई तक जारी करें: खेल मंत्रालय का निर्देश

**नयी दिल्ली :** अगले दशक में भारत को खेलों की दुनिया में एक बड़ी ताकत बनाने के मकसद से खेल मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को ओलंपिक खेलों से जुड़े सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को निर्देश दिया कि वे 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए अपने क्वालीफिकेशन और चयन मानदंड को 15 जुलाई तक अंतिम रूप देकर सार्वजनिक करें। मंत्रालय ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य खिलाड़ियों की चयन की प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है, ताकि ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन का तरीका, चयन मानदंड और पूरी चयन प्रक्रिया पहले से स्पष्ट हो तथा सभी हितधारकों को समय रहते जानकारी मिल सके। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, ''ओलंपिक, पैरालंपिक, एशियाई खेल, पैरा एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल जैसे बड़े टूर्नामेंट के लिए चयन नीति और मानदंड संबंधित एनएसएफ की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रतियोगिता शुरू होने से कम–से–कम दो वर्ष पहले अपलोड किए जाने चाहिए।'' मंत्रालय ने यह भी निर्देश दिया कि सभी राष्ट्रीय खेल महासंघ चयन और क्वालीफिकेशन नीति अपनी संबद्ध राज्य इकाईयों तथा भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के साथ भी साझा करें। लॉस एंजिलिस ओलंपिक का आयोजन 14 से 30 जुलाई 2028 तक होगा। मंत्रालय ने कहा, ''संबंधित अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघों ने पहले ही लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन के नियम जारी कर दिए हैं। इसलिए सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघों को निर्देश दिया गया है कि वे खिलाड़ियों के चयन की पूरी प्रक्रिया, पात्रता मानदंड और चयन प्रणाली को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर तत्काल और हर हाल में 15 जुलाई 2026 तक प्रकाशित करें।'' इसके अलावा मंत्रालय ने कहा, ''महासंघों को यह जानकारी अपने सभी मान्यता प्राप्त राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के खेल संघों तक भी पहुंचाने के लिए कहा गया है।''



### कमजोर मांग से सोने में 350 रुपये की गिरावट, चांदी 7,800 रुपये टूटी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत में लगातार चौथे दिन गिरावट देखी गई और यह 350 रुपये घटकर 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। रुपये की मजबूती और स्थानीय मांग में सुस्ती का असर इस कीमती धातु पर पड़ा। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले सत्र में 1,48,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में भी गिरावट जारी रही और यह बुधवार के 2,39,800 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद भाव से 7,800 रुपये घटकर 2,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। विदेशी बाजारों में बढ़त के बावजूद कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट आई। कारोबारियों ने इस कमजोरी का कारण डॉलर के मुकाबले रुपये की मजबूती को बताया, जिससे आयातित सर्राफा की लागत कम हो गई।

### ट्राई ने 'ट्रूकॉलर' जैसे कॉल प्रबंधन ऐप पर कार्रवाई के लिए मेइटी से मांगी मंजूरी

**नयी दिल्ली :** दूरसंचार नियामक ट्राई ने स्पैम और धोखाधड़ी वाली कॉल पर प्रभावी कार्रवाई के लिए 'ट्रूकॉलर' जैसे कॉल प्रबंधन ऐप की गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) से मंजूरी मांगी है। मामले से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने पहले ही अवांछित और फर्जी कॉल पर अंकुश लगाने के लिए नियमों का मसौदा जारी किया है। इसमें कॉल पहचान और प्रबंधन ऐप को नियमन के दायरे में लाने का प्रस्ताव रखा गया है। हालांकि, ट्रूकॉलर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ऋषित झुंझुनवाला ने इस कदम का विरोध किया है। एक सूत्र ने कहा, ट्राई ने स्पैम और धोखाधड़ी वाली कॉल के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए कॉल प्रबंधन ऐप के संचालन को नियंत्रित करने को मेइटी से मंजूरी मांगी है। इस संबंध में दूरसंचार विभाग के साथ भी चर्चा हुई है।

# मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के कारोबारियों को भारत के 'बेजोड़' विकास अवसरों का लाभ उठाने का दिया न्योता




**मेलबर्न :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रस्तावित भारत–ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) को जल्द अंतिम रूप दिए जाने की बृहस्पतिवार को वकालत करते हुए कहा कि इससे द्विपक्षीय आर्थिक संबंध ''नई ऊंचाई'' पर पहुंचेंगे। व्यापार मंच को संबोधित करते हुए मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों को भारत में निवेश के लिए भी आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि भारत विमानन, वित्तीय सेवाओं, महत्वपूर्ण खनिज, प्रौद्योगिकी और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में वृद्धि के लिए ''बेजोड़ अवसर'' प्रदान करता है। प्रधानमंत्री तीन दिवसीय यात्रा पर बुधवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। उनकी इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य रक्षा, ऊर्जा और व्यापार संबंधों को मजबूत करना है। मोदी ने मेलबर्न में 'ऑस्ट्रेलिया–इंडिया सीईओ फोरम' और 'इकोनॉमिक रोडमैप बिजनेस' कार्यक्रम को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के साथ संयुक्त रूप से संबोधित किया। दोनों कार्यक्रमों में कारोबार जगत के दिग्गजों, ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख सुपरएन्युएशन फंड और संस्थागत निवेशकों के प्रतिनिधियों तथा ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने भाग लिया। मोदी ने ऑस्ट्रेलियनसुपर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पॉल श्रोडर द्वारा कंपनी की ओर से भारत में 50 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर के निवेश की घोषणा का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा, '' यह भारत की वृद्धि तथा सुधारों की दिशा में वैश्विक विश्वास की एक और झलक है। यह हमारी गतिशील अर्थव्यवस्था द्वारा वैश्विक निवेशकों को उपलब्ध कराए जा रहे अपार अवसरों को भी दर्शाता है।'' कंपनी के अनुसार, ऑस्ट्रेलियनसुपर ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा 'सुपर फंड' है और यह 36 लाख से अधिक लोगों की सेवानिवृत्ति बचत के रूप में 41,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की परिसंपत्तियों का प्रबंधन करता है। अपने संबोधन में मोदी ने वर्ष 2022 में आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (ईसीटीए) पर हस्ताक्षर होने के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश में हुई वृद्धि पर संतोष व्यक्त किया। व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए मोदी ने प्रस्तावित व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) को जल्द अंतिम रूप देने का आह्वान किया। दोनों पक्ष पारस्परिक रूप से लाभकारी सीईसीए की दिशा में काम कर रहे हैं। सीईओ फोरम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, नीतिगत सुधार, डिजिटल बदलाव और बढ़ रहा नवाचार परिवेश ऑस्ट्रेलियाई साझेदारों के लिए नए कारोबारी अवसर उत्पन्न कर रहे हैं।

## मेटा के 'म्यूज' एआई टूल की कानूनी पहलुओं पर होगी जांच: आईटी सचिव

**नयी दिल्ली :** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा के नए कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित इमेज जनरेटर टूल 'म्यूज इमेज' का मौजूदा कानूनी ढांचे के तहत आकलन करेगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मंत्रालय को प्राप्त होने वाले सुझावों और अन्य प्रतिक्रियाओं की भी जांच की जाएगी। कृष्णन की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब मेटा के सबसे उन्नत एआई चित्र निर्माण उपकरण और सुपरइंटेलिजेंस लैब्स द्वारा विकसित पहले मीडिया निर्माण मॉडल 'म्यूज इमेज' को लेकर डेटा गोपनीयता, इमेज स्क्रैपिंग और उपयोगकर्ताओं की सहमति जैसे मुद्दों पर आलोचना और चिंता जताई जा रही है। इमेज–स्क्रैपिंग का मतलब ऑनलाइन मंचों से तस्वीरों को उपयोगकर्ता की स्पष्ट अनुमति के बगैर स्वचालित रूप से इकट्ठा करने से है। 'सीआईआई जीसीसी बिजनेस समिट' से इतर कृष्णन ने कहा, हमें यह देखना होगा कि यह मौजूदा कानूनी ढांचे के अनुरूप है या नहीं। इस मामले में हमें जो शिकायतें, सुझाव और अन्य प्रतिक्रियाएं मिलेंगी, उनकी समीक्षा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मेटा के इस नए फीचर को लेकर उपयोगकर्ताओं में काफी चर्चा है। इस फीचर के तहत लोग केवल एक साधारण 'प्रॉम्प्ट' (कमांड) में किसी का यूजरनेम टैग करके, उसके सार्वजनिक (पब्लिक) इंस्टाग्राम खाते से तस्वीरें लेकर एआई आधारित नई छवियां बना सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि चूंकि यह फीचर सार्वजनिक खातों के लिए अपने आप (बाय डिफॉल्ट) चालू रहता है, इसलिए यह सहमति, गोपनीयता और इमेज–स्क्रैपिंग पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## स्थानीय शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 238 अंक चढ़ा

**मुंबई :** विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से पिछले कारोबारी सत्र में आई भारी गिरावट के बाद स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स तथा निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 238.22 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,741.82 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 823.05 अंक यानी 1.07 प्रतिशत चढ़कर 77,326.65 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 80.75 अंक यानी 0.34 प्रतिशत बढ़कर 23,962.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 24,134.70 अंक के उच्च स्तर तक पहुंचा, लेकिन कारोबार के अंतिम घंटे में इसने अपनी कुछ बढ़त गंवा दी। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच लगातार दूसरे दिन भी हमले होने से बाजार में सतर्कता का माहौल बना रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से सन फार्मा का शेयर सबसे अधिक 2.7 प्रतिशत और भारती एयरटेल का 2.15 प्रतिशत चढ़ा। इनके अलावा बजाज फिनसर्व, इंटरग्लोब एविएशन, इटर्नल और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर सबसे अधिक बढ़त में रहे। वहीं, इन्फोसिस का शेयर सबसे अधिक 1.8 प्रतिशत की गिरावट में रहा। मारुति, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान में रहे। चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल–जून तिमाही के परिणाम की घोषणा के बाद टीसीएस के शेयर में 0.52 प्रतिशत की गिरावट आई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजारों में वैश्विक संकेतकों के समर्थन से मध्यम स्तर की वापसी देखने को मिली, हालांकि पिछले कारोबारी सत्र में बिकवाली की वजह बने भू–राजनीतिक घटनाक्रमों पर निवेशकों की नजर बनी रही।''

# जीसीसी की मेजबानी में रणनीतिक नेतृत्वकर्ता बनने का लक्ष्य रखता है भारत: सीतारमण




**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत बहुराष्ट्रीय कंपनियों के वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) की मेजबानी में रणनीतिक नेतृत्वकर्ता बनने और दुनिया की ज्ञान अर्थव्यवस्था के लिए अपरिहार्य बनने की आकांक्षा रखता है। 'सीआईआई जीसीसी बिजनेस समिट 2026' को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा कि वर्ष 2024 में जहां भारत में हर सप्ताह एक नया जीसीसी स्थापित हो रहा था, वहीं अब औसतन हर दिन एक नया केंद्र जुड़ रहा है। इसके साथ ही भारत दुनिया के आधे से अधिक जीसीसी का मेजबान बन चुका है। उन्होंने कहा कि भारत का जीसीसी परिवेश अब उस स्तर पर पहुंच गया है, जहां केवल संख्या और विस्तार सफलता का पैमाना नहीं रह गया है। अब ध्यान इस बात पर है कि देश से वैश्विक कंपनियां अगली पीढ़ी के उत्पाद, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियां और कारोबारी रणनीतियां विकसित कर सकें। वित्त मंत्री ने कहा, हमारा लक्ष्य केवल दुनिया के क्षमता केंद्रों की मेजबानी करना नहीं है, बल्कि अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और भविष्य के उद्यमों को आकार देना है। यही वह बदलाव है, जिसके जरिये भारत क्षमता से नेतृत्व की ओर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत की जीसीसी यात्रा केवल एक सफल क्षेत्र की कहानी नहीं है, बल्कि यह देश को वैश्विक ज्ञान अर्थव्यवस्था के लिए अनिवार्य बनाने और दीर्घकालिक आर्थिक मजबूती हासिल करने से जुड़ी है। सीतारमण ने कहा कि भारत में वर्तमान में 2,100 से अधिक जीसीसी हैं, जिनमें 23 लाख पेशेवर सीधे तौर पर कार्यरत हैं और इनसे करीब 1,000 अरब डॉलर का वार्षिक राजस्व प्राप्त हो रहा है।

### हाइड्रोजन है परिवहन उद्योग का भविष्य, देश में 10 मार्गों पर परीक्षण जारी: गडकरी

**हैदराबाद :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि हाइड्रोजन, परिवहन उद्योग का भविष्य है और इसके ईंधन के रूप में उपयोग के लिए देश में 10 मार्गों पर परीक्षण किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि ये परीक्षण ग्रेटर नोएडा–दिल्ली–आगरा, भुवनेश्वर–कोणार्क–पुरी, अहमदाबाद–वडोदरा–सूरत, साहिबाबाद–फरीदाबाद–दिल्ली, पुणे–मुंबई, जमशेदपुर–कलिंगानगर, तिरुवनंतपुरम–कोच्चि, कोच्चि–एडापल्ली, जामनगर–अहमदाबाद और राष्ट्रीय राजमार्ग–16 पर विशाखापत्तनम–बैयावरम मार्गों पर जारी हैं। वह यहां 'प्रवास 5.0' और भारत प्रवास अवार्ड्स' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, ''हमारा मंत्रालय हाइड्रोजन परीक्षण के लिए 10 मार्गों पर एक पायलट (प्रायोगिक) परियोजना पर काम कर रहा है। मुझे यकीन है कि परिवहन उद्योग का भविष्य हाइड्रोजन है और भविष्य का ईंधन भी हाइड्रोजन ही है तथा हम इसी दिशा में काम कर रहे हैं।''

### एफएसएसएआई ने शराब कंपनियों को उम्र से जुड़े गुमराह करने वाले दावों के लिए नोटिस जारी किया

**नयी दिल्ली :** खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने शराब बनाने वाली कंपनियों को बिना इजाजत 'फ्लेवर' मिलाने और उम्र से जुड़े दावों का पालन न करने पर नोटिस जारी किया है। यह नोटिस 'खाद्य सुरक्षा एवं मानक (अल्कोहलिक बेवरेजेज) नियमन, 2018' के नियमों का उल्लंघन करने के लिए जारी किया गया है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने पाया है कि कंपनियां फ्लेवर मिलाने पर लगी रोक, उम्र से जुड़े गुमराह करने वाले दावों और ब्लेंड की समयावधि बताने से जुड़े नियमों का पालन नहीं कर रही थीं। एफएसएसएआई ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''संबंधित कंपनियों को नियमों का पालन करने और यह बताने के लिए कहा गया है कि एफएसएस कानून, 2006 और उसके तहत बने नियमों के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए।'' नियामक के अनुसार, कुछ कंपनियां ऐसे फ्लेवर मिला रही हैं जो उत्पाद के नैसर्गिक स्वाद और खुशबू जैसे लगते हैं (जैसे रम, ब्रांडी, जिन, माल्ट/ग्रेन व्हिस्की, वाइन और बीयर में)। इसने कहा, ''यह सीधे तौर पर उस नियम का उल्लंघन है जिसमें कहा गया है कि इन उत्पादों में सिर्फ उनका असली, प्राकृतिक स्वाद और खुशबू होनी चाहिए।''

### पीएम धन-धान्य कृषि योजना के तहत 100 जिलों में हिमाचल के बिलासपुर को 17वां स्थान मिला

**बिलासपुर (हिप्र) :** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले को 'प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना' के तहत चुने गए देश के 100 जिलों में 17वां स्थान मिला है। उपायुक्त राहुल कुमार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों को बधाई देते हुए कुमार ने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि वे सालाना लक्ष्य तय करें और योजना के तहत हर साल कम से कम 10 प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करें। इस योजना का मकसद चुने गए जिलों में फसल की पैदावार बढ़ाना है। उपायुक्त (डीसी) ने विभागीय उपलब्धियों की नियमित समीक्षा, समय पर लक्ष्य हासिल करने और बेहतर नतीजे पाने पर भी खास ज़ोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि विभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाने और योजनाओं को तेज़ी से लागू करने के लिए हर महीने की चार तारीख को समीक्षा बैठक की जाएगी।

वर्ष 11, पूर्णांक 3648 अंक 114 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता–700 015 से मुद्रित।
सम्पादक– **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता–700 006, विज्ञापन एवं प्रसार–9874555256/7044444522, ई–मेल news@samagya.in